सुप्रभात
रांची, गुरुवार
02.11.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net कार्तिक, कृष्ण पक्ष, पंचमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 111


06 हमास का पक्ष लेता भारतीय विपक्ष !




## न्यूज डायरी

### एनसीपी ने सरकार से समर्थन वापस लिया



रांची। राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने हेमंत सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है। इसकी घोषणा बुधवार को एनसीपी के राज्य में एकमात्र विधायक (हुसैनाबाद) कमलेश कुमार सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस में की।

### मोदी ने दी ग्वालियर के निवासियों को बधाई

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के रचनात्मक शहरों के नेटवर्क में भारत के दो शहरों–ग्वालियर एवं कोझिकोड के शामिल होने पर निवासियों को बुधवार को बधाई दी।

### श्रद्धा, उत्साह के साथ मनाया गया करवाचौथ

नयी दिल्ली। पति–पत्नी के बीच श्रद्धा, प्रेम और समर्पण का त्योहार करवाचौथ बुधवार को देश के विभिन्न हिस्सों में उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान बाजारों और मंदिरों में विशेष गहमागहमी देखी गयी और सुहागनों ने पति की दीर्घायु की कामना के लिए निर्जला उपवास रखा।

### बारूदी सुरंग विस्फोट में तीन जवान घायल

पुंछ। जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास बारूदी सुंरग में विस्फोट हो जाने से सेना के तीन जवान घायल हो गये। बताया जाता है कि जवान मेंढर सेक्टर में फगवारी गली इलाके में गश्त कर रहे तभी बारूदी सुरंग सक्रिय हो गयी। घायलों की पहचान वाई श्री रामुल्लू, विमल राज और वीर भारप्पा के रूप में की गयी है।

### नरेश गोयल की 538 करोड़ की संपत्ति जब्त

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को कहा कि कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल, उनके परिजनों और कंपनियों की लंदन, दुबई और भारत में करीब 538 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क हुई हैं। संपत्तियों में 17 फ्लैट, बंगले और वाणिज्यिक परिसर शामिल हैं।

### जामा में एएसआइ घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

दुमका। सूबे में भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। संथाल परगना में धनबाद एसीबी ने जामा थाना में पदस्थापित एएसआई गोपाल प्रसाद साह को 5000 रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




भारत ने समुद्र में दिखायी आत्मनिर्भरता की प्रतिबद्धता

# ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण

- ध्वनि की गति से तीन गुना तेजी से लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया
- मिसाइल ने मिशन के सभी उद्देश्य हासिल किये

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय नौसेना ने पूर्वी बेड़े के एक विध्वंसक युद्धपोत से बुधवार को बंगाल की खाड़ी में ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण किया। समुद्र से समुद्र में वार करने वाले संस्करण की मिसाइल ने निर्धारित लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया। मिसाइल ने मिशन के सभी उद्देश्य हासिल करके समुद्र में भारत की आत्मनिर्भरता का परिचय दिया। साथ ही, भारतीय नौसेना की मारक क्षमता के एक और मील के पत्थर को स्थापित किया। जहाज से लांच की गयी ब्रह्मोस मिसाइल ने 2.8 मैक या ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना तेज गति से उड़कर लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया। इस ब्रह्मोस मिसाइल में नयी प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया गया है।

### आत्मनिर्भर भारत की ओर बड़ा कदम

नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि भारतीय नौसेना ने स्वदेशी बूस्टर के साथ ब्रह्मोस मिसाइल के एंटी शिप वर्जन का सफल परीक्षण किया है, जो भारत की आत्मनिर्भरता के प्रति नौसेना की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य के पिन पॉइंट विनाश से फ्रंटलाइन प्लेटफार्मों की लड़ाई और मिशन की तत्परता का प्रदर्शन किया गया। डीआरडीओ के सूत्रों ने बताया कि इस ब्रह्मोस मिसाइल में नयी प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया गया है। आज किया गया सफल परीक्षण आत्मनिर्भर भारत के लिए एक और शॉट था। नियंत्रण प्रणाली सहित नयी अतिरिक्त तकनीकों के साथ किये गये परीक्षण से मिले विस्तृत आंकड़ों का विश्लेषण किया जा रहा है।



**भारत-रूस मिल कर बना रहा है :** समुद्र में दागने के लिए ब्रह्मोस मिसाइल के चार वैरिएंट्स हैं। युद्धपोत से दागी जाने वाली एंटी-शिप मिसाइल और लैंड-अटैक मिसाइल नौसेना के पास पहले से हैं। पनडुब्बी से दागी जाने वाली एंटी-शिप मिसाइल और लैंड-अटैक मिसाइल का भी सफल परीक्षण हो चुका है और जल्द ही नौसेना के जखीरे में शामिल होंगी। ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण भारत और रूस के बीच एक संयुक्त उद्यम के तहत किया जा रहा है। इस संयुक्त उद्यम में डीआरडीओ भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व करता है। ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण भारत और रूस के बीच एक संयुक्त उद्यम के तहत किया जा रहा है। इस संयुक्त उद्यम में डीआरडीओ भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व करता है।

आप और ममता बनर्जी का भाजपा पर बड़ा आरोप

# चुनाव से पहले बड़े नेताओं की गिरफ्तारी की साजिश

- सूची में एके, हेमंत, तेजस्वी ममता, ठाकरे और पवार भी

एजेंसी

नयी दिल्ली, कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने भाजपानीत केंद्र सरकार पर बुधवार को बड़ा आरोप लगाया। दोनों ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पूर्व भाजपा सभी बड़े विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार कर जेल भेजने की साजिश रच रही है।

राघव चड्ढा ने एक प्रेस कांफ्रेंस में दावा किया कि उन्हें शीर्ष सूत्रों से जानकारी मिली है आइएनडीआइ गठबंधन के टॉप लीडर्स को अरेस्ट करने की योजना बनायी गयी है। इसी के तहत उन्होंने अरविंद केजरीवाल को समन भेजा है। उन्होंने कहा कि अब अगला नंबर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का होगा। हेमंत के बाद बिहार में राजद नेता तेजस्वी यादव को अरेस्ट किया जायेगा। राघव ने कहा कि ये सिलसिला यहीं नहीं थमेगा, क्योंकि इसके बाद पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी की गिरफ्तारी होगी। फिर केरल में मुख्यमंत्री पिनरई अरेस्ट होंगे। इसके बाद तमिलनाडु में स्टालिन, महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे और शरद पवार के दल के नेताओं की गिरफ्तारी होगी।

**फोन भी किये जा रहे हैक :** बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने दावा किया कि विपक्षी दलों के सांसदों के फोन भी हैक किये जा रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)

### हमारी आवाज बंद करना चाहती है भाजपा



टीएमसी प्रमुख बनर्जी ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा सभी विपक्षी दलों की आवाज दबाने की कोशिश कर रहे हैं। चुनाव से पहले सभी विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार करने की योजना बना रहे हैं ताकि वे (विपक्षी नेताओं से) खाली देश में अपने लिए वोट कर सकें। वे एक साजिश रच रहे हैं। राज्य की बकाया मनरेगा राशि के मुद्दे पर ममता ने कहा कि राज्यपाल ने वादा किया था कि वह इस मामले को केंद्र के समक्ष उठायेंगे। आज आखिरी दिन था, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है। अगर 16 को मनरेगा का बकाया नहीं चुकाया गया तो हम अपने अगले कदम की घोषणा करेंगे।

# योगेंद्र तिवारी और अभिषेक को एक साथ बैठाकर पूछताछ

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड में पुरानी थोक शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के केस में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) बुधवार को योगेंद्र तिवारी और उसके कारोबारी पार्टनर अभिषेक कुमार झा को आमने-सामने बिठाकर लंबी पूछताछ की। इडी की जांच-पड़ताल लगातार आगे बढ़ रही है। योगेंद्र तिवारी फिलहाल ईडी के रिमांड पर है। रिमांड पर इडी उससे शराब घोटाला मामले पूछताछ कर रही है। बुधवार को इडी ने अभिषेक झा से रायबंगला की जमीन की डील और निवेश की जानकारी होने को लेकर पूछताछ की।

वहीं देवघर में अलग-अलग जमीनों की डील को लेकर भी सवाल जवाब पूछे गये। दोनों को आमने-सामने बैठाकर सवाल जवाब पूछे गये व उनके जवाबों का मिलान किया गया। इससे पूर्व रिमांड पर योगेंद्र तिवारी से देवघर में रायबंगला की जमीन की डील और इससे आए पैसों के शराब कारोबार में निवेश के पहलुओं पर इडी ने पूछताछ की थी।

**आज कोर्ट में योगेंद्र तिवारी की पेशी :** शराब घोटाले में गिरफ्तार योगेंद्र तिवारी की 14 दिनों की ईडी रिमांड अवधि पूरी होने के बाद गुरुवार को अदालत में पेश किया जायेगा। इडी ने उसे पहली बार आठ एवं दूसरी बार छह दिनों की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की है। पूछताछ पूरी होने के बाद गुरुवार को उसे अदालत में पेशी के बाद जेल भेज दिया जायेगा।

जेल से 21 अक्तूबर को इडी पूछताछ के लिए उसे अपने साथ ले गयी है। इडी ने उसे 19 अक्तूबर को गिरफ्तार किया था। 20 अक्तूबर को ईडी कोर्ट में उसे पेश किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने इडी के सामने कई महत्वपूर्ण खुलासा किया है। (शेष पेज 11 पर)

### झारखंड शराब घोटाला

# सीएम की मौजूदगी में जियाडा की बैठक, कई प्रस्तावों पर मुहर

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को झारखंड मंत्रालय में झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट ऑथोरिटी के निदेशक मंडल की बारहवीं बैठक हुई। जिसमें स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के संकल्प के आलोक में प्राधिकार के कर्मियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ देने की स्वीकृति दी। आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र के सप्तम चरण के समीप उद्यम के प्रयोजनार्थ, आरक्षित रकवा 2.89 एकड़ भूमि को शैक्षणिक संस्थान एवं व्यावसायिक इकाइयों के लिए आरक्षित करने की स्वीकृति देने की सहमति दी गयी। इसके अलावा अंजानिया इस्पात लिमिटेड को पूर्व में आवंटित भूखंड 27, रकबा 10000 वर्गफुट भूखंड के बदले अन्यत्र भूखंड देने की स्वीकृति दी गयी।

जियाडा के आदित्यपुर प्रक्षेत्र अन्तर्गत पूर्वी सिंहभूम के मौजा रोवाम, मुर्गागुटू एवं तेतुलडांगा में अवस्थित औद्योगिक इकाइयों में बिजली आपूर्ति के लिए सब-स्टेशन अधिष्ठापन की स्वीकृति दी। जियाडा के विभिन्न प्रक्षेत्रों में आकस्मिक आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के रखरखाव हेतु क्षेत्रीय निदेशक द्वारा व्यय की जानेवाली राशि से संबंधित वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजित की घटनोत्तर स्वीकृति दी गयी। जियाडा, संथाल परगना प्रक्षेत्र अंतर्गत दुमका जिला के जामा अंचल के खिजुरी मौजा में हस्तांतरित 2.86 एकड़ भूमि राईस मिल की स्थापना केलिये भूमि आरक्षित करने की स्वीकृति दी गई। जियाडा अन्तर्गत रांची प्रक्षेत्र, आदित्यपुर प्रक्षेत्र एवं संथाल परगना प्रक्षेत्र के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत संरचना निर्माण के लिये पथ निर्माण विभाग द्वारा तैयार डीपीआर पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी। (शेष पेज 11 पर)



जियाडा के निदेशक के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

पहले दिन धनबाद में अभूतपूर्व बंद, सड़कों पर उतरे व्यापारी

# डीसी-एसएसपी के आश्वासन पर चैंबर ने धनबाद बंद वापस लिया

- चैंबर ने कहा- आज से सबकुछ सामान्य होगा

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। उपायुक्त और सीनियर एसपी के साथ लंबी बैठक और आश्वासन के बाद बुधवार को चैंबर के अधिकारियों ने धनबाद बंद वापस ले लिया। व्यापारियों के अनुसार गुरुवार से धनबाद के सभी बाजार खुल जायेंगे। जनजीवन सामान्य हो जायेगा। उल्लेखनीय है कि शहर में व्यापारियों पर लगातार हो रहे हमले के विरोध में सभी चैंबर ने मिलकर अनिश्चितकालीन बंद बुलाया था। पहले दिन बंद अभूतपूर्व रहा। दिन भर सारी दुकानें बंद रहीं। पूरा कारोबार ठप हो गया। बैठक में एसएसपी ने बताया कि व्यसायी पर हमले के मुख्य आरोपी आरोपी छोटू अंसारी समेत सात को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस प्रशासन व्यापारियों को पूरी सुरक्षा मुहैया कराने को तत्पर है।

बुधवार की शाम चेंबर अधिकारियों के साथ बैठ में डीसी और एसेसपी ने उनसे आग्रह किया कि वे बंद वापस ले लें। धनबाद के उपायुक्त वरुण रंजन ने बताया कि पुलिस की लगातार हो रही कार्रवाई से उन्हें अवगत कराया गया। पुलिस आगे भी कई मोर्चे पर कार्रवाई करेगी। आने वाले समय में अपराध को खत्म करने के लिए काम कर रहे हैं। कई और विषय थे, जिन पर चर्चा हुई। जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर हम कार्रवाई कर रहे हैं। उनके साथ कुछ एसओपी साझा किया गया है और कहा गया है कि अगर उनके पास कोई जानकारी है, तो उसे प्रशासन के साथ साझा करें। उन्होंने कहा है कि व्यवसायियों को पर्याप्त सुरक्षा मिले, हम उसकी तैयारी कर रहे हैं। डीसी ने कहा, हमारे आग्रह पर जिले के लोगों के हित में सभी प्रतिष्ठानों को चालू करने के लिए व्यवसायी मान गये हैं। एसएसपी ने भी कहा कि अगर व्यापारियों को लगता है कि उनको किसी तरह का डर है, तो वह बिना किसी संकोच के पुलिस से संपर्क करें। अगर कोई धमकी देता है, तो उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत करें। आरोपियों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

सरकारी स्कूलों में मिड डे मील का मेन्यू बदला

# बच्चों को मिलेगा मड़ुआ के आटे का हलवा, मोरिंगा

- अब अंडा और फल भी मिलेगा बच्चों को

सुधीर

रांची। बच्चों के आहार में पौष्टिक तत्व बढ़ाने को राज्य सरकार ने स्कूली बच्चों को दिये जाने वाले मीड डे मिल के मेन्यू में बड़ा फेरबदल किया है। स्कूली बच्चों को अब हफ्ते में एक दिन हर बुधवार को मड़ुआ (रागी) के आटे का का हलवा या लड्डू मिलेगा।

बच्चों की इम्यूनिटी पावर बढ़ाने को लेकर ऐसा किया गया है। अब मध्याह्न भोजन (एमडीएम) में अंडा, मौसमी फल और मोरिंगा का पत्ता के साथ-साथ मड़ुआ का हलवा भी खायेंगे। उन्हें यह सब दिन के हिसाब से मिलेगा। इसके लिए रोस्टर तैयार कर स्कूलों को भेज

### कोलेस्ट्रॉल और शुगर लेवल कंट्रोल करता है मड़ुआ

मड़ुआ (रागी) में अमीनो एसिड फाइबर काफी अधिक होता है, जो वजन नहीं बढ़ने देता है। रागी खाने से कोलेस्ट्रॉल और शुगर भी कंट्रोल रहता है। शरीर में खून की कमी दूर होती है। इसके अलावा रागी के सेवन से वजन कम होता है। रागी खाने के 7 फायदे हैं। छोटे-छोटे लाल रंग के रागी इम्यून सिस्टम को मजबूत करते हैं। जिन्हें खून की कमी है, उनके लिए हेल्दी है। हड्डियों को भी यह मजबूत बनाता है। वजन कम करने, कब्ज की समस्या दूर करने में रागी की बड़ी भूमिका है। पाचन शक्ति बढ़ाकर पेट को दुरुस्त रखता है। जिन लोगों को त्वचा संबंधित समस्याएं हैं, जैसे मुंहासे, डार्क सर्किल, झाइयां, झुर्रियां उन्हें रागी खाना चाहिए। यह त्वचा को चमकदार बनाता है। इसमें लाइसिन नामक तत्व होता है, जो स्किन में कसावट लाता है। इसके अलावा रागी एक ऐसा अनाज है, जिसमें फाइबर की मात्रा भरपूर होती है। फाइबर के सेवन से पेट भरे होने का अहसास देर तक रहता है। इससे जल्दी-जल्दी भूख नहीं लगती और आप कुछ भी उल्टा-सीधा खाने से बचे रहते हैं।

#### एमडीएम का मेन्यू

- सोमवार : अंडा/ फल।
- मंगलवार : मोरिंगा का पत्ता।
- बुधवार : मडुवा का हलवा/लड्डू।
- वृहस्पतिवार : मोरिंगा का पत्ता।
- शुक्रवार : अंडा कढ़ी/ फल।
- शनिवार : मोरिंगा का पत्ता।

# एनआइए ने नक्सली कमांडर रवींद्र गंझू की संपत्ति अटैच की

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। एनआइए ने भाकपा माओवादी कमांडर की संपत्ति अटैच कर ली है। एनआईए की टीम ने बुधवार को नक्सली कमांडर रविंद्र गंझू की लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के हेसला मौजा के बांझीटोला स्थित घर को जब्त किया है।

लोहरदगा जिले के बुलबुल जंगल से भारी मात्रा में हथियार बरामदगी मामले में दर्ज कांड संख्या आरसी 02/2022 मामले में यह कार्रवाई की गयी है। एनआईए जांच में पता चला की रविंद्र गंझू ने लेवी के पैसे से इस घर का निर्माण कराया था। रवींद्र के ऊपर झारखंड सरकार की ओर से 15 लाख और एनआइए ने 5 लाख का इनाम घोषित किया है।

### बड़ी घटना को अंजाम देने जुटे थे नक्सली

लोहरदगा जिले के पेशरार थाना क्षेत्र स्थित बुलबुल जंगल में रविंद्र गंझू, बलराम उरांव, मुनेश्वर गंझू, बालक गंझू, दिनेश नगेसिया, अघनु गंझू, लाजिम अंसारी, मरकुश नगेसिया, संजय नगेसिया, शीला खेरवार, ललिता देवी समेत 45-60 नक्सली बॉक्साइट माइंस क्षेत्र सहित क्षेत्र में सक्रिय सुरक्षा बलों के खिलाफ घटनाओं को अंजाम देने के इरादे से जुटे थे। इस सूचना पर स्थानीय पुलिस और सीआरपीएफ द्वारा एक संयुक्त अभियान चलाया। तलाशी के दौरान माओवादी के सक्रिय कैडरों ने बुलबुल जंगल के रास्ते हरकप्ता टोली और बंगलापट में सुरक्षाबलों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। मुठभेड़ के बाद, घटना स्थल के आसपास के क्षेत्र की व्यापक तलाशी में बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक और अन्य संबंधित सामान बरामद हुए थे। उसके बाद इस मामले को एनआईए ने टेकओवर कर जांच कर रही है।

खबर एक नजर में

## राज्यपाल को हॉकी मैच देखने का निमंत्रण



रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, खेल निदेशक सुशांत गौरव एवं हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने भेंट की। इस दौरान विकास आयुक्त ने राज्यपाल को झारखंड महिला एशियन चैंपियन्स हॉकी ट्रॉफी मैच देखने के आमंत्रित किया।

## छविरंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई आज



रांची। चेशायर होम रोड के एक एकड़ जमीन समेत अन्य जमीन फर्जीवाड़ा कर उस राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर गुरुवार को ईडी कोर्ट में सुनवाई होगी। उन्होंने जमानत की गुहार लगाते हुए 16 अक्तूबर को अर्जी दाखिल की है। इसी मामले में बिल्डर विष्णु अग्रवाल की जमानत अर्जी अदालत ने पूर्व में खारिज कर चुकी है। छवि रंजन सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन फजीर्वाड़े में मई से जेल में हैं। इस मामले में जमानत नहीं मिली है। वह इस मामले में चार मई से न्यायिक हिरासत में हैं।

## बाबूलाल मरांडी आज से छत्तीसगढ़ के दौरे पर

**10 नवंबर तक छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के प्रवास पर रहेंगे, विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में करेंगे जनसभा को संबोधित**



रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 2 नवंबर से 10 नवंबर तक छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। श्री मरांडी 2 से 7नवंबर तक छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार अभियान में शामिल होंगे। जबकि 8 से 10नवंबर तक मध्यप्रदेश में विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने दी है।

## भाजमो का कार्यकर्ता सम्मेलन पांच नवंबर को



रांची। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के तत्वावधान में बुधवार को आवश्यक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता धर्मेंद्र तिवारी ने किया। श्री तिवारी ने कहा कि वे जनता की समस्याओं का निदान के साथ हैं। भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी के विरुद्ध कार्यकर्ता सम्मेलन 5 नवंबर आहूत किया जायेगा। यह आयोजन कृष्ण पैलेस थड़पखना रांची में होना निश्चित हुआ है। सम्मेलन की तैयारी के लिए बुधवार को केंद्रीय कार्यालय में बैठक की गयी। इसमें पीएन सिंह, मुकेश पांडे, निरंजन सिंह, आशीष शीतल मुंडा, सोमन दत्ता, अशोक ठाकुर, अविनाश, नदीम, संतोष श्रीवास्तव, किरण तिवारी, पूजा उरांव, सुरभि सिंह, अर्चना, किरण पाठक, अभिषेक चौबे, मिथिलेश कुमार आदि उपस्थित थे।

### एनसीपी के एकमात्र विधायक हैं कमलेश सिंह, समर्थन वापसी का पत्र राजभवन को भेजा

# हुसैनाबाद को जिला नहीं बनाये जाने पर विधायक कमलेश ने हेमंत सरकार से समर्थन वापस लिया

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। हुसैनाबाद को जिला का दर्जा नहीं देने से नाराज राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने हेमंत सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। इसकी घोषणा बुधवार को एनसीपी के एक मात्र विधायक (हुसैनाबाद) कमलेश कुमार सिंह ने धुर्वा स्थित अपने आवासीय कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में की। प्रेस कांफ्रेंस के बाद उन्होंने समर्थन वापसी का पत्र राजभवन को भेजवा दिया। कमलेश सिंह के मुताबिक 2019 के विधानसभा चुनाव में वे हुसैनाबाद से निर्वाचित हुए थे। इसके बाद हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठित सरकार को अपना समर्थन दिया था। पर यह सरकार राज्य के 3.25 करोड़ जनता की आकांक्षाओं पर खरा नहीं उतरी। ऐसे में वे अब लाचार और निराश होकर हेमंत सरकार से तत्काल प्रभाव से अपना समर्थन वापस ले लिया। कमलेश सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद को जिला बनाने की मांग के मुद्दे पर उन्होंने चार सालों तक समर्थन दिया। खुद 2019 के चुनाव के बाद यूपीए के नेता उनके पास लिखित में समर्थन मांगने आए थे। पर जिस मुद्दे पर सपोर्ट किया था, उस पर पार्टी के शीर्ष नेताओं अजीत पवार, प्रफुल्ल पटेल के कहने के बाद 31 अक्टूबर तक का डेडलाइन दिया गया था, बावजूद इसके राज्य सरकार ने गंभीरता नहीं दिखाई। ऐसे में इस सरकार को समर्थन देना संभव नहीं।



**राज्य की गठबंधन सरकार पर 3.25 करोड़ जनता की आकांक्षाओं पर खरा नहीं उतरने का लगाया आरोप**

### राज्य सरकार ने मांग पर गंभीरता नहीं दिखाई

कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद को जिला का दर्जा देने के अलावा बालू घाटों की बंदोबस्ती करने, पलामू जिले के पांच अंचलों के त्रुटिपूर्ण सर्वे के आनलाइन इंट्री को ठीक करने व अधिकारियों की पदस्थापना की मांग लगातार सीएम से की गई। पर चार सालों तक सिर्फ आश्वासन मिला। मार्च 2021 में तत्कालीन पार्टी लीडर शरद पवार को हुसैनाबाद को जिला बनाने के लिए चर्चा हुई थी। उन्होंने आश्वस्त किया था कि हेमंत सरकार जल्द ही इस पर काम करेगी। कई बार एनसीपी की ओर से सीएम को लिखित रूप में हुसैनाबाद को जिला बनाने को पत्र लिखा। हुसैनाबाद से पलामू की दूरी 90 किमी है। लोगों को वहां तक आने-जाने में काफी कठिनाई होती है, जबकि हुसैनाबाद, जिला बनने की सभी अर्हताओं को पूरा करता है। जब वे पूर्व की सरकार में थे तो हैदरनगर सहित तीन प्रखंडों का गठन कराया था। अगर उनकी सरकार और 5-6 माह रह गयी होती तो हुसैनाबाद को जिला का दर्जा मिल गया होता।

**हुसैनाबाद अनुमंडल में दो माह से एसडीपीओ पद प्रभार में :** कमलेश सिंह के मुताबिक हुसैनाबाद अनुमंडल में विगत दो माह से पुलिस का महत्वपूर्ण पद (एसडीपीओ) प्रभार में चल रहा है। हुसैनाबाद, हरिहरगंज के विभिन्न ब्लॉक, अंचलों और अन्य विभागों (बीडीओ, सीओ, सीडीपीओ वगैरह) में अधिकारी नहीं हैं। बालू संकट से जनता त्रस्त है। पलामू में मंगलवार को सीएम हेमंत के कार्यक्रम में एक भी स्थानीय विधायक, जिला परिषद सदस्य नहीं होने को उन्होंने जनता की सरकार से नाराजगी का बड़ा उदाहरण बताया। कहा कि सरकार पलामू सहित अन्य जगहों पर जनता की नाराजगी का सामना करने को तैयार रहे। आगामी चुनाव में भी यह दिखेगा। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह, प्रदेश महासचिव अखिलेश्वरी सिंह, राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आदर्श सिंह, बरही विधानसभा प्रभारी महेश ठाकुर, अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष मन्नान खान, महिला प्रदेश अध्यक्ष कुंदन सिंह, विनय कुमार सिंह, गुमला, हजारीबाग, पलामू जिलाध्यक्ष सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

### 2024 के चुनाव में यूपीए को चलेगा पता : सूर्या सिंह

एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता और विधायक कमलेश सिं के पुत्र सूर्या सिंह ने कहा कि डर इस बात की है कि 2024 के चुनाव में मुख्यमंत्री राज्य की जनता को क्या जवाब देंगे। वर्तमान समय में पलामू में एकमात्र एनसीपी का विधायक हेमंत सरकार के साथ था। बाकी कोई भी विधायक यूपीए में नहीं है। ऐसे में उसे भी अपनी करनी की वजह से मुख्यमंत्री ने गंवा दिया है। बीते वर्षों में कोरोना का समय छोड़कर के जो भी समय बिता है उसमें यह सरकार ने कोई ऐसा काम नहीं किया है जिससे जनता के बीच वो बेहिचक पहुंच सके। ऐसे में डर इस बात की है कि आखिर जनता से जो वादा किया गया था वह पूरा करने में सफल नहीं रही।

## चुनाव के मद्देनजर शीघ्र शुरू होगा आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण

**सीएम हेमंत सोरेन ने की है आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण शुरू करने की घोषणा**

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। आगामी चुनाव के मद्देनजर राज्य सरकार का फोकस आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम पर है। सीएम हेमंत सोरेन ने आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण की शुरूआत करने की घोषणा की है। इसके तहत पांचों प्रमंडलों में सीएम का दौरा होगा। आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनता की समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान निकाला जायेगा। उल्लेखनीय है कि झारखंड सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सीएम हेमंत सोरेन द्वारा आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुरू किया था। इस कार्यक्रम को जनता का खूब समर्थन मिला था। विभिन्न चरणों में सीएम पांचों प्रमंडलों का दौरा कर जनता से रू-ब-रू हुये थे। इसके पहले राज्य भर में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन दो चरणों में किया गया है। पहला चरण 12 से 22 अक्टूबर 2022 और दूसरा चरण 01-14 नवम्बर 2022 तक संचालित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तर पर शिविर का आयोजन कर राज्य सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं का आम जनों के बीच व्यापक प्रचार प्रसार कर शिविर में ही योजनाओं का अधिकाधिक लाभ आमजनों को दिया गया। ताकि कोई भी अहर्त्ता प्राप्त व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे।

## असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति का रिजल्ट जारी नहीं होने पर अवमानना याचिका दाखिल

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति (हो भाषा) प्रक्रिया का रिजल्ट नहीं जारी किये जाने के खिलाफ एक बार फिर झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। दरअसल इसी वर्ष मई माह में झारखंड हाईकोर्ट की एकल पीठ ने जेपीएससी को यह आदेश दिया था कि असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति के लिए लिये गये इंटरव्यू का रिजल्ट 31 जुलाई तक जारी किया जाये। लेकिन इस आदेश के कई महीने बीत जाने के बाद भी जेपीएससी ने रिजल्ट जारी नहीं किया। जिसके बाद सरस्वती गगराई ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की है। प्रार्थी ने अपनी याचिका में कहा है कि मार्च 2022 में असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति के लिए इंटरव्यू लिया गया था लेकिन इंटरव्यू की प्रक्रिया खत्म होने और हाईकोर्ट द्वारा रिजल्ट जारी करने का आदेश पारित किये जाने के बाद भी रिजल्ट जारी नहीं किया गया। प्रार्थी सरस्वती गगराई की ओर से अधिवक्ता सुभाषिश रसिक सोरेन हाईकोर्ट में पक्ष रखेंगे।

### बेरोजगारी भत्ता से भी कम मासिक राशि का दे रहे ऑफर लेटर

# प्राइवेट नौकरी के नाम पर बेरोजगारों को धोखा दे रहे हैं मुख्यमंत्री : भाजपा

**युवाओं में है आक्रोश**

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भाजपा सांसद आदित्य साहू ने कहा है कि मुख्यमंत्री प्राइवेट नौकरी के नाम पर बेरोजगारों को धोखा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने बड़े तामझाम से बेरोजगारों को ऑफर लेटर वितरण समारोह आयोजित करा रहे हैं। श्री साहू ने कहा कि राज्य में लाखों पद खाली है। विद्यालयों में शिक्षक नहीं, कॉलेज में प्राध्यापक नही, अस्पताल में चिकित्सक नहीं, एनर्स नही, सरकारी कार्यालयों में कर्मचारी नही हैं लेकिन, मुख्यमंत्री इससे ध्यान भटकाने के लिए ऑफर लेटर के नाम पर युवाओं को नौकरी देने का नाटक कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष 5 लाख नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता के बड़े वायदे के साथ सत्ता पर बैठे हेमंत सोरेन अब चार साल बीतने पर बेरोजगारी भत्ता से भी कम मासिक राशि का पत्र वितरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे ऑफर लेटर वितरण कार्यक्रम के लिये मुख्यमंत्री करोड़ों रुपये विज्ञापनों पर खर्च कर रहे हैं। करोड़ों रुपये कार्यक्रम आयोजित करने में खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कैसा ऑफर लेटर है, जिसमें एक परिवार की दाल रोटी भी नहीं चलाई जा सकती है। आखिर ऐसा दिखावा करके यह सरकार क्या बताना चाहती है। सरकारी नौकरी की प्रतीक्षा में कितने बेरोजगारों की उम्र निकल गई। लाखों रुपए खर्च कर हजारों युवकों ने तकनीकी पढ़ाई की। किसी ने बीएड किया, किसी ने नर्सिंग की ट्रेनिंग ली, किसी ने डिप्लोमा किया, किसी ने मैनेजमेंट किया। हेमंत सरकार उनकी भावनाओं के साथ भद्दा मजाक कर रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार हताशा और निराशा में ऐसे कदम उठा रही। मुख्यमंत्री जी को पता है कि युवा शक्ति उनके खिलाफ आक्रोशित हैं। सड़क पर उतर कर हक मांग रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को पद पर बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। उन्हे बेरोजगार युवाओं से माफी मांगनी चाहिये।

## युवाओं का भविष्य अंधकारमय बनाने को आतुर है गठबंधन सरकार : आजसू



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। आजसू का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग झारखंड सरकार के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का के नाम से धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट भवन में मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा कि राज्य के लगभग सभी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में 50 प्रतिशत से अधिक छात्र-छात्राओं को अब तक स्कॉलरशिप राशि की प्राप्ति नहीं हुई है। इसे लेकर छात्र-छात्राएं काफी परेशान हैं। राज्य के जितने भी विश्वविद्यालय हैं, उनमें लगभग 80 से 90 प्रतिशत एसटी एससी ओबीसी छात्र-छात्राएं मध्यवर्ग या निम्नवर्ग घरों से आते हैं। ऐसे में उन्हें स्कॉलरशिप राशि नहीं मिलने से उनके एवं उनके परिवार पर आर्थिक बोझ बढ़ जाता है। इस कारण उन्हें आगे की पढ़ाई जारी रखने में परेशानी हो रही है। जिससे उन्हें अपने आगे की पढ़ाई को लेकर कई तरह की परेशानी होती है। प्रतिनिधि मंडल में अभिषेक शुक्ला, दीपक दुबे और विशाल कुमार यादव आदि मौजूद थे।

## झारखंड में माकपा लोकसभा की एक सीट पर चुनाव लड़ेगी : वृंदा कारात

खबर मन्त्र संवाददाता




रांची। झारखंड में माकपा लोकसभा की एक सीट पर चुनवा लड़ेगी। ये बातें बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान माकपा पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा कारात ने कही। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी सीटों पर भाजपा की हार सुनिश्चित करने का निर्णय लेते हुए लोकसभा की एक सीट राजमहल को चिन्हित किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि एचईसी के पुनरुद्धार के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में एक सर्वदलीय शिष्टमंडल प्रधानमंत्री से मिलेगा। प्रधानमंत्री से एचईसी के पुनरूद्धार के लिए जिसमें एचईसी का आधुनिकीकरण और उसे अविलंब कार्यशील कार्यशील पूंजी देने और मजदूरों और अधिकारियों का बकाया 20 माह का वेतन भुगतान किए जाने की मांग की जाएगी। इस मौके पर माकपा की राज्य कमिटी ने स्मार्ट मीटर लगाए जाने के काम को तुरंत बंद किए जाने का प्रस्ताव पारित किया क्योंकि स्मार्ट मीटर लगाए जाने से बिजली वितरण का सारा अधिकार कार्पोरेट घरानों के हाथों में चला जायेगा और उपभोक्ताओं को मंहगी बिजली खरीदने के लिए विवश होना पड़ेगा।

बैठक में श्रीमति कारात ने 27 से 29 अक्टूबर तक दिल्ली में संपन्न पार्टी की केन्द्रीय कमिटी के निर्णयों की रिपोर्टिंग की। जिसमें पश्चिम एशिया में फिलस्तीन की जनता पर गाजा में इसराइली हमले की घोर निंदा करते हुए वहां संयुक्त राष्ट्र संघ की आमसभा द्वारा दो तिहाई बहुमत से पारित प्रस्ताव के अनुरूप अविलंब युद्ध विराम लागू किए जाने, दो देश के आस्तित्व के सिद्धांत को लागू कर फिलस्तीन की घेराबंदी खत्म करने और मानवीय आधार पर वहां राहत कार्य तेज किए जाने की मांग शामिल है। पार्टी राज्य कमिटी ने फिलिस्तीन की जनता के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए पुरे राज्य में अभियान चलाए जाने का निर्णय लिया है। बैठक की अध्यक्षता सुफल महतो ने की।

### ऑपरेशन ऑक्टोपस की कहानी, कई हुए सम्मानित

# आज सुरक्षा बलों के सानिध्य में बच्चे सीख रहे लोकतंत्र की भाषा

**कभी जहां बच्चे पढ़ते थे 'लाल क्रांति' का पाठ, आज वहीं जल रही है शिक्षा की लौ**

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। कभी एक जमाने में जहां बच्चे पढ़ते थे लाल क्रांति का पाठ, आज सुरक्षा बलों के सानिध्य में लोकतंत्र की भाषा सीख रहे हैं। नक्सलियों के सबसे मजबूत गढ़ बूढ़ा पहाड़ में ऑपरेशन ऑक्टोपस चलाकर पहाड़ को नक्सल मुक्त करवाने वाले झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ की पूरी टीम को केंद्रीय गृह मंत्री के स्पेशल ऑपरेशन मेडल से नवाजे जाने के बाद ऑपरेशन ऑक्टोपस की याद ताजा हो गयी। झारखंड पुलिस के 16 पदाधिकारी-कर्मियों के साथ-साथ सीआरपीएफ के 51 पदाधिकारियों के मन में खुशी है कि वे इस ऑपरेशन के हिस्सा थे।

**32 सालों बाद मुक्त हुआ बूढ़ापहाड़ :** झारखंड में भाकपा माओवादियों के खिलाफ ऑपरेशन ऑक्टोपस चलाकर उनके कब्जे से 32 सालों बाद बूढ़ा पहाड़ को मुक्त कराया गया है। केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी राष्ट्रीय गौरव दिवस के मौके पर मेडलों का ऐलान के बाद पुलिस के जवान खुशियों का इजहार कर रहे हैं। थैंक्यू और वेलकम शब्दों का भरमार है।

वर्तमान में मणिपुर के डीजीपी और तत्कालीन सीआरपीएफ आइजी राजीव सिंह, सीआरपीएफ मध्य जोन के एडीजी अमित कुमार ने झारखंड में सेक्टर आईजी रहने के दौरान बूढ़ा पहाड़ और बुलबुल जंगल क्षेत्र को माओवाद मुक्त करने में योगदान दिया।

### राजभवन में मना 8 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों का स्थापना दिवस समारोह

# विश्व-बंधुत्व की भावना हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत : सीपी राधाकृष्णन

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। राजभवन में बुधवार को एमपी और एपी समेत 8 राज्यों का स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इस दौरान राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि विश्व-बंधुत्व की भावना हमारी सबसे बड़ी ताकत है। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, हरियाणा, केरल, पंजाब, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं तमिलनाडु तथा पांच केंद्र शासित प्रदेश क्रमशः चंडीगढ़, दिल्ली, पुडुचेरी, लक्षद्वीप तथा अंडमान एवं निकोबार के स्थापना दिवस के अवसर पर राज्यपाल राजभवन के बिरसा मंडप में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत एक है और एक रहेगा। हम एक रहकर निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हैं। राज्यपाल ने कहा कि भारत में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती हैं, लेकिन सभी एक दूसरे की भाषा एवं भावना का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि एकता के साथ-साथ विश्व-बंधुत्व की भावना हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इसका परिचय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना महामारी के समय दिया। जब विश्व के विभिन्न देशों को निःशुल्क कोविड टीका प्रदान किया गया। उनके नेतृत्व में हमारी अर्थव्यवस्था नित्य-नया मुकाम हासिल कर रहा है।

### सदियों तक याद रखे जायेंगे भगवान बिरसा

राज्यपाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अल्पायु में मानवता के प्रति जो धर्म निभाया, उसे विश्व सदियों तक याद रखेगा। आज हमारा सबसे बड़ा कर्तव्य है कि समाज की मुख्यधारा से वंचित लोगों की सेवा करें। उन्होंने कहा कि लोग अपनी भाषा, संस्कृति के साथ अन्य की भी भाषा, संस्कृति जानने का प्रयास करें एवं उनका आदर व सम्मान करें। कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों के लोकगीत एवं लोकनृत्य की प्रस्तुति की गयी। राज्यपाल ने सभी के सुख-समृद्धि की कामना की एवं विभिन्न प्रदेशों के लोगों सम्मानित भी किया।

## प्रोन्नति और सरप्लस टीचर स्थानांतरण की विसंगतियों को लेकर सीएस से मिले शिक्षक

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से मिला। उसने प्रारंभिक शिक्षकों की प्रोन्नति और सरप्लस टीचर ट्रांसफर की विसंगतियों पर बातचीत की। संघ के मुख्य वक्ता नसीम अहमद ने बताया कि मुख्य सचिव को प्रोन्नति के हालिया आदेश से उत्पन्न स्थिति को अवगत कराया गया। उनसे वर्ष 2021 के विभागीय आदेश, सर्वोच्च और उच्च न्यायालय के न्यायादेश के आलोक में सभी पदों की प्रोन्नति को निष्पादित करने और शिक्षा अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप ही सरप्लस शिक्षकों का आकलन कर स्थानांतरण करने की मांग की गई। वार्ता के क्रम में विभिन्न न्यायदेशों और पूर्व के निर्गत विभागीय आदेशों के प्रतिकूल प्रोन्नति की कार्रवाई संचालित करने के कार्य और इसके कुप्रभाव की ओर मुख्य सचिव का ध्यानाकृष्ट कराया गया। संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि शिक्षकों की प्रोन्नति को न्यायानुकूल रीति से निष्पादित कराने की कार्रवाई की जाए।

संघ ने बताया कि राज्य के लगभग 35 हजार वरीय शिक्षकों की वरीयता के अनुरूप ही अभी हाल ही में याचिका (संख्या-4115) में उच्च न्यायालय द्वारा शिक्षकों की पद रिक्ति की तिथि से शिक्षकों को वैचारिक प्रोन्नति देने के पूर्व के विभागीय आदेश को सही ठहराया है। इसलिए इस न्यायादेश और 2021 के विभागीय आदेश की सीमा में शिक्षकों को अगले पदों पर प्रोन्नति दी जाये। प्रतिनिधिमंडल द्वारा रखी गई मांगों पर मुख्य सचिव ने नियम एवं न्यायादेशों के आलोक में विषय की समीक्षा करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में अनूप केसरी, राम मूर्ति ठाकुर, नसीम अहमद, दीपक कुमार दत्ता, संतोष कुमार, सलीम सहाय तिग्गा, माणिक प्रसाद सिंह और डीके साहू शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## सेंट्रल सिख नौजवान सभा की बैठक में अमरीक को मिला समर्थन

**जमशेदपुर।** बुधवार को सेंट्रल सिख नौजवान सभा की एक बैठक नौजवान सभा के प्रधान सरदार अमरीक सिंह की अध्यक्ष ता में साकची स्थित सेंट्रल गुरुद्वारा के कार्यालय में हुई। सर्वप्रथम नौजवान सभा के गगन दीप सिंह ने गुरु महाराज के चरणों मे अरदास की उसके उपरांत नौजवान सभा के इंदरजीत सिंह ने सभी सदस्यों के बीच कहा कि पिछले दिनों सेंट्रल गुरुद्वारा कमिटी की बैठक में सरदार अमरीक सिंह को सेन्ट्रल सिख नौजवान सभा का प्रधान बनाया गया,जिसके उपरांत आज नौजवान सभा की सभी यूनिटों की बैठक बुलाई गई,जिसमें सभी ने एक स्वर में अमरीक सिंह के अगले 3 वर्षो के लिये नौजवान सभा के प्रधान के निर्णय का स्वागत किया। साथ ही निर्णय लिया गया कि सभी सभाएं गुरुनानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व की तैयारियों में लग जाये। जल्द ही नागरकीर्तन की सेवा के विस्तार को लेकर बैठक बुलाई जाएगी और संवभता नौजवान सभा की नई कमिटी का विस्तार भी किया जायेगा। अमरीक सिंह ने सभी सभाओ से आग्रह किया है कि वो जल्द अपनी कमिटी की लिस्ट जमा करे और नगरकीर्तन की तैयारियों में लग जाये,आज की बैठक में 90 से ज्यादा सदस्य शामिल हुए, जिसमें मुख्य रूप से टेल्को, तरकंपनी, कीताडीह, साकची, संतकुटिया, मानगो,गोलपहाड़ी जेमको, मनिफिट, बारीडीह, बिरसानगर, सुंदरनगर, बर्मा माइंस, सीतारामडेरा, टिनप्लेट, घाटशिला, बिरसानगर समेत कई नौजवान सभाओं के प्रधान एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभा के दमनप्रीत सिंह ने कहा कि कई वर्षों बाद इतने नौजवानों को एक साथ देखना सुखद एहसास है। आज की बैठक में मुख्य रूप से सेन्ट्रल सिख नौजवान सभा के पूर्व प्रधान सतिंदर सिंह रोमी एवं बलवीर सिंह बबलू को भी सिरोपा देकर उनका सम्मान किया गया। वही सेन्ट्रल गुरुद्वारा कमिटी के प्रधान सरदार भगवान सिंह ने कहा कि नौजवान सभा के प्रधान अमरीक सिंह को बधाई दी एवं कहा कि जल्द अपनी कमिटी का विस्तार करे। बैठक में मुख्य रूप से सेंट्रल सिख नौजवान सभा के प्रधान सरदार अमरीक सिंह, पूर्व प्रधान सतिंदर सिंह रोमी, बलवीर सिंह बबलू, त्रिलोचन सिंह, दमनप्रीत सिंह, इंदरजीत सिंह, चंचल भाटिया,जगतार नागी,राजेंद्र सिंह, मलविंदर सिंह, जगप्रीत सिंह, सरताज सिंह राजा, जोरावर सिंह, जगजीत सिंह, जगदीप सिंह, गगनजोत सिंह, सत्प्रीत सिंह, रंजीत सिंह, गुरबचन सिंह राजू समेत कई नौजवान उपस्थित रहे।

## एक्सएलआरआइ ऑनसेंबल-वल्हल्ला आज से, आइडिया समिट में इंडस्ट्री के दिग्गज देंगे लेक्चर

### प्ले बैक सिंगर अमित त्रिवेदी मचायेंगे धमाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ जमशेदपुर में ऑनसेंबल- वलहल्ला का 24वां संस्करण 2 से 5 नवंबर तक होने जा रहा है, जिसमें बालीवुड के सुप्रसिद्ध प्ले बैक सिंगर अमित त्रिवेदी को धमाल मचायेंगे। एक्सएलआरआइ की ओर से होने वाले इस एनुअल कल्चरल, स्पोर्ट्स व मैनेजमेंट फेस्ट की तैयारियां पूरी कर ली गयी है। इस दौरान करीब 40 से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित की जायेगी। कार्यक्रम में देश भर के 45 से अधिक बिजनेस स्कूलों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। इस वर्ष ऑनसेंबल वलहल्ला की थीम अनंत काल की गूंज तय की गयी है। दो नवंबर (गुरुवार) को टाटा ऑडिटोरियम में उक्त लांचिंग के साथ ही ऑनसेंबल वलहल्ला का विधिवत उद्घाटन होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में एचसीएल टेक्नोलॉजीज के पूर्व सीईओ एवं संपर्क फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष विनीत नायर शामिल होंगे। नायर टाटा आडिटोरियम में बी स्कूल के छात्रों-शिक्षकों को संबोधित भी करेंगे। इस दौरान द नेक्स्ट जेन लीडर, स्ट्राइक या यील्ड, वार ऑफ विट और कई अन्य जैसे 30 से ज्यादा प्रमुख सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल व मैनेजमेंट से जुड़े कई इवेंट होंगे।




#### आइडिया समिट में आयेंगे नये विचार

इस कार्यक्रम में आइडिया समिट का भी आयोजन किया जायेगा। जिसमें अलग-अलग सभी क्षेत्रों के दिग्गज शामिल होने के साथ ही अपनी बातों को प्रस्तुत करेंगे। इस साल, एसएचओ, सीएचआरओ और बिजनेस जैसे कई पैनल के साथ क्रिएटिविटी के क्षेत्र में विख्यात विश्वपति सरकार खा तौर पर शामिल हो रहे हैं। फाइनांस से संबंधित पैनल में स्टॉक्लोपेडिया से मोहित व मायुना जैन, हर्ष व हेत्वी कामदार, इंटरप्रेन्योर पैनल में सौम्या टंडन व श्रेया मेहता जबकि सीएचआरओ पैनल में महिंद्रा के एचआर हेड विनय अग्रवाल व अरविंद ग्रुप के असीम जगदाले खास तौर पर शामिल हो रहे हैं। ये सभी प्रतिस्पर्धियों को विशेष रूप से आइडिया समिट में विद्यार्थियों से रूबरू करवाया जायेगा।

**स्टैंडअप कामेडियन निशांत सूरी शहर के लोगों को गुदगुदायेंगे**

फेस्ट का सबसे मनोरंजक सेगमेंट द प्रो-शो इस साल खास होगा। 3 नवंबर को प्रसिद्ध 'इंडियन ओसियन' बैंड की प्रस्तुति होगी जबकि 4 नवंबर को स्टैंडअप कॉमेडियन निशांत सूरी कामेडी नाइट में परफार्म करेंगे जबकि 5 नवंबर की शाम 6.30 बजे बॉलीवुड के प्ले बैक सिंगर अमित त्रिवेदी अपनी आवाज से सभी को मदहोश करेंगे।

#### पास से मिलेगी इंट्री

इस शो में शामिल होने के लिए इंट्री पास के जरिये मिलेगी। पास ऑन्सेंबल वलहल्ला की वेबसाइट से बुक किए जा सकते हैं।

## चौथे झारखंड राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का हुआ उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बुधवार को श्रीनाथ विश्वविद्यालय परिसर में शुरू हुआ। जेएनएफ एक वार्षिक फिल्म महोत्सव है और फिल्म निमार्ताओं को अपना काम प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इसका उद्देश्य विशेष रूप से झारखंड क्षेत्र में सांस्कृतिक विविधता और सिनेमाई प्रतिभा को बढ़ावा देना है। उद्घाटन समारोह में शिक्षा जगत और फिल्म उद्योग के क्षेत्रों से सम्मानित अतिथियों का पैनल उपस्थित रहा। इस अवसर पर श्रीनाथ विवि के कुलाधिपति सुखदेव महतो, कुलपति डॉ गोविंद महतो, झारखंड राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के संस्थापक संतोष मित्रा (राजू), सह संस्थापक संजय सतपथी, जमशेदपुर विमेंस यूनिवर्सिटी के प्रो डॉ सनातन दीप, झारखंड मोशन पिक्चर्स प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सनातन दीप, प्रख्यात रंगकर्मी सह फिल्म निर्माता अनुज कुमार, विवेक उपाध्याय और कोरियाग्राफर रोहित मुखी उपस्थित थे। इस महोत्सव में लघु फिल्मों, वृत्तचित्रों, फीचर फिल्मों की एक समृद्ध श्रृंखला शामिल है, जो झारखंड और देश भर के फिल्म निमार्ताओं की अपार प्रतिभा और रचनात्मकता को प्रदर्शित करती है। उद्घाटन पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ।

### वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस का पैदल मार्च शुरू

## मनचलों, गुंडों, अड्डेबाजों की अब खैर नहीं

>> जनता में खोया आत्मविश्वास जगाने को एसएसपी किशोर कौशल की पहल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर शहर में आम जनता में आत्मविश्वास जगाने और मनचलों, अड्डेबाजों, गुंडों और माफियाओं का मनोबल तोड़ने के लिए जमशेदपुर पुलिस ने हर थाना क्षेत्र में पैदल मार्च की शुरुआत की है। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देशन में सिटी एसपी मुकेश लुणावत ने अभियान को बुधवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में लांच किया। सिटी एसपी मुकेश लुणावत के नेतृत्व में विभिन्न थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण अड्डे बड़ी छेड़खान सड़क पर अवैध रूप से पार्किंग को रोकने यातायात व्यवस्था को सुगम करने और आम जनों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से थाना क्षेत्र में वैसे स्थान या क्षेत्र जहां उक्त बिंदुओं पर संवेदनशीलता है वहां पैदल गश्ती की नई पहल की शुरूआत की गई है। इस पहल के तहत शहरी क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी थाना में पद स्थापित पदाधिकारी एवं बल के साथ सप्ताह में काम से कम तीन दिन पूर्व निर्धारित मार्ग पर निर्धारित समय के अनुसार पैदल गश्ती करेंगे। गश्ती के मार्ग का चयन अपराध की प्रवृत्ति छेड़खानी अड्डा,बड़ी ट्रैफिक की समस्या, अतिक्रमण की समस्या, बाजार या भीड़भाड़ वाले स्थान, स्कूल कॉलेज के आसपास अवैध पार्किंग आदि के आधार पर की जाएगी। गश्ती के मार्ग का चयन के संबंध में संबंधित क्षेत्र के आम जनों से भी राय लिया जाएगा कि उस थाना अंतर्गत किन-किन स्थानों पर पैदल गश्ती कराई जाए। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक नगर के स्तर से माह में एक बार प्रतिदिन रूट का चार्ट निर्गत किया जाएगा। इस पल में यदि अन्य एजेंसियों जैसे जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति, मानगो नगर निगम, जुगसलाई नगर परिषद या अन्य किसी विभाग के अधिकारी कर्मी की आवश्यकता पड़ने पर संबंधित विभाग के पदाधिकारी से संपर्क कर उनका सहयोग प्राप्त किया जाएगा। इस पहल के अंतर्गत संबंधित सहायक पुलिस अधीक्षक या पुलिस उपअधीक्षा शहरी क्षेत्र में सप्ताह में काम से कम एक बार स्वयं पैदल गस्ती में सम्मिलित होकर इसे प्रभावी बनाएंगे। इसी क्रम में आज पहले दिन बिष्टुपुर थाना अंतर्गत पुलिस ने रीगल गोल चक्कर से लोयोला स्कूल गोल चक्कर तक, साकची थाना अंतर्गत एसपी ऑफिस से साकची गोल चक्कर तक गोलमुरी थाना अंतर्गत गोलमुरी रोड टाटा गोल चक्कर से गोलमुरी हनुमान मंदिर तक, टेल्को थाना अंतर्गत खड़ंगा आजाद मार्केट से प्लाजा मार्केट तक, सोनारी थाना अंतर्गत बजरंग मंदिर चौक रूपनगर से स्वर्ण विहार के पीछे मरीन ड्राइव तक, जुगसलाई थाना अंतर्गत प्रदीप मिश्रा चौक से नगर पालिका ऑफिस का सीट गोद थाना अंतर्गत सेट गुड़ा पेट्रोल पंप से रामकृष्ण मिशन स्कूल तक परसुरई थाना अंतर्गत गोल पहाड़ी चौक से त्रिवेणी टावर तक पुलिस ने पैदल मार्च किया बाघ बड़ा थाना अंतर्गत रनिंग रूम से डीबी रोड चौक तक और मैंगो थाना अंतर्गत मांगो थाना से मांगो पल दुर्गा मंदिर के पास तक पैदल मार्च किया गया आजाद नगर थाना अंतर्गत चेपा पुल से पार्टी चौक तक सीताराम डेरा थाना अंतर्गत होटल विशाल से कल्याण नगर तक वर्मा माइंस थाना अंतर्गत स्टार टॉकीज भाया लकड़ी टालसे मुस्लिम बस्ती वर्मा माइंस गेट तक और बिरसा नगर थाना अंतर्गत गणेश स्वीट जो नंबर चार से अंग्रेजी शराब दुकान जोन नंबर आठ तक पैदल मार्च किया गया।

इसी तरह गोविंदपुर थाना अंतर्गत गोविंदपुर फटाक से शेष नगर मोड़ तक और उलीडीह थाना डिमना रोड से सुमन होटल तक पुलिस ने पैदल मार्च किया गया।



साकची में मिल एरिया रोड से साकची गोलचक्कर तक मार्च करते सिटी एसपी मुकेश लुनावत, एएसपी व पुलिस टीम।

## टाटा स्टील ने दूसरी तिमाही में कमाया 55,682 करोड़ रुपये का सकल राजस्व

खबर मन्त्र ब्यूरो

**मुंबई/जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने बुधवार को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय नतीजे पेश किए। कंपनी का समेकित राजस्व चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 55,682 करोड़ रुपये था। भारतीय कारोबार ने लगभग 20% का उच्च मार्जिन उत्पन्न किया और इबीआइटीडीए 6,841 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का छमाही के लिए समेकित राजस्व 1,15,172 करोड़ रुपये रहा।



प्रबंध निदेशक, टीवी नरेंद्रन ने कहा, टाटा स्टील इंडिया ने लगभग 5 मिलियन टन कच्चे इस्पात उत्पादन के साथ स्थिर प्रदर्शन किया। तिमाही के दौरान नए सिरे से अस्थिरता और मौसमी कारकों के बावजूद, घरेलू डिलीवरी में सालाना आधार पर 6% की बढ़ोतरी हुई। प्रमुख खंडों में, ऑटो और ब्रांडेड उत्पाद एवं खुदरा की अब तक की सबसे अच्छी 2 क्यू बिक्री रही। हमने कलिंगनगर सीआरएम कॉम्प्लेक्स में एफएचसीआर कॉइल्स का उत्पादन शुरू कर दिया है और हमारे कोल्ड रोल्ड स्टील के लिए ऑटोमोटिव ओईएम से अनुमोदन प्राप्त करना शुरू कर दिया है। हमारे मजबूत वितरण नेटवर्क की सहायता से गृह निमार्ताओं को हमारी खुदरा बिक्री लगातार बढ़ रही है।

## टाटा मोटर्स : पहली तारीख को ही मिल गयी सैलरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अब हर महीने 1 तारीख को टाटा मोटर्स के कर्मचारियों को सैलरी मिलेगी। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन की पहल पर आज पहली तारीख को कर्मचारियों के एकाउंट में सैलरी आ गई। इससे कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। ज्ञात हो कि टाटा मोटर्स के कर्मचारियों का मासिक वेतन हर महीने के 5 तारीख को उनके बैंक खाते में आया करती थी। कई कर्मचारी के बच्चे बाहर पढ़ाई करते हैं वहां के हिसाब से उन्हें पैसा भेजने में असुविधा होती थी। कई फाइनेंशियल इंस्टीट्यूट द्वारा 4 तारीख के मध्य रात्रि को बैलेंस हिट करने के कारण कई बार बाउंस की स्थिति बन जाती थी। इन सभी कारणो को देखते हुए आम कर्मचारियों की लगातार मांग यूनियन के अध्यक्ष महामंत्री से होती रही थी कि सैलरी की तारीख बदलकर 1 तारीख कर दी जाए।





## स्पीड न्यूज

### सरकार अपनी असफलता का ठीकरा केंद्र सरकार पर न फोड़ेः श्वेतांक गर्ग



**हुसैनाबाद पलामू।** भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू के महामंत्री श्वेतांक गर्ग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार का काम सब्जबाग दिखाकर केवल लॉलीपॉप देने वाला है। बड़े-बड़े वादे करके सत्ता पाते हैं । हेमंत सोरेन अपने सभी वादों को भूलकर केवल और केवल राज्य में भ्रष्टाचार को ही बढ़ावा दे रहे हैं। राज्य भर के युवा, छात्र, महिला, किसान सभी खुद को ठगे हुए महसूस कर रहे हैं। सत्ताधारी दल और उनके सहयोगी पार्टियों के नेता केवल बयानवीर बन बड़े-बड़े बयान देकर झूठी और खोखली पब्लिसिटी बटोर रहे हैं। सरकार अपनी असफलता का ठीकरा सिर्फ और सिर्फ केंद्र सरकार पर ही फोड़ती रही है। हम मुख्यमंत्री से मांग करते हैं कि अगर वह कुछ नहीं कर सकते हैं तो वह स्वतः अपना त्यागपत्र दे दें। राज्य की प्रतियोगी परीक्षाओं में खुले आम भ्रष्टाचार एवं भ्रष्टाचार पर आवाज उठाने वाले छात्रों पर करवाई की हो। राज्य की जनता ऐसे भ्रष्ट सरकार की राजनीति समझ चुकी है। भाजयुमो इस निकम्मी सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए कमर कस चुकी है।

### डी ए वी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया एकता दिवस



मेदिनीनगर। डीएवी पब्लिक स्कूल की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में एकता दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ जी एन खान ने वरिष्ठ शिक्षकों के साथ सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर एवं पुष्प अर्पण कर किया। प्रार्थना सभा की समस्त गतिविधियां एकता दिवस पर आधारित थी। विद्यालय की छात्राएं कोमल एवं कशिश ने सरदार जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वल्लभ भाई पटेल आधुनिक भारत के शिल्पकार हैं। छात्रा द्वय ने इंदिरा गांधी जी की दुखद मृत्यु की चर्चा करते हुए उन्हें भी नमन किया। विद्यालय के प्राचार्य जी एन खान ने बताया कि सरदार पटेल की आधुनिक भारत के श्रेष्ठ शिल्पकार हैं। सरदार पटेल की नेतृत्व क्षमता, दूरदर्शिता एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व के कारण ही 500 से अधिक रियासतों का भारत में विलय का दुशाहसी कार्य संभव हो सका। इस अवसर पर 200 मीटर की रन फॉर यूनिटी का भी आयोजन किया गया जिसे प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाई। इस दौड़ में बालिका वर्ग में एकता कुमारी प्रथम, राखी कुमारी द्वितीय तथा आरती कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में अभिनव चटर्जी प्रथम, अनुराग सिंह द्वितीय तथा जायद तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को प्राचार्य ने वरिष्ठ शिक्षकों की उपस्थिति में मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका तृषिता मोइत्रा ने किया तथा समन्वयक शिक्षक कन्हैया राय थे।

### दीपावली व छठ पर्व को लेकर नगर पंचायत में शुरू हुआ सफाई अभियान



**हरिहरगंज पलामू।** दीपावली व छठ महापर्व को लेकर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया के निर्देशानुसार शहरी क्षेत्र में मंगलवार से विशेष साफ-सफाई अभियान शुरू किया गया। इस दौरान मुख्य सड़क किनारे उगी घास, अररूआ खुर्द कालेज मोड़ के समीप नाली सहित कई जगहों पर कचरे की सफाई की गई। मौके पर सामुदायिक संगठनकर्ता विचित्रा कुमारी ने बताया कि कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देश पर शहरी क्षेत्र में सफाई का कार्य अभियान मोड में कराया जा रहा है और लगातार जारी रहेगा। बताते चलें कि हरिहरगंज नवगठित नगर पंचायत के नये कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया सीमित संसाधनों के बावजूद शहरी क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के निराकरण को लेकर हमेशा सजग दिख रहे हैं।

### डीलरों ने बीस सूत्री सदर प्रखंड अध्यक्ष के खिलाफ खोला मोर्चा

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के डीलरों ने उपायुक्त शशिरंजन व जिला आपूर्ति पदाधिकारी को आवेदन देकर बीस सूत्री सदर प्रखंड अध्यक्ष तेजू साव के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बारालोटा के डीलर सुनील भगत, जमूने के डीलर सरयू साव, हजारी कुमार गुप्ता समेत कई डीलरों ने आपूर्ति पदाधिकारी से बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष तेजू साव पर अवैध रूप से राशि मांगने का आरोप लगाया है। डीलरों ने कहा कि प्रतिमाह गरीब लाभूकों के बीच प्रतिमाह खाद्यान्न का वितरण कर सरकार के स्तर से प्रति किलोग्राम एक रूपये की दर से प्राप्त राशि से अपना जीवन यापन करते हैं। डीलरों ने कहा कि तेजू साव जबसे बीस सूत्री अध्यक्ष बने हैं वे अपने पद का धौंस दिखाकर सभी डीलरों से प्रत्येक माह दो हजार रूपये की मांग कर रहे हैं। पैसा देने से इंकार करने पर गाली गलौज समेत अभद्र व्यवहार करते हैं। साथ ही धमकी देते हुए जन वितरण प्रणाली दुकान को निलंबित कराने की बात कहते हैं। डीलरों ने जिला आपूर्ति से कहा कि पंचायत जमूने के कार्डधारियों के घर घूमकर राशन कार्ड बनवाने, नाम जोड़वाने, कटवाने के नाम पर प्रति व्यक्ति 500 रूपये गरीब लोगों से राशि लिया जाता है। जिसकी जांच करने पर सच्चाई सामने आ जायेगी। डीलरों ने डीसी व जिला आपूर्ति पदाधिकारी से मामले की जांच कर अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### बालू के सवाल पर मुख्यमंत्री का जवाब दुर्भाग्यपूर्ण : अविनाश वर्मा



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने एक बयान जारी कर कहा है कि कल पलामू की धरती पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आगमन नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण के दृष्टिकोण से प्रशंसनीय था, मगर स्थानीय प्रेस मीडिया के द्वारा पूछे गए ज्वलंत समस्याओं में से एक बालू की समस्या पर जब प्रश्न पूछे गए कि पलामू के लोगों को बालू कब से मिलेगा? मगर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा यह कहा गया कि बालू, ईंटा, कोयला की बातें दिल्ली से पूछिए। विदित हो कि पलामू समेत पूरे झारखंड में बालू के लिए हाहाकार मचा हुआ है सरकार की गलत नीतियों और अपने चुनिंदा चहेतो को मालामाल करने के उद्देश्य से बालू की कालाबाजारी और अवैध वसूली जोरों पर जारी है। अविनाश ने कहा कि इतनी पुरानी और गंभीर मुद्दे पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर को मुख्यमंत्री द्वारा हल्के में लेते हुए दिल्ली के नाम पर टाल देना पूरे झारखंड वासियों के साथ मजाक तो है ही गरीब और आदिवासियों के नाम पर बनाई गई गठबंधन की सरकार का घिनौना चेहरा भी है।

### एनपीयू के वित्तीय सलाहकार का निधन



**मेदिनीनगर।** नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के वित्तीय सलाहकार देबाशीष गोस्वामी का निधन 31 अक्तूबर को रांची में हो गयी। विवि के संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण की अध्यक्षता में शोक सभा किया गया। शोक सभा में विवि के कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य समेत अन्य कर्मियों ने देवाशीष के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। कुलपति प्रो तपन ने कहा कि देवाशीष गोस्वामी का निधन एनपीयू विवि के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक व्यक्त करनेवालों में डॉ अम्बालिका प्रसाद, डॉ के सी झा, डॉ ए के पांडे, डॉ ए के वैद्य तथा सभी शिक्षकेतर कर्मचारी शामिल थे।

### छापेमारी में 107 लीटर महुआ शराब जब्त

**हरिहरगंज पलामू।** उत्पाद अधीक्षक पलामू के निर्देश पर अवैद्य शराब बिक्री के खिलाफ उत्पाद निरीक्षक संजय कुमार ने हरिहरगंज थाना क्षेत्र के अंबा, वैद्य बिगहा, पासी टोला अररुआ खुर्द, एवं पाठक बिगहा में छापेमारी अभियान चलाया। संजय कुमार ने जानकारी देते हुए बुधवार को बताया कि छापेमारी के दौरान तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। दो व्यक्ति भागने में सफल रहे। वहीं छापेमारी के दौरान करीब 107 लीटर महुआ से निर्मित शराब तथा 225 किलो जावा महुआ को जब्त किया गया है। इस दौरान अवैध शराब कारोबारी में हड़कंप मच गया। इस अभियान में सहायक अवर निरीक्षक अनूप प्रकाश के अलावे उत्पाद विभाग के कई कर्मी शामिल थे।

## महायज्ञ को भव्य बनाने के लिए महिलाओं का जुटान

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा समिति की ओर से यज्ञ स्थल हाउसिंग कॉलोनी में महिला प्रकोष्ठ की बैठक में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला परिषद सदस्य सह महिला प्रकोष्ठ की संयोजक मीना गुप्ता ने किया। मौके पर महिला संयोजक मीना गुप्ता, अंजू सांगा, श्वेता तिवारी, रानी शर्मा ने उपस्थित सभी महिलाओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं महायज्ञ की रूपरेखा से अवगत कराया गया। उपस्थित सभी महिलाओं ने कलशयात्रा को भव्य और विशाल बनाने पर चर्चा की। इस दौरान डोर टू डोर कैंपेन, प्रतिष्ठित एवं प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं से संपर्क और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार करने पर बल दिया गया। मौके पर महायज्ञ समिति की मीना गुप्ता ने बताया कि महिलाओं के लिए कलश की व्यवस्था की गई है। इतना ही नहीं एकरूपता के लिए महिला कलशयात्रियों के बीच 2000 साड़ियों का वितरण भी किया जाएगा। इसके अलावा महायज्ञ समिति की महिला प्रकोष्ठ को मजबूत बनाया जाएगा ताकि महिलाओं को यज्ञ के दौरान कोई दिक्कत नहीं हो। वहीं पलामू में आयोजित महायज्ञ की चर्चा महाजन श्री के मुख से देश-विदेश के मंचों पर हो, उसके लिए भव्यता, नव्यता, सुंदरता लाने के लिए सुझाव एवं सलाह देने का आग्रह किया गया। इस दौरान शिव चर्चा, गायत्री परिवार, कई अन्य समिति एवं संगठन की महिलाओं ने भजन संध्या में सम्मिलित होने एवं महायज्ञ में महिलाओं को सुव्यवस्था मुहैया कराने में हरसंभव मदद का भरोसा दिया। मौके पुष्पा तिवारी, सुजाता सिंह, संजू शुक्ला, रेणु देवी, वार्ड पार्षद चंचला चंद्रवंशी, पूर्व पार्षद किरण अग्रवाल, भाजपा नेत्री उषा मखड़िया समेत महिलाएं मौजूद थी।

## रानी ताल डैम का पर्यटक स्थल में विकसित होने से लोगों को मिलेगा बेहतर पिकनिक स्पॉट : आयुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर/मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल ने चैनपुर प्रखंड अंतर्गत रानी ताल डैम की प्राकृतिक सौंदर्य की अनुपम छटा की प्रशंसा की। आयुक्त ने कहा कि मेदिनीनगर शहर के नजदीक रानी ताल डैम को पर्यटक स्थल के ग्रुप में विकसित होने से शहरवासियों को बेहतर पिकनिक स्पॉट मिलेगा। वे आज रानी ताल डैम पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को इतनी सुंदर जगह का लुत्फ उठाना चाहिए। रानी ताल डैम को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किये जाने को लेकर रूपरेखा तैयार की जा रही है। इसे विकसित होने एवं पर्यटकीय सुविधा के विस्तार से स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। स्थानीय लोग सबल हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि डैम आने वाली सड़क को भी दुरुस्त किया जाएगा, पर्यटकों को यहां आने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल के जिलों में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। सरकार पर्यटन संवर्धन पर कार्य कर रही है। पर्यटन स्थलों पर पर्यटकीय सुविधा एवं अन्य जन सुविधाओं का विस्तार होने से लोगों को फायदा होगा।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक सुंदरता के बीच बने पर्यटक स्थल ऑन पर पर्यटक पहुंचने के लिए उत्साहित एवं रोमांचित रहते हैं। पर्यटक स्थल विकसित होने से स्थानीय खान-पान एवं उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा। पर्यटक स्थलों पर स्थानीय युवाओं की भागीदारी आवश्यक है। इससे स्थल की एतिहासिक पृष्ठभूमि को जानने में मदद मिलेगी।

# राज्य के मंदिरों और धर्मशाला को चारागाह न समझें : संजीव तिवारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड में मंदिर, मठ व धर्मशाला को लोग जागिर समझ बैठे हैं। जिसका कहीं कोई लेखा जोखा नहीं है और न ही इसके उपर सरकार का नियंत्रण होता है। लोग फर्जी कमिटी या अपने मनमुताबिक कमिटी बनाकर संचालन करते हैं। उक्त बातें झारखंड हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य संजीव तिवारी ने कही। उन्होंने परिसदन में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि लोग मंदिर, मठ व धर्मशाला को अपना चारागाह न समझें। बोर्ड में अपना पंजीयन अवश्य करायें। इसे लेकर एक माह पूर्व से ही राज्य के सभी प्रमुख मंदिर, मठ व धर्मशाला के संचालकों को पत्र के माध्यम से पंजीयन कराने का आग्रह किया गया है। लेकिन कुछ लोगों को छोड़कर अधिकांश लोग पंजीयन नहीं कराये हैं। वैसे लोगों को पुनः आगाह करना चाहते हैं कि 10 दिनों के अंदर अपना पंजीयन करा लें वरना स्थानीय लोगों का एक कमिटी बनाकर संचालन करने का जवाबदेही सौंप दी जायेगी। तिवारी ने कहा कि झारखंड के देवघर व धनबाद में कुछ धर्मशाला को बेचने का काम किया गया है साथ ही कई धर्मशाला के मुलरूप को परिवर्तित करते हुए मॉल बना दिया गया है। वैसे लोगों पर सरकार द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद के राम जानकी मंदिर के जमीन को भी बेच दिया गया है। पूरे झारखंड में विवाद चल रहा है। जिसे निपटाने के लिए न्यास बोर्ड के द्वारा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेदिनीनगर के बाजार क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में चढ़ावे का पैसा दबंगों द्वारा ले लिया जाता है। मंदिर का देखरेख या पुजारियों के हितों को नहीं देखा जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी मंदिर के पुजारियों का बोर्ड द्वारा जीवन बीमा कराया जायेगा। साथ ही पुजारियों के मानदेय को लेकर बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव रखा जायेगा। प्रेस वार्ता में मनोज गुप्ता, सुनील तिवारी, मुन्ना सिन्हा मौजूद थे।

## झामुमो की सरकार रहने के बाद भी पाटन प्रखंड अध्यक्ष रोजगार के लिए भटक रहे : उमेश सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन पलामू।** पाटन छतरपुर विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह ने प्रेस वार्ता कर कहा कि भाजपा विधायक पुष्पा देवी द्वारा विधानसभा क्षेत्र में लगातार एक से बढ़कर एक विकास कार्य किये जा रहे हैं, जिससे झामुमो के लोगों को सहन नहीं हो रहा है। विगत दिन पाटन प्रखंड कार्यालय में विधायक द्वारा योजना का शिलान्यास किया गया। इसके बाद झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रंजीत सिंह के द्वारा विधायक पर बेबुनियाद व मनगढ़त आरोप लगाये गये हैं। उमेश सिंह ने कहा कि राज्य में झामुमो गठबंधन की सरकार होने के बावजूद झामुमो के लोग बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज कुमार से संपर्क कर कोटा मांगने का काम झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रंजीत सिंह कर रहे हैं। जब उन्हें विधायक कोटा से काम नहीं दिया गया तो वे बौखला गये और बौखलाहट में अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। इससे साबित होता है कि झामुमो के लोगों का मानसिक संतुलन खराब हो चुका है। रंजीत सिंह विधायक के खिलाफ गलत बयानबाजी बंद करें। उमेश सिंह ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा विधायक की जीत 30 हजार वोट से अधिक से होगी। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह ने कहा कि झामुमो के लोग अपनी हार को देखते हुए बौखला गये हैं और विधायक के खिलाफ गलत बयानबाजी कर रहे हैं। पाटन प्रखंड अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने कहा कि गठबंधन सरकार का कार्यकाल अंतिम चरण है। इसलिए झामूमो नेता द्वारा विधायक के खिलाफ गलत बयानबाजी किया जा रहा है। इस सरकार में लूट खसोट मची है। जेपीएससी परीक्षा में धांधती बरती गयी है। वर्तमान में बालू माफियाओं का राज हो गया है। हेमंत सरकार जनता को छल्र रही है। बेरोजगारों को लिए भत्ता नहीं दिया जो वादाखिलाफी है। प्रेस वार्ता में कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## केंद्रीय अंकेक्षण टीम ने पाटन में किया पीएम आवास का निरीक्षण



**पाटन पलामू।** केन्द्रीय अंकेक्षण टीम के द्वारा पाटन प्रखंड के पाल्हे कला पंचायत के कुन्दरी ग्राम और किशुनपुर पंचायत के किशुनपुर में पीएम आवास का स्थल निरीक्षण किया गया। इस अंकेक्षण दल में प्रेमचंद आरएस नागर और गीरीश मोहन शामिल थे। अंकेक्षण टीम ने वित्तीय वर्ष 2019 -20, 2020-21 और 2021-22 के पूर्ण आवास का बारिकी से जांच किया। साथ ही अंकेक्षण दल के द्वारा पीएम आवास में शौचालय पानी आदि व्यवस्था को देखा गया। अंकेक्षण दल के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का कैश बुक का अंकेक्षण किया गया। अंकेक्षण टीम ने कहा कि पीएम आवास योजना केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इस योजन के तहत सभी आवासविहीन गरीबों को पक्का का आवास दिया गया है। केंद्र सरकार की पीएम आवास योजना का लक्ष्य को हर हाल में पूरा किया जाना है। अंकेक्षण दल के क्षेत्र भ्रमण के दौरान पाटन बीडीओ दीपक कुमार मिश्रा, पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, प्रखंड समन्वयक और जिला समन्वयक उपस्थित थे।

## भैरोपुर विद्यालय में एनडीआरएफ ने चलाया आपदा सुरक्षा अभियान, स्कूली बच्चों को दिया विशेष प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड क्षेत्र कद रा कृत मध्य विद्यालय भैरोंपुर स्कूल में बुधवार को भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित एनडीआरएफ डिजास्टर रिस्पांन्स फोर्स टीम के बैनर तले जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा 1से 8वीं तक के छात्र छात्राओं को घातक बीमारियों जैसे हार्ट अटैक, प्राकृतिक आपदा, भुकंप, बाढ़ आदि जैसे विकट परिस्थितियों में सेल्फ बचाव को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर एनडीआरएफ के मुख्य कमांडर रविकांत ने बताया कि समस्त झारखंड में गृह मंत्रालय द्वारा एनडीआरएफ द्वारा प्राकृतिक आपदा, भूकंप व मानव आपदा सड़क दुघर्टना जैसे अन्य परिस्थितियों में बचाव हेतु यह जागरूकता अभियान हैं। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुर्यकांत कुमार ने ऐसे कार्यक्रमों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम राज्य व जिला द्वारा प्रखण्ड में मेरे विद्यालय में चयनित किया गया यह गर्व का विषय हैं । उन्होंने एनडीआरएफ सेफ्टी टीम को धन्यवाद दिया। मौके पर एस एसपी टीम कमांडर रविकांत कुमार, एस एस आई मुकेश कुमार, वृजेश कुमार सिंह, प्रबंधक समिति अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह, शिक्षक पंचम कुमार सिंह, शिक्षक अभिमन्यु कुमार, शिक्षक दिनेश कुमार सिंह, रंजू देवी , वार्ड सदस्य राधीका देवी, समाजसेवी लालू प्रसाद सिंह, ज्वाला सिंह, उदय सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### भाजपा नेता कर्नल संजय ने एस्क्लेपियस आयुर्वेद क्लिनिक का किया उदघाटन



**हुसैनाबाद (पलामू)।** जपला नवीनगर मुख्य मार्ग पर ग्राम दरुआ मोड़ (हुसैननगर) में एस्क्लेपियस आयुर्वेद क्लिनिक का शुभारंभ हुआ। भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने इस क्लिनिक का उदघाटन फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने क्लिनिक के संचालक डॉ पच्चु कुमार रवि से विभिन्न बिमारीयो से संबंधित आयुर्वेद से होने वाले इलाज को जाना। मौके पर कर्नल संजय के अलावा महुअरी पंचायत के पंसस बद्रीनारायण सिंह, पूर्व मुखिया लालधन ठाकुर, चंचल सिंह, मनोहर सिंह, सुभाष कुमार, क्लिनिक के सहायक मुकेश कुमार व कैलाश राम, दशई राम, गुदन राम, अक्षय कुमार समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे। कर्नल संजय सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र में आयुर्वेद क्लिनिक खुलने से आम लोगों और गरीब जरूरतमंद लोगों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि डॉ पच्चु कुमार रवि ने मानव सेवा के उद्देश्य से अपने कार्यों का निष्पादन कर रहे हैं इसके लिए इन्हें ढेर सारी बधाई दी। डॉ रवि ने बताया कि यह क्लिनिक खोलने का उद्देश्य सुदूर क्षेत्रों के लोगो को बड़ी आसानी से आयुर्वेद द्वारा सस्ते दर में इलाज मुहैया कराना है।

### ईलाज के दौरान युवक की मौत



**चैनपुर (पलामू)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के लादी निवासी स्व राजकुमार प्रजापति के 22 वर्षीय पुत्र अनूप प्रजापति की मौत इलाज के दौरान हो गई। इसका इलाज रांची के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। गुरुवार को इमरोज अंसारी एवं अनूप प्रजापति मोटरसाइकिल से लेस्लीगंज से वापस आते हुए मुंदरिया में दो बाईक में टक्कर हो गई थी, जिसमें अनूप प्रजापति एवं इमरोज अंसारी गंभीर रूप घायल हो गया था। मृत्यु की जानकरी मिलते हि झामुमो नेता अविनाश देव, जिप सदस्य प्रमोद सिंह, फैजाएल अहमद, सदर मोतलिब अंसारी, विष्णु प्रजापति, मुखिया पति दिनेश राम सहित कई लोग मृतक के घर पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।

### पूर्व वार्ड पार्षद दीनानाथ प्रसाद की रेहला में मनाई गई छठी पुण्य तिथि

**विश्रामपुर पलामू।** गरीबो के रहनुमा एक आवाज पर गरीब शोषित वंचित के साथ खड़ा रहने वाले पलामू जिला के रेहला नगर क्षेत्र निवासी पूर्व वार्ड पार्षद दीनानाथ प्रसाद का छठा पुण्य तिथि मनाया गया। दीनानाथ प्रसाद के पुत्र युवा समाजसेवी धर्म में मजबूत आस्था रखने वाले ज्वाला गुप्ता आज अपने पिता के पुण्य तिथि पर विश्रामपुर नगर परिषद में रह रहे मुसहर परिवार के बीच जाकर सभी को भोजन कराया। भोजन के बाद सभी के बीच नगद राशी एवं वस्त्र का वितरण किया। ज्वाला गुप्ता ने अपने पिता के बारे में बताया दीनानाथ प्रसाद जन जन के दिल में गहरा छाप छोड गई हैं। उनकी कमी आज भी रेहला नगरवासी को खल रही है। वो सदैव जमात की राजनीति किया जात की नहीं और उन्ही के पदचिन्ह पर चलकर मैनें भी अपना पूरा समय गरीब शोषित वंचित के लिए भय भूख भष्टाचार की लडाई लडता हूं रेहला में एक भी व्यक्ती भूख से ना मरे यह मेरे पिता का सपना था जो सपना को पुरा कर रहा हूं। मौके पर परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## बालू सस्ता व सुलभ करो : राजीव

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** एटक से संबद्ध झारखंड राज्य दिहाड़ी मजदूर यूनियन ने बालू के सवाल पर समाहरणालय परिसर में मजदूर महापंचायत का आयोजन किया। जहां वक्ताओं ने राज्य सरकार से बालू के सवाल पर चुप्पी तोड़ने और बालू सबके लिए सस्ता व सर्वसुलभ कराने की मांग की। इसके पूर्व मजदूरों की एक रैली शिवाजी मैदान से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए कचहरी परिसर पहुंची। महापंचायत की अध्यक्षता दिहाड़ी मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष गौतम कुमार और संचालन महासचिव राजीव कुमार ने किया। मौके पर राजीव कुमार ने कहा कि विगत ढाई सालों से झारखंड में बालू की संकट पैदा कर बालू को माफिया और ठेकेदारों के हवाले कर दिया गया है। एनजीटी और कोर्ट के द्वारा रोक हटाने के बावजूद भी पलामू में बालू का उठाव शुरू नहीं किया गया है, लेकिन प्रशासन पुलिस और माफिया के गठजोड़ से बालू बड़े लोगों को आसानी से उपलब्ध हो रहा है। बालू सबको मिले, सस्ता मिले, बालू की उपलब्धता सुलभ हो और बालू से माफियागिरी बंद हो तभी मजदूर यूनियन चुप बैठेगी।

## खनन के लिए ले जा रहे मशीन को ग्रामीणों ने रोका

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पिछले चार माह बाद बुधवार को माइंस में खनन कार्य के लिए प्रबंधन द्वारा ले जा रहे मशीन को ग्रामीणों ने रोक दिया। जिसे बाद में प्रबंधन ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी मशीनों को अपने वर्कशॉप में वापस खड़ा कर दिया। मालूम हो कि डीजीएमएस के निर्देशानुसार 15 जून से 31 अक्टूबर तक खनन कार्य बंद कर दिया गया था। बुधवार को जब प्रबंधन द्वारा माइंस में खनन कार्य के लिए मशीन ले जाया जानें लगा तो ग्रामीणों ने मशीन को माइंस में जाने से रोक दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि सीसीएल प्रबंधन कोल मंत्रालय के आदेश का अवहेलना कर रहीं हैं। ग्रामीणों के अनुसार कोल मंत्रालय ने सीसीएल प्रबंधन को निर्देश दिया था कि जो भी जमीन अधिग्रहण किया जा रहा है उस जमीन के मालिकों को मुआवजा व नौकरी देने के बाद ही खनन कार्य किया जाएगा। लेकिन प्रबंधन ऐसा नहीं कर रहीं हैं।

## सरदार पटेल की जयंती पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में कई कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता







**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में सरदार वल्लभ भाई पटेल के 148 वें जन्म दिवस मनाया गया। इसके अन्तर्गत विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं हेतु दौड़, भाषण, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं विशिष्ट प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा के आरम्भ में सभी छात्रों व शिक्षकों को एकता की शपथ दिलाई गई।

पश्चात कक्षा आठवीं की छात्रा श्रेया श्रुति के द्वारा एकता व अखंडता सम्बंधी सरदार पटेल के प्रयासों को विस्तार पूर्वक वर्णन किया। प्रार्थना सभा के बाद बारहवीं तक के छात्रों के लिए दो सौ मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। अन्त में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में ज्ञान वृद्धि का सार्थक प्रयास किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ॰ ए॰ के॰ सिंह ने कहा कि पटेल भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री भी रहे।

गांधी जी के विचार धाराओं का आकर्षण और ब्रिटिश सरकार के प्रति घृणा ने उन्हे स्वतंत्रता संग्राम के लिए प्रेरित किया। अत्यधिक बिखरी मानसिकता वाले भारतीयों को एकता के सूत्र में पिरोने वाले इस महापुरुष की महानता अनन्य थी। सरदार वल्लभ भाई पटेल लौह पुरुष के रुप में प्रसिद्ध थे। उनके महान व्यक्तित्व से अंग्रेज भी खौफ खाते थे। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा सरदार पटेल जी के जन्मदिवस राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनाने की घोषणा की। पटेल जी एक सच्चे देश भक्त एवं क्रान्तिकारी थे।

देशवासियों को उनसे सीख लेकर अपने परिवार, समाज एवं राष्ट्र के लिए सदैव तत्पर एवं समर्पित रहना चाहिए। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्हे मृत्यु के पश्चात भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजीव मिश्रा के द्वारा किया गया। निशी यादव एवं दिलीप कुमार मिश्रा के द्वारा भी पटेल जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## मुखिया रिंकी यादव ने स्कूली बच्चों के बीच किया लड्डू का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के उमवि लोहरा पोखरी हरिजन टोला में धावाडीह पंचायत के मुखिया रिंकी यादव ने बुधवार को बच्चों में लड्डू वितरण कर इस योजना की शुरूआत किया।

मौके पर मुखिया रिंकी यादव ने कहा कि सरकार के द्वारा सभी सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को सप्ताह में एक दिन बुधवार को मड़वा का लड्डू या हलवा देने की योजना है जो काफी सराहनीय है। मड़ुआ को खाने से बच्चे स्वस्थ रहेंगे। मड़ुआ का आटा काफी लाभदायक होता है। वहीं मध्याह्न भोजन योजना के प्रखंड प्रभारी विवेक कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालय में आज से रागी का लड्डू या हलवा की शुरूआत हो गई है। बच्चों को सप्ताह में एक दिन मड़ुआ का लड्डू या हलवा देना है। मड़ुआ का लड्डू या हलवा बच्चे काफी पसंद कर रहे हैं।

मौके पर सीआरपी सुधीर कुमार मिश्रा, प्रभारी प्रधानाध्यापिका बिमला कुमारी, रसोईया पूनम देवी, चंपा कुंवर समेत बच्चे मौजूद थे।

# धनबाद : व्यवसायी दीपक अग्रवाल गोलीकांड में चार अपराधी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** बुधवार को धनबाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली धनबाद एसएसपी संजीव कुमार ने प्रेसवार्ता कर व्यवसायी दीपक अग्रवाल गोलीकांड का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि दिनांक 28 अक्टूबर 2023 को बैंक मोड़ थाना अंतर्गत अवस्थित गुडविल मार्केट में कार सेंटर स्पेयर पार्टस नामक दुकान के मालिक दिपक अग्रवाल को जान मारने की नियत से अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली फायर किया गया था। जिसमें उक्त व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थें। उक्त काण्ड के उद्धभेदन एवं अनुसंधान हेतु गठित विशेष अनुसंधानक दल (एस आई टी) के द्वारा काण्ड मे शामिल अपराधकर्मी जिनमें मो छोटू, मो रेहान रजा उर्फ आर्यन खान फैजल, आतीफ अली उर्फ गोलु, साहील अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों के तलाशी के दौरान तीन मोबाइल दो जिंदा गोली घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं वस्त्र आदि बरामद कर जप्त किया गया है। पूछताछ के दौरान अपराधियों ने मोहम्मद छोटू के द्वारा घटना में प्रयुक्त अग्नेय शस्त्र को केंदुआडीह थाना अंतर्गत कुसुंडा रेलवे लाइन के बगल में झाड़ी नुमा स्थान में छुपाए जाने की बात बताई गई।

जिसके बात गठित अनुसंधान दल के द्वारा अपराध कमी मोहम्मद छोटू के निशान देही पर उक्त स्थल से घटना में प्रयुक्त एवं अवैध पिस्टल एवं दो जिंदा गोली बरामद कर विधिवत जप्त किया गया है उक्त स्थल पर बरामद अज्ञेय शास्त्रों की जपती प्रक्रिया के पश्चात अपराध कमी मोहम्मद छोटू को सरकारी वाहन में बैठ जाने के क्रम में उसके द्वारा अनुसंधान दल के पुलिस पदाधिकारी पुलिस अवर निरीक्षक नंदू पाल की सरकारी पिस्टल को निकालकर कॉक करते हुए भागने का प्रयास किया गया।

जिसे छापामारी दल के द्वारा रोकने के क्रम में एवं छीना झपटी में सरकारी पिस्तौल से तीन गोली फायर हो गया। जिसमें एक गोली अपराध कमी मोहम्मद छोटू के पैर में लगी तथा दो गोली वहां में लगी। तत्पश्चात जख्मी अपराध कमी मोहम्मद छोटू को समुचित इलाज हेतु धनबाद एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया। उपरोक्त दोनों कांडों में शेष अपराध कर्मियों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी सुसंगत साक्ष्य संकलन किया जा रहा है।

### छापामारी दल में शामिल लोग

छापामारी दल में मुख्य रूप से अजीत कुमार भारतीय पुलिस सेवा पुलिस अधीक्षक नगर, कपिल चौधरी भारतीय पुलिस सेवा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अरविंद कुमार बिना झारखंड पुलिस सेवा पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था धनबाद , अमर कुमार पांडे झारखंड पुलिस सेवा पुलिस अधीक्षक मुख्यालय वन, सुनील कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक धनबाद, स्मृति अर्चना पुलिस उपाधीक्षक धनबाद, प्रदीप कुमार पुलिस उपाधीक्षक धनबाद, सुरेंद्र कुमार सिंह थाना प्रभारी, विनय कुमार थाना प्रभारी, प्रभात रंजन पांडे थाना प्रभारी, नंदू पाल थाना प्रभारी, दीपक कुमार थाना प्रभारी, राजन कुमार राम थाना प्रभारी एवं थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# धनबाद में बढ़ते अपराध को लेकर 55 चैंबरो ने किया दुकानें बंद

## सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ सड़क पर उतरे व्यापारी, रोष

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** कोयलांचल में बढ़ते अपराधिक मामलों को लेकर बुधवार को व्यवसाई अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानें बंद रखी। बंदी का असर पुरे दिन देखा गया। जगह-जगह पुलिस प्रशाशन के खिलाफ रैली निकाली गई। बैंक मोड़ चैम्बर, पुराना बाजार चैम्बर, सरायढेला चैम्बर, हीरापुर पार्क मार्केट चैम्बर, एल सी रोड चैम्बर, बरटांड चैम्बर, बड़वाअड्डा चैम्बर, झरिया चैम्बर समेत सभी 55 चैम्बर की दुकानें बंद रखी गई। बाजार समिति ने भी समर्थन देते हुए दुकानें बंद रखी।

**100 करोड़ से अधिक का कारोबार प्रभावित**

व्यापारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से जिले में 100 करोड़ से अधिक के कारोबार प्रभावित होने का अनुमान लगाया गया। जिला चैम्बर ऑफ कॉमर्स के महासचिव अजय नारायण लाल ने कहा की व्यापक बंदी से 100 करोड़ से अधिक का व्यापार प्रभावित हुआ है। वहीं जिला चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष चेतन गोयनका ने बंदी को सफल बताते हुए कहा की सराफा बाजार में करीब 15 करोड़ का व्यवसाय प्रभावित रहा।

**मेडिकल दुकानें भी रही बंद**

व्यवसाय संगठन के अनिश्चितकालीन हड़ताल को केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने भी समर्थन दिया था। जिसका नतीजा रहा की जिले के सभी दवा दुकानें बंद रही। इससे मरीजों को वक्त पर दवा मिलना मुश्किल हो गया। हालांकि अस्पताल के मेडिकल स्टोर खुले रहे। जिससे ना केवल इनडोर मरीजों बल्कि बाहर से दवा लेने आए लोगों को भी राहत मिली।

### पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट व्यापारी

एक तरफ व्यापारी संघ बुधवार को अनिश्चितकालीन बंदी की तैयारी में था तो वहीं पुलिस मंगलवार की रात से ही ताबरतोड़ छापेमारी कर अपराधियों की गिरफ्तारी कर रहा था। जिसका नतीजा रहा की 4 से अधिक अपराधियों की गिरफ्तारी भी हुई लेकिन व्यापारी संघ इससे संतुष्ट नहीं दिखा। जिला चैम्बर के महासचिव अजय नारायण लाल ने कहा की अब गिरफ्तारी से बात नहीं बनेगी। अब जब तक पुलिस प्रशाशन हर एक व्यापारियों को सुरक्षा की गारंटी नहीं देगी तब तक हड़ताल जारी रखा जाएगा। कहा की व्यापारियों को जब तक पुलिस आश्वस्त नहीं कर देगी की अब उनपर गोली नहीं चलेगी और धमकी नहीं मिलेगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## प्रशासन पर रखें विश्वास, स्वास्थ्य सुविधा करें बहाल : वेदप्रकाश



**सिंदरी।** धनबाद जिला में गिरती कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए जिला चेम्बर ऑफ कामर्स के बेमियादी बंदी के समर्थन में सिंदरी चेम्बर ने भी सिंदरी के बाजारों को बंद कराया। सिंदरी शहरपुरा बाजार को छोड़कर बुधवार को गौशाला, कांड्रा सहित सभी शोरूम और प्रतिष्ठान खुले रहे और व्यापार हुआ। इसमें धनबाद नवनिर्माण संघ अध्यक्ष वेदप्रकाश ओझा ने स्वास्थ्य सुविधाओं को बहाल करने की माँग जिला चेम्बर से की।

सिंदरी चेम्बर ऑफ कामर्स अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू ने कहा कि सिंदरी शहरपुरा बाजार में दवा दुकानों सहित अन्य दुकानें बंद रखी गईं। व्यापारियों ने गिरती कानून व्यवस्था का विरोध प्रकट किया है। जिला चेम्बर के आव्हान पर पूर्ण बंदी की गई है। जनता मजदूर संघ (बच्चा गुट) सचिव वेदप्रकाश ओझा ने बताया कि बुजुर्गों, महिलाओं सहित बीमार व्यक्तियों की स्वास्थ्य सुविधा को ख्याल में रखते हुए दवा दुकानों सहित ओपीडी की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन को बधाई का पात्र बताते हुए कहा कि पूर्व में भी धनबाद में हुई कई अपराधिक घटनाओं पर प्रशासन लगाम लगाई है। प्रशासन पर विश्वास रखें, जल्द ही इस गोलीकांड का उद्भेदन किया जाएगा।

### बजरंगी रजक हुए डीवीसी चंद्रपुरा से सेवानिवृत



**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी में आयोजित विदाई सह सम्मान समारोह में डीवीसी कर्मी बजरंगी रजक को उपहार भेटकर उन्हें सम्मानित किया गया। मौके पर वरिष्ठ जीएम पीके मिश्रा ने सेवानिवृत्त बजरंगी रजक के कर्तव्य निष्ठा की सराहना की और कहा कि इनके कार्य अतुलनीय है।

## व्यक्तिगत उत्कृष्टता पुरस्कार से नवाजे गयें बीएडके महाप्रबंधक एम के राव




**बेरमो।** कोल इंडिया के 49 वॉ स्थापना दिवस के अवसर पर कोल इंडिया ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों कोयलाकमीर्यों को पुरस्कार एवं प्रमोशन देकर सम्मानित किया है। कोल इंडिया के सीसीएल कम्पनी के बोकारो एवं करगली क्षेत्र के महाप्रबंधक एम के राव को व्यक्तिगत उत्कृष्टता पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। ये पुरस्कार सुरक्षा उत्पादन एवं समाजिक उत्थान करनें के लिए कोल इंडिया अपने अधिकरियों को इस वर्ष से ही ये पुरस्कार देना आरंभ किया हैं। इससे पूर्व महाप्रबंधक एम के राव को उत्कृष्ट महाप्रबंधक का पुरस्कार कोल इंडिया ने दिया था। राव ने कहा कि वरीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों यूनियन प्रतिनिधियों, विस्थापितों एवं सभी के सहयोग एवं सार्थक पहल के वजह से ही ये पुरस्कार मुझे मिला हैं,सभी को समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया देश का महारत्न कम्पनी हैं देश को वर्तमान समय में भी 75 प्रतिशत बिजली कि जरूरत को कोल इंडिया पूरी करतीं हैं। बोकारो एवं करगली क्षेत्र के यूनियन प्रतिनिधि,अधिकारी ने महाप्रबंधक एम के राव को बधाई दी।

### बेरमो को जिला बनाओ संघर्ष समिति की बैठक सम्पन्न

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट अधिवक्ता संघ के पुस्तकालय भवन मे कामेश्वर मिश्रा के अध्यक्षता मे बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति की बैठक का आयोजन किये गया जिसमें मुख्य रूप से अधिवक्ता संघ के माहा सचिव वकील प्रसाद महतो, संयोजक संतोष कुमार नायक सहित कई लोगो ने भाग लिया. वहीं कामेश्वर मिश्रा के द्वारा बताया गया की 7नवम्बर को बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार को और 21 नवम्बर को बोकारो उपायुक्त कुलदीप चौधरी को झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमत सोरेन के नाम पर ज्ञापन सौंपा जायेगा. ज्ञात हो की समिति के द्वारा कई वर्षो से बेरमो को जिला बनाने की मांग की जा रही है. वही बताया गया की 7नवम्बर को हजारों की संख्या मे लोगो का जुटाने जिला बनाने की मांग को लेकर होगा. इसके लिए अभी से समिति के द्वारा तैयारी की जा रही है अनुमंडल के सभी पंचायत के प्रतिनिधियों से सम्पर्क किया जा रहा है।

### बीएंडके क्षेत्र में मना कोल इंडिया का स्थापना दिवस



**बेरमो।** बोकारो एव करगली क्षेत्रीय कार्यालय मे कोल इंडिया का 49 वां स्थापना दिवस मनाया गया। जहां सबसे पहले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उसके पश्चात खनिक प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा ध्वजारोहण के साथ कोल इंडिया का कॉरपोरेट गीत व राष्ट्रगान का गायन किया गया। साथ ही 39 कामगारों को पदोन्नती दी गई। कई बेहतर काम करने वाले कामगारों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि प्रभारी जीएम के डी प्रसाद ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 मे 90 लाख टन कोयला उत्पादन लक्ष्य को हर हाल हासिल करना है। इस अवसर पर स्टाफ ऑफिसर एसओ पीएंडपी शंभू कुमार झा, स्टाफ अधिकारी कार्मिक राजीब कुमार, एसओ भूमि राजस्व अघिकारी बी कुमार ठाकुर, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी दिनेश्वर मांझी, स्टाफ अधिकारी (उत्खनन) प्रवीण कुमार,स्टाफ अधिकारी (सिविल) सतीश कुमार सिन्हा, क्षेत्रीय वित्त प्रबन्धक ज्ञानेन्दु चौबे, प्रबन्धक कार्मिक पी एन सिंह, सहायक प्रबन्धक (कार्मिक) परेक्षा मिश्रा, चन्दन सिंह वही यूनियन प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह , टीनू सिंह, विजय भोई, डी पी मौर्या, सुशील सिंह, मनोज पासवान आदि उपस्थित थे।

### नयी आवास नीति के लिए भाजपा नगर अध्यक्ष ने की एफसीआई ओएसडी से मुलाकात

**सिंदरी।** भाजपा सिंदरी नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक ने एफसीआईएल आवासों के लिए जारी नये नीति पर विचार विमर्श के लिए एफसीआईएल ओएसडी सुरेंद्र सिंह शेखावत से दिल्ली कार्यालय में बुधवार को मुलाकात की। भाजपा सिंदरी नगर अध्यक्ष ने दूरभाष पर बताया कि अनाधिकृत रुप से कब्जाधारियों के लिए एफसीआईएल प्रबंधन द्वारा जारी नयी नीति में बदलाव के लिए ओएसडी से मुलाकात की गई है। इसमें संशोधन की माँग की गई है। उन्होंने ओएसडी को बताया कि गिरते ढाँचे की मरम्मती कर सिंदरीवासियों ने आवासों को रहने लायक बनाया है। उन आवासों के किराए में संशोधन कर एकमुश्त राशि जमा करने वालों को 25 प्रतिशत की जगह 50 प्रतिशत छूट दी जानी चाहिए।

## स्पीड न्यूज

### एफसीआई वेलफेयर एसोसिएशन ने यूनिट प्रभारी से की मुलाकात

**सिंदरी।** सिंदरी की बुनियादी सुविधाओं पर एफसीआई वीएसएस इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन ने हर्ल सिंदरी यूनिट इंचार्ज उपाध्यक्ष सुरेश प्रमाणिक से बुधवार को मुलाकात की। उन्होंने छः मुद्दों को लेकर उनसे चर्चा की। इसपर हर्ल यूनिट प्रभारी ने बताया कि इन मुद्दों पर विचार किया जाएगा। एशोसिएशन अध्यक्ष सेवा सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सिंदरी के छः मुद्दों को लेकर हर्ल प्रबंधन से मुलाकात की गई है। इनमें सिंदरी में पानी के लिए समानांतर पाइपलाइन की व्यवस्था जलमीनार तक की जाए। सेटलिंग टैंक में जेनरेटर व्यवस्था, कारखाने से टाउनशिप की अलग बिजली व्यवस्था, कौशल विकास केन्द्र की व्यवस्था, एफसीआई के भूतपूर्व कर्मियों को लिखित डॉक्यूमेंट की व्यवस्था के लिए वार्ता की गई। बैठक में एशोसिएशन अध्यक्ष सेवा सिंह, उमाशंकर सिंह, आर सी प्रसाद, सुनील कुमार सिन्हा, सुरेंद्र प्रसाद शाह ने भाग लिया।

### चेन छिनतई का एक अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बोकारो।** पुलिस ने चेन छिनतई के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया जिसके पास से चोरी की गई सोने की चेन तथा एक काला रंग का बजाज पल्सर मोटरसाइकिल जब्त किया है। इस संबंध में सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार ने बताया कि विगत माह सेक्टर 3 ए के आवास संख्या 767 निवासी संतोष कुमार वर्णवाल की पत्नी से आरोपी ने सोने की चेन छीन लिया था। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान कार्य शुरू कर दिया किया था। अपराधी के खिलाफ बोकारो के विभिन्न थानों में कुल पांच मामले दर्ज हैं जबकि 7-8 मामलों में आरोपी ने अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### बीएसएल में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन



**बोकारो।** राष्ट्रीय एकता दिवस पर बीएसएल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एकता दौड़ के प्रारम्भ में ईडी बीके तिवारी ने अधिकारियों एवं कर्मियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। तत्पश्चात गाँधी चौक से इस्पात भवन तक राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया जिसे ईडी तिवारी ने फ्लैग ऑफ किया। दौड़ में बोकारो इस्पात नगर के स्कूल के बच्चे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तथा बीएसएल सतर्कता विभाग की टीम ने सीजीएम व एसीवीओ अरुण कुमार के नेतृत्व में भाग लिया।

### सतर्कता जागरूकता पर इंटरैक्टिव कार्यशाला का आयोजन

**बोकारो।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह अभियान के तहत बीएसएल के सतर्कता विभाग के द्वारा ईडी (संकार्य) के कांफ्रेंस रूम में सीजीएम और विभागाध्यक्ष के लिए सतर्कता जागरूकता पर एक इंटरैक्टिव कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ईडी (संकार्य) बीरेंद्र कुमार तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल थे। सीजीएम (सतर्कता) अरुण कुमार ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सतर्कता के दृष्टिकोण पर कुछ केस ब्रीफ के उदाहरण के साथ चर्चा किया। कार्यक्रम में कुल 22 सीजीएम और विभागाध्यक्ष प्रतिभागी के रूप में शामिल थे। ईडी श्री तिवारी ने चर्चा के बाद कुछ प्रभावी सुझाव दिए।

## एक नजर में

### कसमार प्रमुख नियोती कुमारी ने थामा झामुमो का दामन



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड प्रमुख नियोति कुमारी ने पंसस पुनम मरांडी मंजु देवी समाजसेवी लोकेश दे समेत दर्जनों समर्थक संग झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। राज्य समन्वयक समिति सदस्य दर्जा प्राप्त मंत्री सह गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र महतो एवं बबीता देवी ने पार्टी का गमछा एवं फुलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। मौके पर श्री महतो ने कहा कि गोमिया विधानसभा समेत राज्य भर में झामुमो के प्रति लोगों का आस्था व विश्वास बढ़ रहा है। युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य का सर्वांगीण विकास हो रहा है। वहीं प्रमुख नियोती कुमारी ने कहा कि हेमंत सरकार द्वारा गरीब व अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के लिए कई जनहित की योजनाएं चलाई जा रही है। कहा कि पार्टी में एक समर्पित सिपाही की तरह कार्य कर संगठन को मजबूत करूंगी। इस दौरान उमेश दत्ता अमन कुमार शिवराम अड्डी राजकिशोर पाल आंनद दे संजय कुमार दे आशीष पाल कार्तिक पाल जगेश्वर दे सुखराम दे सपन सिंह सदानंद महतो गीता देवी सुजेश कुमार दे सुरेश दे अनिल महतो जयलाल महतो भोला प्रसाद समेत दर्जनों झामुमो में शामिल हुए। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा महतो मनोहर मुर्मू प्रिया देवी प्रकाश महतो राकेश सेठी सिकंदर कपरदार पिंकी देवी मिथुन महतो कपील महतो आदि मौजूद थे।

### साध्वी संयुक्तानंद ने गीता के पन्द्रहवें अध्याय पर दिया प्रवचन



**बोकारो।** साध्वी मिशन बोकारो द्वारा आयोजित पॉच दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ में पन्द्रहवां अध्याय का शुभारंभ गीता भवन जग्गनाथ मंदिर में करते हुए साध्वी संयुक्तानंद सरस्वती ने कहा कि हमारे द्वारा किए गए कर्म और उनसे प्राप्त हुए फल भोगने का सिलसिला जन्म-जन्मांतर तक चलता रहता है। सभी कर्मों के फल हमें उतना सुख नहीं दे पाते जितना हम कर्म शुरू करने के पहले आशा करते हैं। इसके फलस्वरूप हम दुखी होते हैं और नए सिरे से इससे भी अच्छे फलप्राप्ति के उद्देश्य से फिर कुछ काम करने का संकल्प कर लेते हैं। जिंदगी भर ऐसे ही चलता रहता है। इस दुःख से निवृत्ति ही मनुष्य जीवन का एकमात्र ध्येय है। देर-सवेर हर मनुष्य इसी लक्ष्य की ओर बढ़ेगा। चिन्मय मिशन बोकारो एवं चिन्मय विद्यालय के पदाधिकारियो ने बोकारो और चास के भक्तजनो से आग्रह किया की अधिक से अधिक संख्या में पधार कर भक्ति रस का आंनद उठाए।

### बोकारो संयंत्र में एचआरसीएफ द्वारा डिस्पैच का नया रिकॉर्ड

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के एचआरसीएफ विभाग ने अक्टूबर 2023 में 221814 टन प्राइम एचआर कॉइल्स के डिस्पैच का नया रिकॉर्ड हासिल किया है। प्राइम एचआर कॉइल्स के डिस्पैच का रेल और सड़क मार्ग से प्रेषण का यह उत्कृष्ट और उल्लेखनीय प्रदर्शन विभाग के लोडिंग टीम के द्वारा अन्य विभाग पीपीसी ट्रैफिक सीएमओ और हॉट स्ट्रिप मिल के साथ करीबी समन्वय से संभव हुआ है। अक्टूबर 2023 में सड़क मार्ग से 5650 टन एचआर कॉइल्स का सर्वकालिक रिकॉर्ड डिस्पैच पीपीसी विभाग के सराहनीय सहयोग से किया गया है। ईडी (संकार्य) बीरेंद्र कुमार तिवारी ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और सभी सदस्यों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई दी।


**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

**-: आम सूचना :-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दारू प्रखण्ड अन्तर्गत झुमरा बाजार से चुंगी वसूली हेतु बन्दोबस्ती वर्ष 2023–24 के लिए दिनांक 14/11/2023 को 2:00 बजे अपराहन् में उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, हजारीबाग के सभागार में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा की जायगी। नियम एवं शर्ते तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा Web Site- www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR310367 (District)23-24*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/SIMDEGA/05/2023-24**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओल्ड एज होम, सिमडेगा के भवन का जीर्णोधार | 1844846.00 | 37000.00 | 5000.00 | तीन माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 07.11.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में।
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 07.11.2023 से दिनांक 14.11.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –17.11.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,सिमडेगा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9060405905 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,सिमडेगा

PR 310377 Rural Development(23-24).D

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं. 28/2023–24**

| Sl. No. | Name of Item | Quantity | Sl. No. | Name of Item | Quantity |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Street Light (50 Watt) | 01 Pcs. | 16. | Gangbox | 01 Pcs. |
| 2. | LED Flood Light (150 Watt) | 01 Pcs. | 17. | MCB (10 Ampere) | 01 Pcs. |
| 3. | Street Light arm | 01 Pcs. | 18. | MCB (32 Ampere) | 01 Pcs. |
| 4. | RCC Pole Clamp | 01 Pcs. | 19 | PVC Tap | 01 Pcs. |
| 5. | Nut Bolt | 01 Pcs. | 20. | TPN MCB (32 Amp) | 01 Pcs. |
| 6. | LED Driver | 01 Pcs. | 21. | Contractor (32 Amp.) | 01 Pcs. |
| 7. | LED Bulb (15 Watt) | 01 Pcs. | 22. | Timmer | 01 Pcs. |
| 8. | LED tube light (18 Watt) | 01 Pcs. | 23. | Celling Fan (1200 mm) | 01 Pcs. |
| 9. | Angle Holder | 01 Pcs. | 24. | Rope Light | 01 Mtr. |
| 10. | 1-Core Copper wire (1.5 sq.mm) | 01 Mtr. | 25. | Rope Light Connector | 01 Pcs. |
| 11. | 1-Core Copper wire (4 sq.mm) | 01 Mtr. | 26. | Helmet | 01 Pcs. |
| 12. | 2-Core Aluminum wire (2 sq.mm) | 01 Mtr. | 27. | Hand Glover (Electrical work) | 01 Pcs. |
| 13. | 2-Core Aluminum wire (10 sq.mm) | 01 Mtr. | 28. | Plas tool with screw driver & Tester | 01 Pcs. |
| 14. | 4-Core Armoured Cable (10 sq.mm) | 01 Mtr. | 29. | 3-Phase Rotatory Charger (100 Amp) | 01 Pcs. |
| 15. | Switch (6 Amp) | 01 Pcs. | 30. | Boot shoes (Electrical work) | 01 Pcs. |

1. कोटेशन विपत्र का मूल्य :– 1000 रूपये (Non-Refundable)
2. सुरक्षित जमा राशि :– 25,000 रूपये (Refundable)
3. कोटेशन बिक्री का स्थान तिथि एवं समय :–नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 08.11.2023 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक
4. कोटेशन प्राप्ति का स्थान तिथि एवं समय:–कार्यालय, नगर निगम, हजारीबाग दिनांक 10.11.2023 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक
5. कोटेशन खोलने का स्थान तिथि एवं समय:–कार्यालय, नगर निगम, हजारीबाग दिनांक 10.11.2023 को 3.00 बजे अपराह्न से अंतिम कोटेशन खुलने तक
6. विज्ञापनदाता का पदनाम :–प्रशासक, नगर निगम, हजारीबाग।

नोट :– निविदा से संबंधित शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय में देखा जा सकता है।

PR.NO.310383 Urban Development and Housing(23-24):D प्रशासक, नगर निगम, हजारीबाग।


# झरिया वासियों ने किया जिला प्रशासन का पुतला दहन

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** झरिया धनबाद में आउट ऑफ कंट्रोल क्राईम को लेकर बाटामोड़ पर जिला प्रशासन का पुतला जलाया। 2003मे झरिया इंस्पेक्टर रामाकांत का ट्रांसफर रुकवाने के लिये चेंबर के साथ झरिया के आम जनता उतरे थे सड़क पर।

2023 जिला प्रशासन के आला कमान को हटाने के लिये चेंबर ने कराया बंदी तो सब्जी फल बिक्रताओं ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला जलाया। और जिला प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश व्यक्त किया पूर्व पार्षद अनूप कुमार साव ने कहा कि विगत 3 वर्षों में कोईलांचल में रंगदारी एवं अदावत के लिए कई हत्याएं कि गई जिसमें क्रमशः रेलवे ठेकेदार बबलू सिंह टायर व्यवसाय, रंजीत साहू कोयला व्यापारी, प्रवीण राय जमीन कारोबारी, राजकुमार साह एवं दर्जनों हत्याएं कोईलांचल में हो गई तथा सैकड़ो लोगों से रंगदारी मांगी गई कितनों ने अपराधी के डर से पुलिस तक पहुंचा भी नहीं यदि समय रहते व्यापारी आक्रोश व्याप्त करती तो शायद कितनों की जान बचाई जा सकती थी। इसलिए हम अपना दुकान नहीं बंद कर पाए पर इस लड़ाई में हम चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ है आक्रोश व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से हरीश जोशी, अशोक मालाकार, रवि शंकर, केसरी, अशोक प्रसाद बरनवाल, मंटू साव, संजय साव,भोले साव,रिंकू सिंह बबलू साव व अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# चुनावी बान्ड पर बहस

जब संसद में चुनावी बॉन्ड के प्रावधान को कानून का रूप देने का प्रयास किया जा रहा था तो तत्कालीन वित्तमंत्री की दलील थी कि इस कानून के अस्तित्व में आने से जहां चुनाव के लिये चंदा जुटाने में पारदर्शिता आएगी, वहीं भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगाया जाएगा। लेकिन एजी के बयान से तो कम से कम वह मंशा जाहिर नहीं होती है। निस्संदेह जनता को पता होना चाहिए कि किस राजनीतिक दल ने किस कॉर्पोरेट घराने से कितना चंदा लिया है। इसमें दो राय नहीं कि कॉर्पोरेट घराने भी सत्ता की हवा भांपकर उसी अनुरूप चंदा देते हैं। एक तरह से यह उनका आर्थिक निवेश ही होता है, ताकि कालांतर लोकतंत्र में पूंजीतंत्र का पोषण हो सके। यहां उल्लेखनीय है कि चुनावी बॉन्ड को लेकर कानूनी प्रावधान है कि चंदा देने वाला व्यक्ति डिजिटल पेमेंट करके एसबीआई के बॉन्ड खरीदता है। कानून के अनुसार राजनीतिक दल व बैंक चंदा देने वाले का नाम उजागर करने के लिये बाध्य नहीं हैं। इसकी वजह से केंद्र सरकार की वित्तीय नियामक संस्थाओं को पता होता है कि कहां से चंदा आया। जिसके चलते सरकार तो जान सकती है कि विपक्षी दल के पास चंदा किस स्रोत से आया है, लेकिन विपक्ष यह नहीं जान सकता कि सरकार को कितना चंदा मिला है और किससे मिला है। जाहिर है इसका लाभ सत्तारूढ़ दल को मिलता है। साथ ही चंदे की ज्यादा मात्रा भी उसके खजाने में आती है। यही वजह है कि कहा जा रहा है कि सत्तारूढ़ दल को कुल चंदे का दो तिहाई हिस्सा मिला है। कह सकते हैं कि इस प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी झलकती है। बहरहाल, लोकतंत्र की शुचिता इस बात पर निर्भर करती है कि किस तरह संसाधनों से चुनावी प्रक्रिया संपन्न हुई है। जाहिरा तौर पर नियम विरुद्ध और अपवित्र स्रोत से अर्जित धन कालांतर लोकतंत्र की पवित्रता पर आंच ही लाएगा।

# शेयर बाजार का जोखिम

कच्चे तेल और गैस की कीमतें पहले ही काफी ऊंची हैं। आयातित कच्चे तेल और गैस पर भारत की निर्भरता के बारे में सभी जानते हैं। ऊंची कीमतें अनिवार्य तौर पर चालू खाते का घाटा बढ़ाएंगी और मुद्रास्फीति में भी तेजी आएगी। चूंकि वैश्विक आर्थिक वृद्धि के कमजोर बने रहने का अनुमान है और अधिकांश देश उच्च मुद्रास्फीति से जूझ रहे हैं, ऐसे में उच्च निर्यात की मदद से व्यापार समीकरणों को संतुलित करने की गुंजाइश नहीं नजर आती।जब अमेरिकी प्रतिफल बढ़ता है, विदेशी निवेशक जोखिम वाली परिसंपत्ति से धन निकाल लेते हैं। फेडरल रिजर्व की सख्त मौद्रिक नीति अन्य केंद्रीय बैंकों के लिए अपने मौद्रिक रुख को त्यागना मुश्किल बनाएगी। चाहे जो भी हो, भारत में मुद्रास्फीति की दर चार फीसदी के लक्ष्य से काफी अधिक है। ऐसे में निकट भविष्य में दरों में कटौती की कोई संभावना नहीं है। उच्च अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और नीतिगत दृष्टिकोण के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 37,000 करोड़ रुपये से अधिक कीमत के भारतीय शेयरों की बिकवाली की। उच्च ब्याज दरें और उच्च मौद्रिक आपूर्ति दोनों शेयर बाजार मूल्यांकन के लिए नुकसानदेह हैं। वैश्विक कारकों को छोड़ दें तो भारतीय बाजार आगामी विधानसभा चुनावों और अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव पर भी करीबी नजर रखेंगे। आमतौर पर बाजार राजनीतिक अस्थिरता की संभावनाओं को लेकर सशंकित रहते हैं। ऐसे में अगली केंद्र सरकार के बारे में स्पष्टता नहीं आने तक बहुत बड़ी मात्रा में नकदी अनिर्णय की स्थिति में रह सकती है।उदाहरण के लिए जेफरीज के इक्विटी स्ट्रैटजी विभाग के वैश्विक प्रमुख क्रिस्टोफर वुड ने इस सप्ताह एक कार्यक्रम में कहा कि यदि 2024 में भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत से सत्ता में वापसी नहीं करती है तो भारतीय शेयर बाजारों में 25 फीसदी तक की गिरावट देखने को मिल सकती है। खतरा राजनैतिक अनिश्चितता का भी और युद्ध से उत्पन्न स्थितियों का भी। इस कारण सावाधानी आवश्यक है।

# शूर्पणखा का विलाप

धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**शूर्पनखा** ने रावण को डांटकर बोली तुम रात दिन मदिरा पान करों और निद्रा में रहो। इस प्रकार पूर्वजों के इस राज का नाश हो जाएगा। सिर पर विपति आ गयी है और तुमको पता भी नहीं है। रावण ने कहा बहना क्या हो गया ? यह किसने किया? शूर्पनखा ने अपने नाक-कान दिखाते हुए कहा कि राम और लक्ष्मण नाम के दो युवक हैं। अयोध्या के राजा के लड़के हैं उनके साथ सीता नाम की स्त्री है। मैं उनका पता लगाने गयी तो मेरा नाक-कान काट दिया। रावण ने कहा तुम खर-दूषण के पास क्यों नहीं गयी। यही बताने आई हूं कि मैं खर-दूषण के पास गयी और वे दस हजार सेना सहित उनसे युद्ध करने गये और सभी मारे गये।

**प्रसंग का अध्यात्म**

घटनाएं जो धटती है प्रारव्धवश नियोजित होती है अथवा क्रियमाण के कर्म का फल होता है। लेकिन उसमें व्यक्ति की जो भावना होती है यही ईश्वर की ओर उन्मुख होती है या ईश्वर से विमुख करती है। जितनी घटनाएं घटी सब पूर्व नियोजित थी। लेकिन श्रीराम की भावना भक्ति की ओर उन्मुख थी। कारण है कि उनके भीतर हमेशा यही भाव है कि मेरे द्वारा वही हो जो गुरु महाराज चाहते हैं। वसिष्ठ जी ने जब कह दिया चित्रकूट के बाद जिन-जिन रास्ते पर वे चलने के लिये कहे जिन लोगों से मिलने की बात की वैसे ही वे चलते चले गये और इस बात का ख्याल रखें कि मैं जो भी करूं वो उनके अनुरूप करूं। अगर अगस्त्य जी ने बताया तो उसे भी माना।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

कॉर्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट डॉट कॉम

लेटर टू एडिटर

## वास्तविक हकदार

**दीपावली** से पूर्व सफाई कर्मियों के वेतन,भत्तों आदि में बढ़ोतरी की है, जिसके वे वास्तविक हकदार भी थे। उल्लेखनीय है कि राज्य के सभी कर्मियों तथा जनप्रतिनिधियों का वेतनमान सरकार पूर्व में बढ़ा चुकी थी, जिससे सफाई कर्मी वंचित थे। वेतन आदि में वृद्धि से सफाई कर्मियों को संबल मिलेगा, जिससे स्वच्छता मिशन को भी गति मिलेगी बीमारियों पर नियंत्रण हो सकेगा। **– बीएल शर्मा, रातू**

## मंदिर पर गतिरोध

**आजाद** भारत के इतिहास में इस मंदिर की वजह से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के बीच गतिरोध भी हुआ था। एक लंबी कहानी है सोमनाथ मंदिर की। इन कहानियों को सुनने के बाद आपको लिए सोमनाथ मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं रहेगा। जिजिविषा का, संघर्ष का और साथ ही इस संदेश का भी कि पुनर्निर्माण की ताकत हमेशा तबाही की ताकत से बड़ी होती। **– सुनीता उरांव, सिमडेगा**

# हमास का पक्ष लेता भारतीय विपक्ष !



**फिलिस्तीन** के आतंकी संगठन हमास ने सात अक्टूबर को इजराइल पर भीषण हमला कर उसके लगभग 1400 नागरिकों को मौत के घाट उतार दिया। लगभग 200 लोगों को बंधक बनाकर गाजा ले गया। मानवता के इन दुश्मनों ने इस हमले में क्रूरता की सारी सीमाएं लांघ दीं। बच्चों के सामने माता-पिता को मार देने फिर मासमूों को जलाकर कोयले में बदल देने जैसी जघन्य हरकत की। ऐसी बर्बरता और अपने नागरिकों की दुर्दशा को देखकर इजराइल का शोक और क्रोध में डूबना स्वाभाविक है। हमास समर्थक संगठन और कुछ देश आतंकवादियों की तरफ से विक्टिम कार्ड खेल रहे हैं।

विरोधी दलों का इंडी गठबंधन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा को हराने के लिए इसका राजनीतिक लाभ उठाने के प्रयास में है। सात अक्टूबर को जब हमास ने इजराइल पर एयर स्ट्राइक की तो भारत के किसी भी विरोधी दल के नेता ने इस आतंकी घटना की निंदा नहीं की। किंतु जैसे ही इजराइल की सेना ने हमास के आतंकवाद को समाप्त करने के लिए अपना अभियान प्रारम्भ किया वैसे ही ये सोते से जाग गए और फिलिस्तीन के नाम पर अपने मुस्लिम वोट बैंक को साधने का प्रयास करने लगे।

यह सभी लोग अच्छी तरह से जानते हैं कि हमास व हिजबुल्लाह जैसे संगठन बहुत ही खतरनाक और क्रूर आतंकवादी संगठन हैं। भारत में क्योंकि अगले कुछ माह में पांच राज्यों और उसके बाद लोकसभा चुनाव होने वाले हैं, इसलिए कांग्रेस सहित सभी विरोधी दल मुसलमानों के वोट पाने के लिए हमास जैसे आतंकवादी संगठन का साथ देते दिख रहे हैं। वोट बैंक को रिझाने के लिए ये कितना नीचे जा सकते हैं इसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि इजराइल पर हमला करने के बाद हमास के जिन आतंकवादियों ने एक महिला के नग्न शव की परेड निकाली, भारत में मुस्लिम वोट बैंक को प्रसन्न करने में जुटी ह्ललड़की हूं लड़ सकती हूं ह्व का नारा देने वाली कांग्रेस की एक नेता फिलिस्तीन के पीछे छुपकर उसी हमास के समर्थन में खड़ी दिखाई दे रही हैं और इस कुकृत्य की निंदा करने के बजाय इजराइल द्वारा आत्मरक्षा के लिए गाजा पर की जा रही बमबारी की निंदा कर रही हैं।

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर तो कुछ अन्य विरोधी दलों के नेताओं के साथ फिलिस्तीन के दूतावास तक पहुंच गए।



**–एम दीक्षित**

> **कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर तो कुछ अन्य विरोधी दलों के नेताओं के साथ फिलिस्तीन के दूतावास तक पहुंच गए। बाटला हाउस एनकाउंटर पर आंसू बहाने वालीं सोनिया गांधी संयुक्त राष्ट्र में भारत के रुख का विरोध करते हुए लेख लिख रही हैं। बीच के कुछ वर्षों को छोड़ दें तो 2013 तक भारत में कांग्रेस या उसके सहयोग वाली सरकारें ही रहीं किंतु इन सरकारों ने एक बार भी पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर एक शब्द भी नहीं कहा।**

बाटला हाउस एनकाउंटर पर आंसू बहाने वालीं सोनिया गांधी संयुक्त राष्ट्र में भारत के रुख का विरोध करते हुए लेख लिख रही हैं। बीच के कुछ वर्षों को छोड़ दें तो 2013 तक भारत में कांग्रेस या उसके सहयोग वाली सरकारें ही रहीं किंतु इन सरकारों ने एक बार भी पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर एक शब्द भी नहीं कहा। भारत में कश्मीरी हिन्दुओं का पलायन, 1984 में सिखों का नरसंहार जैसी घटनाएं हुईं, तब भी ये चुप रहीं। आज यही पार्टियां वोट बैंक के लिए फिलिस्तीन के नाम पर हमास का साथ दे रही हैं। मोहब्बत की दुकान के व्यापारी खूंखार हमास के साथ खड़े होकर आतंक की खरीद-फरोख्त कर रहे हैं।

इन दलों की वर्तमान कार्यप्रणाली ने साफ कर दिया है कि 2013 के पूर्व जम्मू कश्मीर का आतंकवाद और अलगाववाद, मुंबई जैसी बड़ी आतंकी घटनाओं सहित देश के विभिन्न हिस्सों में होने वाले बम धमाकों को कांग्रेस व इन मुस्लिम तुष्टिकरण करने वाले दलों का संरक्षण प्राप्त था। इन्हीं दलों की सरकारों की नीतियों के कारण दाऊद इब्राहीम जैसा आतंकवादी पाकिस्तान के संरक्षण में पल रहा है। इंडी गठबंधन में शामिल समाजवादीपार्टी का बस चलता तो उत्तर प्रदेश में हुए आतंकवादी हमलों में शामिल सभी आतंकियों को मुसलमान होने के नाम पर छुड़वा देती। किंतु न्यायपालिका के कारण समाजवादियों का यह प्रयास विफल हो गया। आज समाजवादी पार्टी खुलकर हमास जैसे आतंकवादी संगठन का समर्थन कर रही है। इजराइल के पलटवार के बाद से हर जुमे की नमाज के बाद फिलिस्तीन व हमास के समर्थन की आड़ में प्रधानमंत्री मोदी व उनकी नीतियों के खिलाफ जमकर प्रदर्शन हो रहे हैं। इन प्रदर्शनों में एआईएआईएम नेता ओवैसी तथा कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल भारत के सामाजिक वातावरण को अशांत करने का या फिर देश को दंगों की आग में झोंकने का प्रयास करते दिखाई दे रहे हैं। सबसे घृणित व विकृत बात यह है कि विपक्षी दलों के प्रवक्ता दो हाथ आगे जाकर हमास को एक क्रांतिकारी संगठन बता रहे हैं। टीवी चैनलों पर बहस के दौरान हमास को मानवाधिकार संगठन तक बताया जा रहा है। कुछ लोग यह भी कह रहे है कि फिलिस्तीन, गाजा और हमास के प्रति हमारी श्रद्धा है।

मानसिक संतुलन खो चुके एक पार्टी के प्रवक्ता ने हमास के समर्थन में कहा कि वह बिल्कुल वैसा ही क्रांतिकारी कार्य कर रहा है जैसा भारत के लोगों ने अंग्रेजों के विरुद्ध किया था और अंग्रेजों को मार भगाया था। विपक्षी गठबंधन द्वारा हवा दिए जाने का ही परिणाम है कि हमास के एक आतंकवादी ने केरल में एक रैली को वर्चुअल संबोधित किया। केरल में एनार्कुलम जिले में ईसाई समुदाय के एक सम्मेलन में हुए धमाकों में तीन लोगों की दुखद मौत हो गई और 51 लोग घायल हो गए। वहीं बिहार के पूर्णिया जिले में भी एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर कुछ आपत्तिजनक पोस्ट लिखे जाने के बाद हिंसा भड़क उठी। उसके बाद भी बिहार की नीतीश कुमार सरकार अल्पसंख्यक तुष्टिकरण पर उतारू है।मुस्लिम वोट बैंक के तुष्टिकरण में अंधे विपक्षी गठबंधन को समझना पड़ेगा कि इजराइल सदा भारत के साथ मजबूती खड़ा रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में जब भारत को आवश्यकता पड़ी इजराइल ने भारत का साथ दिया। अटल जी की सरकार के समय परमाणु परीक्षण होने पर विश्व के अनेक देशों ने भारत पर प्रतिबंध लगा दिये थे तब भी इजराइल भारत के साथ खड़ा रहा। ऐसे मित्र देश पर आतंकी हमला हो और भारत उसके साथ न खड़ा हो तो यह आत्मघाती होगा। केरल में हमास के पूर्व प्रमुख खालिद मशाल ने फिलिस्तीन समर्थक रैली को संबोधित कर हिन्दुत्व और यहूदीवाद को उखाड़ फेंकने का आह्वान कर चुका है। यह वामपंथी सरकार के संरक्षण से ही संभव हो पाया है।

खास बात

## विविधता में एकता

भारत की विविधता में एकता को देखना है, तो उसके पर्वों और त्योहारों पर नजर डालें। नवरात्र की शुरूआत के साथ ही चौमासे का सन्नाटा टूट गया है। माहौल में हल्की सी ठंड आ गई है और उसके साथ बढ़ रही है मन की उमंग। बाजारों में रौनक वापस आ गई है। घरों में साज-सफाई शुरू हो गई है। नई खरीदारी शुरू हो गई है। वर्षा ऋतु की समाप्ति के साथ भारतीय समाज सबसे पहले अपने पूर्वजों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए पितृ-पक्ष मनाता है। उसके बाद पूरे देश में त्योहारों और पर्वों का सिलसिला शुरू होता है, जो अगली वर्षा ऋतु आने के पहले तक चलता है। जनवरी-फरवरी में वसंत पंचमी, फिर होली, नव-संवत्सर, अप्रैल में वासंतिक-नवरात्र, रामनवमी, गंगा दशहरा, वर्षा-ऋतु के दौरान रक्षा-बंधन, जन्माष्टमी, शिव-पूजन, ऋषि पंचमी, हरतालिका तीज, फिर शारदीय नवरात्र, करवाचौथ, दशहरा और दीपावली।

हमारा हर दिन पर्व है। यह खास तरह की जीवन-शैली है, जो परंपरागत भारतीय-संस्कृति की देन है। जैसा उत्सव-धर्मी भारत है, वैसा शायद ही दूसरा देश होगा। इस जीवन-चक्र के साथ भारत का सांस्कृतिक-वैभव तो जुड़ा ही है, साथ ही अर्थव्यवस्था और करोड़ों लोगों की आजीविका भी इसके साथ जुड़ी है। आधुनिक जीवन और शहरीकरण के कारण इसके स्वरूप में बदलाव आया है, पर मूल-भावना अपनी जगह है। यदि आप भारत और भारतीयता की परिभाषा समझना चाहते हैं, तो इस बात को समझना होगा कि किस तरह से इन पर्वों और त्योहारों के इर्द-गिर्द हमारी राष्ट्रीय-एकता काम करती है।

कश्मीर से कन्याकुमारी तक और अटक से कटक तक कुछ खास तिथियों पर अलग-अलग रूप में मनाए जाने वाले पर्वों के साथ एक खास तरह की अद्भुत एकता काम करती है। चाहे वह नव संवत्सर, पोइला बैसाख, पोंगल, ओणम, होली हो या दीपावली और छठ। दीपावली के दौरान पांच दिनों के पर्व मनाए जाते हैं। गुजरात में यह गरबा का पर्व है और बंगाल में दुर्गा पूजा का। उत्तर भारत में नवरात्र व्रत और रामलीलाओं का यह समय है। देवोत्थान एकादशी के साथ तमाम शुभ कार्य शुरू हो गए हैं। तरीका अलग लेकिन भावना एक है।

**काफी** अकेला हूं ! या अकेला काफी हूं...!

नजरिया बदलिये और चमत्कार देखिए .... :

**– अनुपम खेर अभिनेता**

रोचक ट्वीट

**नल** से शुद्ध पेयजल की पहुंच 4 साल पहले तक 17% से कम घरों तक ही थी।अब आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी की पहल पर 70% से ज्यादा घरों तक नल से पहुंच रहा शुद्ध पेयजल !

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्दीय मंत्री**





**फाइलों** पर जलेबियां बनाने की परिपाटी का अंत इसी आधुनिक तकनीक के जरिये संभव होगा, पारदर्शी और जिम्मेवार शासन लोगों को इसी व्यवस्था से सुलभ होगा, डिजिटल गैप खत्म करें।

**–महेश पोद्दार सांसद**

# कब सुधरेंगे सीवर सफाईकर्मियों के हालात

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**देश** में सीवेज की सफाई के दौरान होने वाली मौत की घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर रुख अपनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने गत दिनो केन्द्र व सभी राज्य सरकारों को निर्देशित किया है कि सरकारी अधिकारियों को मरने वालों के परिजनों को 30 लाख रुपये का मुआवजा देना होगा। जस्टिस एस. रवींद्र भट और जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि सीवेज की सफाई के दौरान स्थायी दिव्यांगता का शिकार होने वालों को न्यूनतम मुआवजे के रूप में 20 लाख रुपये का भुगतान किया जाएगा। पीठ ने कहा केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हाथ से मैला ढोने की प्रथा पूरी तरह खत्म हो जाए। फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति भट ने कहा कि यदि सफाईकर्मी अन्य दिव्यांगता से ग्रस्त है तो अधिकारियों को उसे 10 लाख रुपये तक का भुगतान करना होगा। इस दौरान पीठ ने कई निर्देश जारी किए। पीठ ने निर्देश दिया कि सरकारी एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने के लिए समन्वय करना चाहिए कि ऐसी घटनाएं न हों और इसके अलावा उच्च न्यायालयों को सीवेज से होने वाली मौतों से संबंधित मामलों की निगरानी करने से न रोका जाए।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले पांच साल में इस तरह की सफाई करने के दौरान 347 लोगों की मौत हुई। लोकसभा में सामाजिक न्याय मंत्रालय ने एक सवाल के जवाब में माना है कि भारत में इंसानों से गंदे नालों और सैप्टिक टैंकों

सामयिक

को साफ करवाने की प्रथा अभी भी जारी है और इसमें सैकड़ों लोगों की जान जा रही है। मंत्रालय ने बताया कि इस खतरनाक काम को करने के दौरान 2017 में 92, 2018 में 67, 2019 में 116, 2020 में 19, 2021 में 36 और 2022 में 17 सफाईकर्मियों की जान जा चुकी है। देश के 18 राज्यों के आंकड़े मंत्रालय के पास हैं। इन आंकड़ों के मुताबिक इन पांच साल में इस तरह की सफाई के दौरान सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में 51 लोग मारे गए। उसके बाद तमिलनाडु में 48 लोग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में 44 लोग, हरियाणा में 38 लोग, महाराष्ट्र में 34 लोग और गुजरात में 28 लोग मारे गए हैं।

सीवेज सफाई के दौरान हादसों में मजदूरों की दर्दनाक मौतों की खबरें आती रहती हैं। अधिकांश जगह आज भी मजदूर सीवेज की सफाई बिना मास्क, ग्लब्स और सुरक्षा उपकरणों के करते हैं। सीवेज की सफाई करने वालों की मौत होने के साथ ही उन पर निर्भर परिवार भी बेसहारा हो जाता है। परिवार की आमदनी का जरिया अचानक से बंद हो जाता है। देश में पिछले एक वर्ष में सीवेज की सफाई करने के दौरान 200 से अधिक व्यक्तियों की मौत हो चुकी है। इस अमानवीय त्रासदी में मरने वाले अधिकांश लोग असंगठित दैनिक मजदूर होते हैं। इस कारण इनके मरने पर कहीं विरोध दर्ज नहीं होता है। देश में करीबन 27 लाख सफाई कर्मचारी हैं। इनमें से 20 लाख ठेके पर काम करते हैं। एक सफाईकर्मी की औसतन कमाई 7 से 10 हजार रुपये प्रति माह तक होती है। गंदगी में काम करने से आधे से अधिक सफाई कर्मी तो कई बीमारियों से पीड़ित हो जाते हैं। इस कारण अधिकांश गटर साफ करने वाले लोगों की कम उम्र में ही मौत हो जाती है। गटर साफ करने वाले लोगों के लिये बीमा की भी कोई सुविधा नहीं होती है।आमतौर पर सीवेज में उतरने से पहले सफाईकर्मी शराब पीते हैं। शराब पीने के बाद शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है। तभी सीवेज में उतरते ही इनका दम घुटने लगता है। सफाई का काम करने के बाद उन्हें नहाने के लिए साबुन, नहाने तथा पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी भी कार्यकारी एजेंसी की होती है।

# युवाओं में वैवाहिक समझ की कमी से समस्या

**मोनिका शर्मा**

गुवाहाटी हाई कोर्ट ने पत्नी के सिंदूर लगाने और चूड़ी पहनने से इनकार करने पर एक व्यक्ति को पत्नी से तलाक लेने की अनुमति दी। अदालत ने कहा कि महिला रीति-रिवाजों को नहीं मान रही, इसातलब है कि वह शादी को स्वीकार नहीं कर रही है। पत्नी का भी यही कहना था कि वह उस आदमी को अपना पति नहीं मानती। फिर भी तलाक के लिए दोनों के बीच लंबा मुकदमा चला, बल्कि हाई कोर्ट से पहले फैमिली कोर्ट ने तलाक का फैसला देने से भी मना कर दिया था। इस मामले में मुकदमा लड़ने वाले पति-पत्नी की शादी 2012 में हुई थी और अगले ही साल पत्नी ने शादी को मानने से इन्कार करते हुए पति का घर छोड़ दिया था। इसके बाद पति ने फैमिली कोर्ट में तलाक की एप्लीकेशन लगाई थी, जो वहां से खारिज हो गई थी। फिर मामला हाई कोर्ट पहुंचा, जहां पत्नी ने बयान दिया था, मैं अभी सिंदूर नहीं लगा रही हूं क्योंकि मैं इस आदमी को अपना पति नहीं मानती। हाई कोर्ट ने कहा कि फैमिली कोर्ट ने उचित परिप्रेक्ष्य में साक्ष्यों का मूल्यांकन नहीं किया है। साथ यह भी कहा कि प्रतिवादी यानी कि पत्नी का ऐसा रुख उसके स्पष्ट इरादे की ओर इशारा करता है कि वह पति के साथ अपने वैवाहिक जीवन को जारी रखने के लिए तैयार नहीं है। ऐसे में पति का पत्नी के साथ विवाह में बने रहना,

समाज

अपीलकर्ता पति और उसके परिवार के सदस्यों का उत्पीड़न माना जाएगा।

...हाल के वर्षों में वैवाहिक संबंधों में पेचीदगियां बढ़ी हैं। ऐसे में यह सिंदूर और शांखा न अपनाने का मामला नहीं, बल्कि एक घिसटते रिश्ते पर विराम लगाकर जिंदगी में आगे बढ़ने की बात कहने वाला फैसला है। इस मुकदमे में पत्नी ने पति और उसके परिवार के खिलाफ तीन आपराधिक शिकायतें दर्ज की थीं, जिसमें घरेलू हिंसा और दहेज प्रताड़ना प्रमुख थी। पिछले महीने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने दहेज प्रताड़ना के कानून पर कहा था कि इसका इस्तेमाल गलत तरीके से करना अब आम बात हो गई है।

हमारी अदालतें बार-बार ऐसे मामलों में दिशा-निर्देश देती रही हैं, इसके बावजूद तलाक के केसों में पेचीदगियां घटने का नाम नहीं ले रही हैं। बजाय इसके कि शांति से तलाक लेकर अपना जीवन नए सिरे से सुनियोजित किया जाए, तलाक चाहने वाले अधिकतर लोग इन्हीं झगड़ों में फंसे रहे। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक 2012 में धारा 498ए (दहेज प्रताड़ना) के तहत करीब 2 लाख लोगों की गिरफ्तारी हुई, जो 2011 के मुकाबले 9.4 फीसद ज्यादा थी। गिरफ्तार हुए लोगों में लगभग एक चौथाई महिलाएं थीं। झूठे मामलों के कारण ही हमारे यहां इस धारा में चार्जशीट की दर 93.6 फीसद है, जबकि सजा की दर महज 15 फीसद।भारतीय समाज में पिछले कुछ वर्षों में दहेज के प्रति काफी चेतना आई है और प्रेम विवाहों की भी संख्या बढ़ी है, फिर भी भारत की परिवार अदालतों में मियां-बीवी सालों साल लड़ते रहते हैं। हर जिले में थाने से लेकर कोर्ट तक मियां-बीवी के बीच रास्ता निकालने के लिए परिवार परामर्श केंद्र हैं, फास्ट ट्रैक अदालतें हैं, लेकिन झगड़े हैं कि खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहे। कभी घरेलू हिंसा का बहाना, कभी क्रूरता तो कभी दहेज उत्पीड़न का बहाना। इन्हीं सबके चलते जो वाकई प्रताड़ित हैं, उन्हें भी संदेह की नजर से देखा जाता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए

मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक नजर में

### सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का है लक्ष्य : किशोरी राणा



**हजारीबाग।** नव झारखंड फाउंडेशन के केन्द्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा पतरातू प्रखंड के कई गांवों में भ्रमण कर लोगो की जनसमस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होने लोगों से समस्याओं का हल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार प्रवासी मजदूरों पर ध्यान नहीं दे रही है। झारखंड के लोग दूसरे राज्यों की ओर काम करने के लिए पलायन कर रहे हैं। जबकि यहां खनिज संपदा से भर पूरी धरती है। लोग भ्रस्टाचार से जूझ रहे हैं। ऐसे में नव झारखंड फाउंडेशन लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। मौके पर अशरफ रजा खां, प्रेम विश्वकर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

1 हैज पी 1: किशोरी राणा व अन्य

### छात्र रॉकी कुमार को मिला रजत पदक



**बरही।** खेलो झारखंड प्रतियोगिता में प्लस टू उच्च विद्यालय बरही के नवम के छात्र रॉकी कुमार ने (अंडर-14) 600 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान के साथ रजत पदक प्राप्त कर राज्य स्तर पर विद्यालय एवं हजारीबाग जिले का नाम रौशन किया है। रॉकी को विद्यालय परिवार द्वारा स्कूल परिसर में मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य शिवकुमार राम ने छात्र रॉकी कुमार को जीत की बधाई देते हुए कहा कि खेल शिक्षक अश्विनी श्रीवास्तव के निर्देशन में वह पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ कड़ी मेहनत की। जिसके प्रतिफल में पूरे राज्य में उन्होंने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है, जो हमारे लिए गौरव की बात है। छात्र रॉकी की सफलता पर प्रभारी प्राचार्य शिवकुमार राम, वरीय शिक्षक सुनील कुमार द्विवेदी, ओमप्रकाश सिंह, प्रीति बाला, हुस्न आरा, भारती रंजन समेत विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने उन्हें बधाई दी।

### खेती से किसान बन रहे आत्मनिर्भर: विजय यादव



**बरही।** मलकोको पंचायत में कृषि अनुसंधान संस्थान गौरियाकरमा (आईसीएआर) के सौजन्य से अनुसूचित जाति के 120 लाभुकों के बीच बीज का वितरण किया गया। बीज का वितरण मुखिया सघ के अध्यक्ष सह स्थानीय मुखिया विजय यादव ने किया। किसानों के बीच 10 किलो गेंहू का बीज, एक किलो सरसों का बीज, एक किलो मसूरी व चना का बीज का वितरण किया गया। मुखियाने कहा कि किसान मित्र बीज का उपयोग खेती करने में लगाएं, जिससे उनका आय बढ़े और किसान आत्मनिर्भर बनें।

### आत्मा ने किसानों को दिया सरसो का बीज

**दारू।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत आत्मा हजारीबाग के द्वारा उन्नत किस्म के सरसो बीज प्रत्यक्षण हेतु 37 किसानों के बीच वितरण किया गया । बीडीओ मनीष कुमार और प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह के द्वारा किसानों को सरसों की बीज का पैकेट दिया गया । आत्मा संस्था के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अर्चना निभा कुज्जुर ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत प्रखंड के 37 किसानों के बीच सरसो बीज का वितरण किया गया है । इस मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष कैलाशपति देव , मेड़कुरी पंचायत मुखिया ड्रोला तुरी, बीस सूत्री सदस्या कलावती देवी, प्रखंड सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रदीप कुमार महतो कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### बेस कोयला साइडिंग के विरोध में ग्रामीणों की सभा



कटकमदाग। बेस कोयला साइडिंग रेलवे स्टेशन में कोयला साइडिंग को ग्राम हारम में ग्रामीणों ने पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुखदेव राणा केअध्यक्षता में ग्राम सभा किया। ग्रामीणों ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में इन होने वाले प्रभावित गांवों को बचाना है। यदि कोयला धुलाई हाईवा इन गांवों के बीच से गुजरती है, तो सबसे पहले जिंदगी जीना दुर्लभ हो जाएगा। खेती नहीं होंगी। डस्ट से सभी गांव कोयले कि परत से ढक जाएगी। सांस लेने लायक वातावरण नहीं होगी। मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुखदेव राणा,उप मुखिया धुजाली कुमार महतो, सहित सैकड़ो महिला व पुरुष उपस्थित थे।

### सानिया परवीन का हुआ जोरदार स्वागत

**कटकमदाग।** मसरातु गांव की 12 वर्ष की बच्ची सानिया परवीन I ने गांव के साथ- प्रखंड व हजारीबाग जिला का नाम रोशन किया है। परवीन रांची खेलगांव स्टेडियम में 80 मीटर की दौड़ में गोल्ड मेडल जीती है। वह राजकीय प्राथमिक विद्यालय मस्रातु की सातवीं क्लास की छात्रा है। रांची से घर लौटते के क्रम में मसरातु पंचायत के पंचायत समिति सदस्य राम दुलारे यादव के घर के पास छात्रा को गुलदस्ता देकर जोरदार स्वागत किया गया।

### बहेरा वन प्रबंध समिति के अध्यक्ष बने महादेव

**चरही** ।बुधवार को बहेरा पंचायत सचिवालय में वन प्रबंधन समिति का चुनाव हेतु बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया देवकी महतो ने की। मुख्य रूप से उपस्थित चुरचू बीडीओ ललित राम को प्रतिनिधियों के द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया। पंचायत के प्रतिनिधियों से परिचय कराकर चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई। वन विभाग के वनरक्षी विकाश उरांव चुनाव में विशेष रूप से उपस्थित थे। उनकी उपस्थिति में ग्रामीणों के सर्व सम्मति से अध्यक्ष पद के लिए महादेव रविदास,उपाध्यक्ष पद के लिए ,सुखराम टुडू को चयन किया गया। बाकी 13 सदस्यों को सदस्य पद के लिए चयनित किया गया। मनोनित सदस्यो में शिक्षक महेंद्र कुमार राणा, जन प्रतिनिधि से उप मुखिया शिवचंद मुर्मू, राजनीति एंव समाज सेवी से संतोष कुमार राय,ग्राम प्रधान से लालजी मांझी को चयन किया गया। चुनाव के उपरांत बीडीओ ललित राम बहेरा पंचायत क्षेत्र का निरीक्षण किया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य शक्ति देवी, वार्ड सदस्य आशामनी टुडू, बिरजू राम,मंजू देवी,तालो मुनी देवी आदि उपस्थित थे।

### चाचा-भतीजा की करें छुट्टी : जयराम महतो



**बरकट्ठा ।** बिहार बिहारी, गुजरात गुजराती, बंगाल बंगालियों के लिए तो झारखंड झारखंडियों के लिए है। खातियानी के लिए है। सरकार के गलत नीतियों के कारण बाहरी प्रदेश के लोग चपरासी से लेकर शिक्षक तक कि नौकरी ले रहे हैं। कहा कि चतरा में 45 शिक्षक की बहाली में महज तीन शिक्षक झारखंडी हैं। उक्त बातें बरकट्ठा के कपका में आयोजित झारखंडी भाषा खातियानी संघर्ष समिति के जनसभा में टाइगर जयराम ने कहा। उन्होंने कहा कि झारखंड धनी राज्य है। लेकिन नेताओं के लूट के लिए गलत नीति बनाकर झारखंडियों को कमजोर किया है। बरकट्ठा के सैकड़ो युवा महाराष्ट्र में 30 वर्षों से रह रहे हैं। लेकिन वे मराठी नहीं बन पाए तो फिर झारखंड में दूसरे राज्य के लोग झारखंडी कैसे बन गए। जयराम महतो ने बरकट्ठा के दो नेता जानकी यदव व विधायक अमित यादव पर चुटकी लेते हुए कहा कि दोनों चाचा भतीजा को आने वाले चुनाव में छुट्टी कर दीजिए। कोडरमा, हजारीबाग लोकसट्ठा मे हमरा उमीदवार होगा उन्हें मदद करें न की टुकुर टुकुर देखने वालो की। कार्यक्रम में झारखंडी ड्डाषा खातियानी संघर्ष समिति के आंदोलनकारी नेता संजय मेहता, मनोज यादव, कृष्णा यादव, महेंद्र महतो, रवि कुमार समेत आदि नेता थे।

# देश के विकास में कोयला उद्योग का अहम योगदान : अजय सिंह

**बरका-सयाल महाप्रबंधक कार्यालय में मना कोल इंडिया का स्थापना दिवस, उत्कृष्ट काम करने वाले कर्मी सम्मानित**

खबर मन्त्र संवाददाता



झंडोत्तोलन करते जीएम अजय सिंह

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल बरका-सयाल महाप्रबंधक कार्यालय प्रांगण में बुधवार को कोल इंडिया का 104वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीसीएल बरका-सयाल के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह ने कोल इंडिया का झंडोत्तोलन कर किया। तत्पश्चात कोलइंडिया का गीत गाया गया। मौके पर जीएम अजय कुमार सिंह ने कहा कि हर वर्ष 1 नवंबर को कोल इंडिया का स्थापना दिवस मनाया जाता है। कोयला इंडस्ट्री देश के लिए कितना जरूरी है, यह हम सभी जानते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में कोल माइनिंग आजादी से पहले से होता आ रहा है। आजादी के बाद 1956 में प्राईवेट माइंस को ऑर्गनाइज्ड करने के लिए एनसीडीसी का फांउडेशन रखा गया। 1975 में कोकिंग कोल माइंस और ननकोकिंग को माइंस का प्रबंधन कर कोल इंडिया की स्थापना की गई। जीएम श्री सिंह ने कहा कि देश के विकास में कोयला उद्योग का अहम योगदान रहा है। उत्कृष्ट कार्य करने वाले 66 कर्मियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। 9 कर्मियों को पदोन्नति पत्र देकर प्रमोशन दिया गया। दर्जनों कोयला कर्मियों को उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर खजांची राम, देवेन्द्र सिंह, विंध्याचल बेदिया, सतीश सिन्हा, श्रीकांत गुप्ता, संजय मिश्रा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## चट्टीबरियातू कोल माइंस में कोयला हेरा फेरी का खुलासा, मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**केरेडारी।** चट्टीबरियातू कोल परियोजना से कोयला हेरा फेरी का खुलासा होने के बाद हड़कंप मचा हुआ है। कई लोग इस हेरा फेरी के खेल में घिरते नजर आ रहे हैं। इधर मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए केरेडारी प्रशासन और एनटीपीसी के अधिकारी जांच शुरू कर दी। चूक कैसे हुई और कहा हुई इस बात की तफ्तीश की जा रही है। कोयला के हेरा फेरी में एमडीओ रित्विक कंपनी के सब कॉन्ट्रेक्टर कंपनी टायकोन ने थाना में कोयला चोरी का मामला दर्ज कराया हैं। टायकोन के कर्मी के आवेदन पर केरेडारी थाना में कांड संख्या 298/23 के तहत फरार वाहन के चालक, वाहन मालिक समेत अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया हैं। पुलिस फरार वाहन के खोज में जुट गई हैं। आईओ नवीन किशोर पांडे ने कहा कि कोयला चोरी के मामले में गहनता पूर्वक जांच किया जा रहा हैं। चोरी में शामिल लोग जल्द पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

खबर छपने के बाद सक्रिय हुई कंपनी : एनटीपीसी के चट्टीबारियातु कोल परियोजना से ओबी हटा रही टायकोन कंपनी पिछले दो महीने से कोयला ट्रांसपोर्टिंग का कार्य कर रही हैं। बीते 30 अक्टूबर को ग्रामीणों ने चट्टीबारियातु के टायकोन कंपनी का कोयला के पेपर के साथ खाली हाइवा को पकड़ा था। हाइवा में ओडिशा नंबर अंकित था। जबकि कोयला पेपर में जेएच 10 बी एल 6724 दर्ज था। गाड़ी का नंबर और पेपर में अलग नंबर होने के करना ग्रामीणों ने इसकी सूचना टायकोन कंपनी को दी। कंपनी ने कोई कार्रवाई नहीं की। खबर छपने के बाद कंपनी ने 31 अक्टूबर के रात्रि कोयला चोरी करने का मामला गाड़ी मालिक पर मामला दर्ज कराया।

## पिकअप पलटा, एक की मौत और कई घायल



**कुजू।** ओपी क्षेत्र के आरा-नयामोड़ हिरक मार्ग मुरपा तालाब के पास यात्री से भरे सवारी पिकअप वाहन का टायर फटने से असंतुलित होकर पलट गया। जिसमें करीब एक दर्जन अधिक यात्री घायल हो गये। घटना में एक यात्री की मौत इलाज के दौरान हो गया। जबकि घायलों का इलाज रामगढ़ सदर अस्पताल में चल रहा है। बताया जाता है कि पिकअप सवारी वाहन संख्या जेएच02एटी-7285 चतरोचट्टी से रामगढ़ की ओर जा रहा था। इसी बीच मुरपा तालाब के पास पहुंचते ही वाहन का पिछला टायर फट गया। जिससे वाहन असंतुलित होकर सड़क पर पलट गया। जिसमें ग्राम तुसको थाना चतरो चट्टी निवासी दिनेश करमाली (27 वर्ष), वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र अंतर्गत बुटबेड़ा निवासी विमला देवी (65 वर्ष), पूनम देवी (30), अंकुल कुमार (5),सिमराबेड़ा निवासी संजू सोरेन (19),महेश सोरेन (28), झूमरा कतवारी निवासी राहुल महतो(18) सहित नमिता देवी, अंजलि कुमारी, रंजीत सोरेन, सोनाली देवी, राजेश सोरेन शामिल है। वहीं इलाज के दौरान दिनेश करमाली की मौत हो गयी। इसके बाद पुलिस शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया। सभी घायलों को कुजू ओपी के सअनि सुधीर ठाकुर व ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

रामगढ़। थाना चौक के निकट बुधवार को सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। नईसराय की तरफ से आ रही एक ट्रैक्टर चट्टी की ओर से जा रही बाइक संख्या जेएच 24 डी 8568 से टकरा गई। बाइक पर सवार व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक की पहचान सौदागर मुहल्ला निवासी रियाज खान के रूप में हुई है। सौदागर मुहल्ला निवासी रियाज खान कुजू में नेहा एक्सरे दुकान चलाता था। वह बाइक से जा रहा था। उसी दौरान थाना चौक के निकट बाइक की ट्रैक्टर से टक्कर हो गई।

**जिला अभियंता का कार्यालय**
**जिला परिषद्, रामगढ**
Email ID :- eedbramgarh@gmail.com

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- RE-01, 03/2023-24 (2nd Call)] PR No- 309963 में निम्न आंशिक संशोधन किया जाता है :-

1. उक्त निविदा के कंडिका 11 में निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट DISTRICT ENGINEER, DISTRICT BOARD, RAMGARH के स्थान पर DDC-CUM-CEO, ZILA PARISHAD, RAMGARH के पदनाम से Payable at Ramgarh देय होगा।
2. निविदा के प्रकाशन की तिथि के बाद की तिथि से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।

शेष शर्ते यथावत रहेगी।

ह०/-
जिला अभियंता
जिला परिषद, रामगढ़

PR 310382 District (23-24)_D

## कंपनी की छवि धूमिल करने का हो रहा प्रयास : एनटीपीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** पिछले कुछ दिनों से कुछ समाचार पत्रों एवं वेब पोर्टल पर एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना पर वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निर्देशों का उल्लंघन कर कोयले का ट्रांसपोर्टेशन सड़क मार्ग से करने की बात कही जा रही है।

वही एनटीपीसी पकरी बरवाडीह ने सभी आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि पकरी बरवाडीह को सुप्रीम कोर्ट के द्वारा कन्वेयर बेल्ट का निर्माण पूरा करने के लिए अंतरिम रूप से 31जनवरी 2024 तक का समय दे दिया गया है। यहां यह बताना जरूरी है कि भारत सरकार वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के द्वारा पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना को 39 वर्षों तक पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की है। उपरोक्त सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मद्देनजर केवल सड़क मार्ग से कोयले के परिवहन की अनुमति वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के द्वारा 31 जनवरी 2024 तक कर दी गई है। ऐसे में सभी जरूरी अनुमति एवं प्रक्रियाओं को पालन करने के बाद भी पकरी बरवाडीह पर झूठी एवं बेबुनियाद आरोप लगाई जा रही है जिससे कंपनी की छवि धूमिल होती है ।उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर एनटीपीसी पीआरओ दिलीप ठाकुर ने दी।

## भुरकुंडा लायंस क्लब को मिला आउटस्टैंडिंग अवार्ड



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** 28 एवं 29 अक्टूबर को रांची कांके रोड स्थित होटल होलीडे होम रिसोर्ट में लायंस क्लब का द्वितीय कैबिनेट अधिवेशन संपन्न हुआ। अधिवेशन में लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा को आउटस्टैंडिंग क्लब के अवार्ड से नवाजा गया। अवार्ड क्लब की अध्यक्ष माला शर्मा एवं लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा को लायंस सर्विस वीक में किए गए कार्य के लिए दिया गया है। माला शर्मा ने कहा कि यह अवार्ड लायंस क्लब के तमाम लोगों में नये ऊर्जा का संचार भरेगी। साथ ही और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने क्लब के तमाम लोगों अपने सामाजिक दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निभाते आयो हैं जो आगे भी जारी रहेगा। अधिवेशन में क्लब की अध्यक्ष लायन माला शर्मा, उपाध्यक्ष अखिलेश शर्मा, कोषाध्यक्ष अंजू देवी, एमजेएफ राजेंद्र महतो, अशोक सिन्हा, निर्मल अग्रवाल आदि मौजूद थे।

संoसंo:-18 / विविध-04-03 / 22
**झारखण्ड सरकार**
**स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा डॉ0 रंजीत प्रसाद, तत्कालीन अधीक्षक, ईटकी आरोग्यशाला, ईटकी-सह-निदेशक, एस0टी0डी0सी0, सम्प्रति उप निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, झारखण्ड, राँची को सूचित किया जाता है कि कतिपय आरोपों के संदर्भ में आपके विरूद्ध विभागीय संकल्प सं0-704(18) दिनांक-28.10.2022 द्वारा संचालित विभागीय कार्यवाही में विभागीय जाँच पदाधिकारी से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन एवं उपलब्ध अभिलेखों के समीक्षोपरान्त "संचयात्मक प्रभाव से 04 वार्षिक वेतन वृद्धि पर रोक तथा सरकारी वाहन संख्या-JH-01-BD-9681 के तत्समय अनुमानित मूल्य के समतुल्य राशि की वसूली आपके वेतन से किये जाने" का दण्ड प्रस्तावित है।

अतएव विभागीय प्रशाखा-18 से जाँच प्रतिवेदन की प्रति प्राप्त करते हुए उक्त प्रस्तावित दण्ड के सापेक्ष दिनांक-10.11.2023 तक द्वितीय कारण-पृच्छा का जवाब समर्पित करें।

निर्धारित अवधि तक जवाब अप्राप्त रहने पर यह समझा जाएगा की इस संबंध में आपको को कुछ नहीं कहना है एवं तद्नुसार आपके विरूद्ध नियमानुसार अग्रेत्तर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

(विद्यानन्द शर्मा पंकज)
सरकार के संयुक्त सचिव

PR 310350 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)D

### भगत सिंह क्लब को पुलिस ने कराया खाली



**रामगढ़।** पिछले दिनों यह खबर वायरल हुई थी की गोलपर स्थित शहीद भगत सिंह क्लब परिसर में अवैध रूप से कबाड़ी का दुकान संचालित किया जा रहा है। जिसके बाद पुलिस सक्रिय हुई और बुधवार को थाना प्रभारी रोहित कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद उनके द्वारा शहीद भगत सिंह क्लब से अवैध कब्जेधारियों को हटाकर उसे खाली करवाया गया. थाना प्रभारी ने बताया की हमें यह सूचना मिली थी की क्लब में अवैध रूप से कब्जा कर कबाड़ी का दुकान संचालित किया जा रहा है जिसके बाद क्लब से अवैध कब्जा को हटवाया गया है।

### वन समिति गठन को लेकर ग्राम सभा

**कुजू।** वन समिति का गठन को लेकर तोपा पंचायत सचिवालय में ग्राम सभा किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया मफुजा खातून ने किया। ग्राम सभा में सर्वसम्मति से तोपा पंचायत का वन समिति गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष, सचिव के अलावे 15 सदस्य का चयन किया गया। मौके पर किशोर करमाली, बासुदेव गंझु, वन विभाग के देवेंदर धर, उप मुखिया बालमती देवी, सुरेश करमाली, फूलमती देवी, तम्मन्ना प्रवीण, कविता देवी,अरशद अंसारी, निर्मल करमाली, बिनोद करमाली आदि मौजूद थे।

### भुरकुंडा छठ घाट में ईंट सोलिंग शुरू

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्रीश्री छठ पूजा पथ निर्माण समिति के तत्वावधान में बुधवार को भुरकुंडा छठ मंदिर नदी घाट बनने वाले ईंट सोलिंग पथ निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। इस दौरान पुरोहित प्रह्लाद पांडेय ने विधवत पूजा-अर्चना एवं नारियल फोड़कर निर्माण कार्य की शुरूआत की। पूजा में दर्जनों छठव्रति एवं पथ निर्माण समिति के लोग मौजूद थें। मौके पर समिति के गुड्डू पांडेय ने बताया कि छठव्रतियों के सुविधाओं को पूरा ख्याल रखा जायेगा। मौके पर गुड़िया देवी, अनीता कुमारी, रीता देवी, मुन्नी देवी, आशा देवी, किरण तिवारी, प्रमिला देवी, मीरा देवी, सबिता देवी, पप्पू सिंह, अरविंद तिवारी, आदि श्रद्धालु मौजूद थे।

**न्यायालय उपायुक्त, खूँटी**

पत्रांक .................. **आम सूचना** दिनांक ..................

अधिहरण वाद सं0-06R28 / 2023
आवेदक- झारखण्ड राज्य सरकार / जिला खनन पदाधिकारी, खूँटी
बनाम
विपक्षी / द्वितीय पक्ष-

| क्र0 | वाहन सं0 | वाहन का नाम एवं पता |
|---|---|---|
| 1 | JH01DQ 5633 | राम उरांव, पिता-दाहारू उरांव, सा0- घुनसुली, थाना-कर्रा, जिला-खूँटी झारखण्ड पिन कोड नं0 835210 |

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला खनन पदाधिकारी, खूँटी द्वारा अवैध बालू खनिज परिवहन करते हुए वाहन उक्त वाहनों को पकड़ा गया है जिसे झारखण्ड लघु खनिज समानुदान नियमावली 2004 (यथा संशोधित) के नियम 54 एवं The Jharkhand Mineral Prevention of Illegal mining Transportation and storage Rule 2017 के नियम 9 एवं 13 के आलोक में पकडे गये वाहन को (confiscation) की कार्रवाई करने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक-07.11.2023 को पूर्वाहन 10.30 बजे उपायुक्त, खूँटी के न्यायालय में निर्धारित है। उक्त मुकदमें / वाद में आपको कुछ कहना है तो स्वयं अथवा विद्वान अधिवक्ता के माध्यम से उक्त तिथि को निर्धारित समय पर न्यायालय में उपस्थित होकर पैरवी करें अन्यथा अभिलेख में संलग्न कागजातों के आधार पर एक पक्षीय सुनवाई कर आदेश पारित कर दिया जाएगा।

यह नोटिस आज दिनांक-31.10.2023 को उपायुक्त महोदय खूँटी के आदेशानुसार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर के साथ निर्गत किया गया।

इसे सख्त ताकिद जाने।

प्रभारी पदाधिकारी,
विधि शाखा, खूँटी

PR 310365 District(23-24)#D

## गंगा मईया में जब तक पानी रहे मेरे सजना तेरी जिंदगानी रहे...

**सुहागिनों ने करवा चौथ का रखा व्रत, पति के दीघार्यु होने की कामना**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को करवा चौथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिनों ने अपने पति की लंबी आयु की कामना के साथ नियम पूर्वक निर्जला उपवास रखें। साथ ही सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार कर फल-फूल पूजा सामग्रियों से थाली सजाकर शाम में पूजा अर्चना की। कई जगहो पर सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए गए। पूजा के बाद सुहागिन महिलाओं द्वारा चलनी से चांद एवं पति को देखने की रस्म निभाई गई। करवा चौथ की गीत भी गाए गए। पूजा के बाद पत्नी ने अपने पति के हाथो पानी पीकर उपवास का पारण किए। करवा चौथ पर्व को लेकर सुहागिनो में खासा उत्साह देखा गया। शाम को सभी सुहागिनों ने एकत्र होकर मां गौरी की पूजा करके पति के दीघार्यु होने की कामना की। इसके बाद चन्द्रमा निकलने पर अर्घ्य देकर उपवास का पारण किया। पूजा-अर्चना में सुषमा शर्मा, ममता शाहजरा, बबिता गोयल, रितु बशीशत, गीतांजली, भारती श्रीवास्तव, मिली चौधरी, रिमपी शर्मा आदि शामिल थीं।

**झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग,**
**अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग**

**-: भर्ती कैम्प संबंधित सूचना :-**

अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग द्वारा दिनांक 03.11.2023 को एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जाना है। भर्ती कैम्प में निजी क्षेत्र के Raxa Security Services Ltd ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है -

| Sl | Employer Name | Post Name | Required Qualification | Age (In Year) | No of Vacancies | Salary | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Raxa Security Services Ltd. Raxa Academy Near Kodikoda Check Post Andhrapradesh | Security Guard | 10th pass | 18 - 35 | 500 | As per State Minimum Wages | |

योग्य एवं इच्छुक आवेदक जो पूर्व से निबंधित नहीं हैं। वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www. jharkhandrojgar.nic.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक / नियोजन के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों (एक छायाप्रति के साथ), निबंधन कार्ड एवं बायोडाटा (02 प्रतियों में) एवं आवासीय प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों। साक्षात्कार सुबह 10.30 बजे से संध्या 04.00 बजे तक होगा। रिक्तिया निजी क्षेत्र की है। अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का कोई हस्तक्षेप नही होगा। साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

नोट :- भर्ती कैम्प स्थल-अवर प्रादेशिक नियोजनालय, परिसर, आई०टी०आई० कैम्पस हजारीबाग।

सहायक निदेशक (नि०),
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग।

PR.NO.310368 Labour Employment and Traning(23-24):D

## स्पीड न्यूज

### सीओ-थाना प्रभारी ने की बैठक



**लोहरदगा।** सदर थाना अंचल के चौकीदारों के साथ पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी लोहरदगा एवं अंचल अधिकारी लोहरदगा के साथ संयुक्त बैठक हुई। जिसमें चौकीदारों को कई दिशा निर्देश दिये गये और अपनी ड्यूटी मुस्तैदी के साथ अपने-अपने क्षेत्र में करने का दिशा निर्देश दिया गया। त्यौहार को देखते हुए चौकीदारों को अलर्ट रहने का को कहा गया। बैठक में चौकीदार पंचायत के जिला अध्यक्ष समसुल अंसारी के अलावा अंचल कार्यालय के बाद बाबू मुकुल मिंज, मिथिलेश यादव, अनिल उरांव, सतीश पंकज उरांव, ब्रतू उरांव, शनिच्रिया उरांव, सहाय खलखो, सुरेश उरांव भी थे।

### जय श्रीराम समिति करायेगी महाआरती



**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति लगातार जिले के सभी मंदिरों में महाआरती एवं सामूहिक हनुमान चालीसा करा रहा है। इस कड़ी में हटिया मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर में महाआरती एवं सामूहिक हनुमान चालीसा किया गया। जिसमें काफी संख्या में सनातन समाज के लोग शामिल हुए। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा सनातन समाज को एकजुट करना हमारा लक्ष्य है। इसी के अनुरूप महाआरती की जा रही है। कार्यक्रम में हजारों लोगों का शामिल होना एवं समिति के प्रेरणा से लोगों का जुडाव होना ही समाज संगठन की मजबूती है। मौके पर आनंद ठाकुर एवं आशीष साहू को नगर उपाध्यक्ष बनाये गये। दोनों को जिला कमेटी की ओर से बधाई दी गयी।

### प्रतियोगिता में भाग लेने खिलाड़ी रवाना



**गुमला।** 4 से 10 नवंबर तक गोवा में आयोजित 37 वां राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता में भाग लेने जिले के दो खिलाड़ी बुधवार को स्थानीय टावर चौक से रवाना हुए। स्पोर्ट्स अकादमी के विक्रम राज ठाकुर और अनिष साहू का चयन राष्ट्रीय गेम के लिए हुआ है। दोनो खिलाडी को टॉवर चौक से जमशेदपुर के लिए रवाना किया गया। प्रतियोगिता में झारखंड हैंडबॉल टीम के कोच खुर्शीद खान और फिरोज खान के नेतृत्व मे टीम हैंडबॉल में अपना दमखम दिखायेगी। एसडीओ राजीव रंजन, एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल थाना प्रभारी विनोद कुमार ने खिलाड़ियों को विदाई दी। मौके पर मांगू जी सीनियर खिलाड़ी में विकास साहू, दीपक कुमार, रवि गुप्ता, अरिब अब्दीन, तौफीक, सद्दाम, शशांक, संतोष, आलोक, दिवाकर, आकाश आदि कई खिलाडी उपस्थित थे।

### सिकलसेल एनीमिया जांच शिविर लगा



**डुमरी।** प्रखंड क्षेत्र के भागीटोली में सिकलसेल एनिमिया जांच शिविर बुधवार को लगा। शिविर का डीसी कर्ण सत्यार्थी, डीडीसी हेमंत सती, प्रमुख जीवंती एक्का द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट शुभारंभ किया गया। डीसी ने कहा सिकलसेल एनीमिया की जांच गुमला जिला में पायलट प्रोजेक्ट के तहत किया गया है। आज डुमरी प्रखंड में इसका शुभारंभ हुआ है जो पूरे जिले में होगा। डुमरी प्रखंड अकांक्षी ब्लॉक है। ब्लॉक राज्य के बाकी ब्लॉक से थोड़ा पीछे है। मगर कुछ दिनों में राज्य के अन्य प्रखंडों से डुमरी प्रखंड सर्वश्रेष्ठ प्रखंड होगा।

### बिहानी देवी हत्याकांड का उद्भेदन, तीन अभियुक्त गिरफ्तार, गये जेल



**गुमला।** विशुनपुर पुलिस ने महुआटोली के बिहानी देवी हत्याकांड का उद्भेदन कर लिया। पुलिस ने घटना में संलिप्त तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। बिहानी देवी की हत्या डान बिसाही की शक में किया गया था। बुधवार को एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल अपने कार्यालय में प्रेस कान्फ्रेंस कर बताया कि 28 अक्टूबर को बिहानी की टांगी से मारकर निर्मम हत्या कर दी गयी थी। पति जयमंगल उरांव के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर एसपी के निर्देश पर कांड का अनुसंधान कर घटना में संलिप्त विशुनपुर थाना क्षेत्र के महुआटोली निवासी करमचंद उरांव (30), अरविंद चीक बड़ाईक (19) व लोंगा का जुग्नु उरांव (23) को गिरफ्तार किया। सबने घटना में संलिप्तता स्वीकार कर ली। छापामारी टीम में थाना प्रभारी विशुनपुर कुंदन कुमार, पुअनि आशीष भगत, पुअनि प्रवीण महतो व सशस्त्र बल के जवान थे।

### डीसी को ज्ञापन सौंप शहरी क्षेत्र में फॉगिंग मशीन चलाने की मांग

**गुमला।** मिशन बदलाव के जिला सचिव सैयदा खातुन व नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा ने बुधवार को डीसी कर्ण सत्यर्थी को ज्ञापन सौंपकर शहरी क्षेत्र में बढ़ते मछरों के प्रकोप से बचाव के लिए फोगिंग मशीन का संचालन शहर के सभी वार्डों में करने की मांग की। सैयदा खातुन ने कहा कि नगर परिषद पिछले कई दिनों से फॉगिंग मशीनें से मछड़ो को भगाने के लिए अवगत कराया गया। लेकिन नगर परिषद के कानों में जु तक नहीं रेंगा। नगर परिषद के पदाधिकारी जनता के मांगो को अनसुना कर देते है और आज गुमला शहर के रजा कॉलनी, आजाद बस्ती,बाजार टंड,टुकुटोली,घटोबागीचा, हुसैन नगर, खड़ियापडा, सरनाटोली, डीएसपी रॉड, चेटर सकहत कई मुहल्लों में मछड़ो का प्रकोप है।

# दीपावली की तैयारी में घूमने लगे कुम्हारों की उम्मीदों के चाक...

■ दिवाली पर दीयों से घर करेंगे रोशन, लायेंगे खुशहाली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** दीप पर्व दीपावली नजदीक आ चुकी है। ऐसे में दूसरों के घरों को रोशन करने के साथ ही अपने घर भी खुशियां लाने की उम्मीदों से कुम्हारों का चाक घूमना शुरू हो गया है। प्रखंड के विभिन्न हाट बाजारों मे दीयों के बाजार भी सज लगे हैं। चाइनीज सामानों के बहिष्कार इन कुम्हारों की उम्मीदें और बढ़ा रहा है।

**मिट्टी के दीयों की है अपनी परंपरा :** दीपावली 12 नवम्बर को मनायी जायेगी। दीप पर्व पर मिट्टी के दीयों से घर को रोशन करने की परंपरा सदियों पुरानी है। इसका अपना महत्व भी है। ऐसे में दीपावली के नजदीक आते ही कुम्हार दीये बनाने के काम में तेजी से जुट गए हैं। उन्हें उम्मीद है कि इस बार उनकी दीवाली भी रोशन रहेगी। मिट्टी के दीपक, मटकी आदि बनाने के लिए माता-पिता के साथ उनके बच्चे भी हाथ बंटा रहे हैं। कोई मिट्टी गूंथने में लगा है तो किसी के हाथ चाक पर मिट्टी के बर्तनों को आकार दे रहे हैं।

### चाइनीज झालरों पर भारी पड़ेंगे स्वदेशी दीये

हालांकि पिछले कुछ समय में आधुनिकता के इस दौर में दीयों का स्थान बिजली के झालरों ने ले लिया है। ऐसे में कुम्हारों के सामने आजीविका का संकट गहरा गया है। चाइनीज झालरों ने इन कुम्हारों को और चोट पहुंचाई। इस कारण वर्ष भर इस त्योहार की प्रतीक्षा करने वाले कुम्हारों की दीवाली अब पहले की तरह रोशन नहीं रही। मगर पिछले कुछ वर्षों से स्वदेशी निर्मित उत्पादों के प्रयोग को लेकर कई स्वयंसेवी संगठन खड़े हुए हैं। रक्षा बंधन पर्व पर चायनीज राखियों के विरोध का खासा असर दिखाई दिया था। इसके परिणाम स्वरूप स्वदेशी निर्मित उत्पादों की बिक्री में खासी बढ़ोतरी हुई थी। कुम्हार दिवाली में भी ऐसे ही स्वदेशी दीयों को ग्राहक मिलने की उम्मीद कर रहे हैं। इसी उम्मीद में कुम्हारों के चाक फिर से चल पड़े हैं। उन्हें उम्मीद है कि एक बार फिर से उनके अच्छे दिन लौटकर आयेंगे। इसी उम्मीद में दीये तैयार करने का काम जोरों पर चल रहा है। कचमची के कुम्हार शिव प्रजापति ने बताया कि दीपावली दीयों का त्योहार है, इसी उम्मीद के साथ उनकी चाक का पहिया घूमने लगा है। उम्मीद है कि इस बार मिट्टी के दीए ज्यादा बिकेंगे। इससे उनकी दीपावली भी पहले से बेहतर रहेगी।



### लागत ही निकले, वही बहुत...

कुम्हार शिव ने बताया कि शुरुआत में दीयों की कीमत कम होती है। मगर जैसे-जैसे त्योहार नजदीक आता है और डिमांड बढ़ती जाती है, दीयों के रेट भी बढ़ते जाते हैं। दीपावली तक 80 रुपये सैकड़ा तक दीए बिक जाते हैं। डिजायनर दीए थोड़े महंगे होते हैं। हालांकि मिट्टी लाने व दीये बनाने से लेकर पकाने में जो खर्च होता है, उसके हिसाब से लाभ नहीं हो पाता। दीये पकाने के लिए लकड़ियां भी अब जल्दी नहीं मिलती। जो ईंधन लगता है, वह काफी महंगा हो चुका है। ऐस में लागत ही निकल आए, वही हमारे लिए बेहतर होता है, लाभ कमाने की तो बात ही नहीं।

# राष्ट्रीय संरक्षित स्मारक नवरत्न गढ़ की नये सिरे से खुदाई शुरू

■ खुदाई से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को एक नया आयाम मिलेगा : उपायुक्त

## उपायुक्त ने कुदाल चलाकर किया शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण रांची मंडल के अंतर्गत राष्ट्रीय संरक्षित स्मारक महल एवं मंदिर परिसर नवरत्नगढ़ में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी व उप विकास आयुक्त हेमंत सती ने बुधवार को नवरत्नगढ़ में पुरातात्विक खुदाई का शुभारंभ कुदाल चलाकर किया। मौके पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारियों का धन्यवाद किया तथा इस नई शुरुआत के लिए अधिकारियों को शुभकामनाएं भी दी। उपायुक्त ने कहा कि इस नये पुरातात्विक के सफल खुदाई से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को एक नया आयाम मिल सकता है। साथ ही गुमला जिला के इस स्मारक को वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स में भी शामिल करने की संभावना बन सकेगी। इससे न केवल गुमला बल्कि पूरे झारखंड का नाम देश भर में प्रचलित होगा तथा इससे जिले में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।



नवरत्नगढ़ का नये सिरे से खुदाई आरंभ करते उपायुक्त।

**खास बातें :** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण रांची मंडल के सहायक पुरातत्विद डॉक्टर मोहम्मद अजहर साबिर ने नवरत्नगढ़ में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किए जा रहे कार्यों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड में नवरत्नगढ़ एक ऐसा राष्ट्रीय संरक्षित स्मारक है जो कई तरह के स्मारक अपने अंदर समेटे हुए है।

# आठवीं कक्षा की नाबालिग छात्रा की हत्या, सड़क किनारे मिला शव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के बगड़ू थाना क्षेत्र के ग्राम निरहू करंज मोड स्थित सड़क किनारे आठवीं कक्षा की नाबालिक छात्रा का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बुधवार की सुबह राहगिरो ने एक नाबालिक छात्रा का शव सड़क किनारे देखा जिसके बाद गांव वालों को बताया गया। गांव वालों ने पुलिस को सूचना देते हुए शव की पहचान की गयी। मृतक की पहचान चरहु गांव निवासी मोकिम खान की 14 वर्षीय पुत्री के रूप में किया गया। वही सूचना पाकर मौके पर पहुंची बगड़ू थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर लोहरदगा सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही छात्रा के पिता मुकीम खान ने बताया कि उनकी पुत्री मंगलवार को उर्दू स्कूल चरहु गई हुई थी। जिसके बाद वह घर नहीं पहुंची घरवालों ने छात्रा की घोजबीन की लेकिन पता नहीं चला वही अगले दिन उन्हें उनकी पुत्री का शव मिलने की सूचना मिली।

मृतक के पिता मोकिम खान ने हत्यारों पर जल्द करवाई का मांग करते हुए कहा शव देखने पर लग रहा है कि उसे गला दबाकर हत्या किया गया है उनकी पुत्री का एक दिन पहले एक लड़के और उसकी मौसी के साथ झड़प हुआ था उन्होंने कहा कि उसी लड़के द्वारा उनकी पुत्री की हत्या की गयी है।



परिजनों से जानकारी लेते पुलिस अधिकारी।

### बाईक की चोरी

**सिसई।** बसिया रोड निवासी तलहा अंसारी की बजाज बाइक हंस नगर कबाड़ी के पास से अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। भुक्त भोगी ने सिसई थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है।

### महिला का शव सिसई पुलिस ने किया बरामद

**सिसई।** थाना क्षेत्र के नागफेनी नदी के बगल स्थित कल्हु पतरा के समीप से बुधवार को एक महिला का शव सिसई पुलिस ने बरामद किया है। शव की पहचान गुमला के गोखुलनगर निवासी अशोक साहू की पत्नी के रूप में की गयी है। अशोक का गुमला कचहरी मोड़ में पान गुमटी है। जानकारी के अनुसार अशोक के पान गुमटी दुकान के ऑपोजिट एक महिला ठेला में होटल चलाती है जिसके पास अशोक साहू नास्ता करने अक्सर जाया करता था और घंटों बैठ उससे बात करता था। जिसे अशोक की पत्नी को पसंद नहीं था। इसे लेकर पति पत्नी में अक्सर विवाद होता रहता था। इसी को लेकर बीते दिन पति पत्नी में झगड़ा हुआ था। जिसके बाद पति ने पत्नी का घर से लापता होने का लिखित आवेदन गुमला थाना में दिया था। बुधवार को शव मिलने के बाद पुलिस ने मृतका की पति अशोक साहू को गिरफ्तार कर पुछताछ कर रही है। मृतका के गर्दन मं निशान है। जिसे गला दबाने की आशंका लोग जता रहे हैं।

# राज्य स्तरीय मिनी और सब जूनियर बालक बालिका बैडमिंटन चैंपियनशिप सह चयन प्रतियोगिता संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में योनेक्स सनराइज झारखंड स्तरीय मिनी एवं सब जूनियर अंडर-11 बालक बालिका एवं अंडर-13 बालक बालिका बैडमिंटन चैम्पियनशिप सह चयन प्रतियोगिता महिला कॉलेज इंडोर बैडमिंटन कोर्ट लोहरदगा में संपन्न हुआ। बतौर मुख्य अतिथि डीडीसी जयज्योति सामंता एवं विशिष्ट अतिथि प्रवीण कुमार सिंह पूर्व विधानपार्षद बिहार उपस्थित होकर खिलाड़ियों को पुरस्कृत किये। मुख्य अतिथि डीडीसी जय ज्योति सामंता ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि खिलाड़ियों का खेल देखकर मैं काफी प्रभावित हूं। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में भी कैरियर बनाया जा सकता है, आप अपने खेल को मनोयोग से खेलते रहें सफलता निश्चित मिलेगी। बैडमिंटन खेल कराने में रेफरी वसीम अकरम, एम्पायर अजित कुमार राणा, रंजीत कुमार साहू एवं वाहिद अंसारी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।



विजेता खिलाड़ी को पुरस्कृत करते अतिथि।

**खास बातें :** इसे सफल बनाने में बैडमिंटन एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद, सचिव मलय दत्ता, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य शाखा प्रबंधक अविनाश कुमार, उपाध्यक्ष मुरारी गोस्वामी, कोषाध्यक्ष नसीम अख्तर, प्रवीण पटेल, उत्तम कुमार, दुबराज यादव, विनोद उरांव, प्राचार्य स्नेह कुमार, शिक्षक राहुल कुमार, नीरज खत्री, राहुल साहू, एवं मीडिया प्रभारी अरुण राम, राज्यस्तरीय कोच भरत साह एवं रवि केशरी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

### संरक्षण के प्रति हिंडालको सजग : प्रतीक कुमार



**लोहरदगा।** 30वां खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह को लेकर बिमरला बॉक्साइट माइंस में तैयारियां जोरों पर है। पर्यावरण सप्ताह के सफल आयोजन को लेकर कार्यालय परिसर में बैठक कर सर्व समिति से आयोजन समिति का गठन किया गया है। खान प्रबंधक जितेंद्र कुमार अध्यक्ष, मिहिर बरई सचिव, उपाध्यक्ष चंद्रकांत दुबे, कोषाध्यक्ष सुजीत झा, सह सचिव प्रमोद कुमार साहू, प्रचार प्रसार अभय भारती एवं कार्यकरिणी सदस्य में प्रज्वल साहू एवं कृष्णा शर्मा, नागेंद्र सिंह, हीरामती कुमारी, फूलधारी उरांव, उमेश कुमार, कैलेंडर उरांव, पीके महतो, अंकित तिवारी, अंकित उरांव, विनोद सिंह आदि शामिल हैं। हिंडालको के वरीय उपाध्यक्ष प्रतीक कुमार की उपस्थिति में भारतीय खान ब्यूरो का ध्वज ध्वजारोहण किया गया। मौके पर प्रतीक कुमार ने खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह में उपस्थित सभी कर्मियों एवं अधिकारियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पूरी सजगता के साथ सभी अपने-अपने कर्तव्यों को निर्वहन करें। खनिज एवं पर्यावरण संरक्षण करना हम सबों की जिम्मेवारी है। मौके पर बिमरला के वरीय खान प्रबंधक जितेंद्र कुमार, आशुतोष झा, अजय ठाकुर, डॉ अमर त्रिपाठी समेत कई कर्मी मौजूद रहे।

## केमटे विद्यालय को उत्क्रमित तो हुआ लेकिन शिक्षकों की कमी दूर नहीं हुई

■ शिक्षकों की कमी से छात्रों की संख्या निरंतर घट रही है

■ उवि होने से विषयवार शिक्षक नहीं हैं उपलब्ध, तीन प्राथमिक शिक्षक हैं कार्यरत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** रायडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत केमटे में स्थित राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय केमटे को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय का दर्जा तो दिया गया। लेकिन विद्यालय में शिक्षकों की प्रतिनुयक्ति नहीं की गयी। फिलहाल विद्यालय में सिर्फ तीन प्राथमिक स्तर के शिक्षक कार्यरत हैं। जिनके भरोसे स्कूल चल रहा है। उक्त विद्यालय में कभी लगभग 350 से 400 की संख्या में बच्चे पढ़ा करते थे। जिसे देख शिक्षा विभाग के द्वारा राजकीय मध्य विद्यालय केमटे को उत्क्रमित करते हुए उच्च विद्यालय का दर्जा दे दिया गया। शिक्षकों की माने तो कुछ सालों तक 9 वीं एवं 10 वीं की क्लास में 50 से 55 के लगभग बच्चे पढ़ा करते थे।



## मात्स्यिकी विज्ञान कॉलेज गुमला में मना राष्ट्रीय एकता दिवस

**गुमला।** मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय गुमला में भी राष्ट्रीय एकता दिवस हर्षोर्लास के साथ मनाया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती को समर्पित है। जिनकी भारत के राजनीतिक एकीकरण में प्रमुख भूमिका थी। महाविद्यालय सभागार में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी एवं साथ ही साथ सबको राष्ट्रीय एकता एवं अक्षुण्णता को बनाये रखने का प्रण दिलवाया गया।

## पोताला तिब्बती शरणार्थी उलेन मार्केट का पूर्व विधायक ने किया शुभारंभ

■ देश के विकास व सामरिक सुरक्षा में तिब्बती शरणार्थी का महत्वपूर्ण योगदान : कमलेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** लोहरदगा रोड स्थित उपेंद्र गैरेज के बगल में पोताला तिब्बती शरणार्थी उलेन मार्केट का बुधवार को पूर्व विधायक कमलेश उरांव व राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के जिलाध्यक्ष दिलीप नीलेश ने शुभारंभ किया। कमलेश ने कहा कि भारत तिब्बती मैत्री संबंध एक अटूट संबंध है। इनके उलेन मार्केट से सदा ही किफायती दर पर आम जनता को कोट, जैकेट, मफलर, स्वेटर आदि गर्म कपड़े मिल पाते हैं। देश के विकास एवं सामरिक सुरक्षा में इनका (शरणार्थियों) बड़ा ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पोताला मार्केट के संचालक उग्येन तेनजिन ने बताया कि 1959 में चीन के तिब्बत को कब्जाने के बाद उसके पूर्वजों ने तिब्बतियों के आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा के साथ वहां से भाग भारत में शरण लिया था।



# भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी वाहन को डीसी ने हरी झंडी दिखा किया रवाना

■ विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में मशीनों के उपयोग एवं सिद्धांतों से कराया जायेगा परिचय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिला प्रशासन गुमला ने राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद कोलकाता और झारखंड विज्ञान प्रौद्योगिकी व नवाचार परिषद के सहयोग से गुमला जिला के विभिन्न विद्यालयों में भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी लगायेगी। जिससे विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में मशीनों के उपयोग एवं सिद्धांतों से परिचय कराया जायेगा। इस साइंस बस को बुधवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी व डीडीसी हेमंत सती ने समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखलाकर विभिन्न विद्यालय के लिए रवाना किया गया। भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी वाहन एक महीने तक पूरे नवंबर माह में विभिन्न प्रखंड के चिन्हित विद्यालय में निर्धारित अवधि तक रहेगी तथा व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए अन्य सभी विद्यालय के बच्चों को भी टैग कर इससे लाभान्वित कराया जायेगा। यह प्रदर्शनी जिले के 9 निर्धारित स्कूलों में 2 दिनों की अवधि के लिए लगायी जायेगी। यह प्रदर्शनी एसएस +2 उवि घाघरा में 01 एवं 02 नवंबर को, एसएस+2 उवि विशुनपुर में 03 एवं 04 नवंबर को, डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गुमला 06 एवं 07 नवंबर, एसएस +2 उवि रायडीह में 08 एवं 09 नवंबर को, राजकीयकृत +2 उवि डुमरी टांगरडीह में 10 एवं 11 नवंबर को, राजकीयकृत +2 उवि भरनो 21 एवं 22 नवंबर को, संत तुलसीदास +2 उवि सिसई में 23 एवं 25 नवंबर को लगायी जायेगी।



विज्ञान प्रदर्शनी वाहन को रवाना करते डीसी व डीडीसी।

**ये भी थे उपस्थित :** मौके पर उप विकास आयुक्त हेमंत सती, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनील शेखर, एडुकेशन के अलावे सहायक नोडल अभिजीत और दिलदार सिंह,ऑपरेटर अनूप किंडो, सत्येंद्र आदि के अलावा एस एस प्लस टू गुमला के शिक्षक एवं छात्राएं मौजूद थे।

# आदिवासियों को अपने धर्म परंपरा और संस्कृति को बचाये रखना है: राधा तिर्की

■ आदिवासी समुदाय के लोग प्रकृति के उपासक होते हैं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत के अतिसुदुर्वर्ती ग्रामीण क्षेत्र मन्हे में जतरा का आयोजन किया गया। जतरा में आदिवासी गीत नृत्य और संगीत आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अलावे विभिन्न प्रकार की दुकान से जतरा स्थल भरा हुआ था। वहीं जतरा में नन्हे मुन्ने बच्चे मिठाई खिलौने खरीद कर काफी आनन्दित हो रहे थे। बताया जाता है की मन्हे ग्राम में प्रत्येक वर्ष जतरा का आयोजन होता है। वहीं जतरा का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने आदिवासी परंपरा के अनुसार पाहन पुजार के साथ पूजा कर किया और कहा कि आदिवासी प्रकृति के उपासक होते हैं। आदिवासियों को अपने धर्म, संस्कृति और परम्परा को बचाये रखने है। साथ ही कहा कि जतरा के माध्यम से धर्म और संस्कृति का निर्वहन के लिये युवा वर्ग के लोगों को जगरूक किया जाता है तथा जतरा आयोजन से सौहार्द्र एवं आपसी भाईचारा बढ़ता है। वहीं जतरा में प्रखंड क्षेत्र के लगभग 56 खोढ़हा दल पहुंच कर आदिवसी नृत्य व संगीत और कला का प्रदर्शन किया और लोगों को एकजुटता के साथ रहने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि ने सभी खोढ़हा दल को पुरस्कार स्वरूप एक-एक डेग देकर सम्मानित किया।



जतरा में झूमते लोग।

## स्पीड न्यूज

### चतुर्मास महायज्ञ की सफलता को लेकर यज्ञ कमिटी ने जताया आभार



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते यज्ञ कमिटी के सदस्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित चतुर्मास महायज्ञ की सफलता को लेकर यज्ञ कमिटी ने आभार व्यक्त किया है। अनिकेत पैलेस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यज्ञ कमिटी के लेखा पदाधिकारी धीरेंद्र चौबे ने कहा कि इस महाकुंभ को सफल बनाने के लिए राज्य सरकार, जिला प्रशासन, जिला पुलिस, बिजली विभाग चिकित्सा विभाग, पीएचइडी, नगर पंचायत, व्यवसायियों, पत्रकारों के साथ दूर-दराज से महायज्ञ में शामिल होने वाले सभी लोगो के प्रति यज्ञ समिति आभार व्यक्त करती है। साथ ही सभी राजनीतिक दल के लोगों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी यज्ञ में बढ़-चढ़कर अपना तन-मन-धन से सहयोग किया है, उसके लिए भी यज्ञ समिति आभार व्यक्त करती है।

### राज्य के युवाओं से किए वादा को पूरा करे सरकार : राजीव रंजन



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते भाजपाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जब से हेमंत सोरेन की सरकार बनी है राज्य के युवा परेशान हैं। हेमंत सोरेन की सरकार राज्य के युवाओं से किया वादा को पूरा करें, नहीं तो राज्य के युवा सही समय पर सही जवाब देंगे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी ने बुधवार को जिला कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही। श्री तिवारी ने कहा कि यहां के युवकों को रोजगार नहीं दिया जा रहा है। हेमंत सोरेन ने बेरोजगार युवकों को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, उसे आज तक पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि गढ़वा के विधायक गढ़वा में पानी पिलाकर आज पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री बने हैं, लेकिन आज तक गढ़वा में पेयजल की मुकम्मल व्यवस्था नहीं हो सकी। उसके बाद भी उनके कार्यकर्ता स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही के बारे में अनर्गल बयान बाजी करते हैं।

### झारखंड पब्लिक स्कूल में सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती मनी




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** झारखंड पब्लिक स्कूल सलैइडीह् इन्दरवा में भारत के प्रथम गृहमंत्री 'लौह-पुरुष' सरदार बल्लभभाई पटेल जी की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा देश की एकता व अखण्डता बनाए रखने हेतु शपथ ली गई। साथ ही एकता के लिए दौड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों के साथ शिक्षकों ने भी भाग लिया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य अब्दुल रहमान ने बच्चों को एकता की शपथ दिलायी एवं हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में राजु रंजन सिन्हा, रामलाल दास, मुकेश प्रसाद, मो.दानिश, मनिष कुमार सोनी, विकाश कुमार, शिफ़त आरा, निरज कुमार, खुशबू प्रजापति, सत्यम कुमार, मोइनउद्दीन, प्रभाकर प्रकाश, मुन्ना स्वर्णकार साजदा बानो, नीलु मुस्कान, पुजा सिंह, जयन्ती एक्का, युवराज राम सहित सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे।

### कांग्रेस सचिव ने एसपी को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू ने जिले में शांतिपूर्ण ढंग से दुर्गा पूजा संपन्न करवाने को लेकर एसपी अनुदीप सिंह का जिला वासियों की ओर से आभार व्यक्त किया तथा आरक्षी आधीक्षक कार्यालय में जिले की ओर से अंग वस्त्र (शॉल) देकर सम्मानित किया। साथ ही गांधी की पुस्तक भेंट कर जिले के सभी पुलिस पदाधिकारी, एनसीसी एवं होमगार्ड के युवा साथियों को धन्यवाद प्रेषित किया। वहीं एसपी श्री सिंह ने कहा कि जिले भर की विधि व्यवस्था दुरुस्त रखना उनकी पहली प्राथमिकता है और रहेगी। झुमरीतिलैया स्थित बेलाटांड़ दुर्गा पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष श्री सहाय सहित समिति के अध्यक्ष प्रेम पांडे, सचिव अनिल सिंह ने सफलतापूर्वक पूजा संपन्न होने पर समिति के पदाधिकारी को धन्यवाद दिया। धन्यवाद देने वालों में नंदकुमार राय, अनुराग सिंह मुन्ना, रामाशंकर यादव, संजय कुमार, उत्तम दास पाल, छवि विश्वास, आलोक पांडेय, उमेश सिंह, गोरेलाल यादव, सुरेंद्र कुमार सहित बेलाटांड दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हैं।

## 20 करोड़ की लागत से होगा दो सड़कों का निर्माण, मिली प्रशासनिक स्वीकृति

# क्षेत्र के विकास का आईना होता है सड़क : मंत्री मिथिलेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा में करीब 20 करोड़ रूपये की लागत से दो सड़कों का निर्माण किया जाएगा। झारखंड सरकार पथ निर्माण विभाग ने इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके तहत करीब 50 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाएगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलश कुमार ठाकुर ने बताया कि पथ प्रमंडल गढ़वा के तहत तिलदाग मोड़ से अटौला मोड़ तक 2342 किलोमीटर लंबी सड़क की राईडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य किया जाएगा। इसके लिए 10 करोड़ 70 लाख 64 हजार 100 रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। जबकि पथ प्रमंडल गढ़वा के चैनपुर-रमकंडा पथ के 13वें किलोमीटर से 2671 किलोमीटर तक कुल 1371 किलोमीटर लंबी सड़क के राईडिंग क्वालिटी में सुधार किया जाएगा। इसके लिए नौ करोड़ 25 लाख 79 हजार 600 रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। शीघ्र ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि इन सड़कों की स्थिति काफी जर्जर हो गई थी। इसके बेहतर निर्माण की अति आवश्यकता थी। अब इन सड़कों का बेहतर निर्माण कार्य हो जाने से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। इन सड़कों का उपयोग मिनी बाईपास के रूप में किया जाता है। मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में गढ़वा का कोई भी क्षेत्र बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से वंचित नहीं रहेगा। किसी भी क्षेत्र की विकास का आईना सड़क ही होता है। यदि लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा न मिले तो विकास कार्य पूर्ण नहीं समझा जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद विषम परिस्थितियों में भी गढ़वा सहित पूरे राज्य का काफी तेजी से विकास हो रहा है। पूरे राज्य में आधारभूत संरचनाओं में आमूलचुल परिवर्तन हुआ है। मंत्री ने कहा कि विकास कार्य करने के लिए किसी भी जनप्रतिनिधि को दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ समर्पित होकर कार्य करना पड़ता है। सिर्फ लच्छेदार बातों से जनता को बेवकूफ बनाने से विकास कार्य नहीं होता है।

### मंत्री ने दिया पूर्व कार्यकर्ता की पुत्री की शादी में एक लाख रुपये का सहयोग



सहयोग राशि प्रदान करते कार्यकर्ता

**मेराल।** स्थानीय विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को अपने पूर्व कार्यकर्ता की पुत्री की शादी में एक लाख रुपए का सहयोग राशि दिया। उक्त राशि को मेराल प्रखंड के झामुमो नेताओं ने मेराल पूर्वी के पूर्व झामुमो पंचायत अध्यक्ष स्व. अख्तर अंसारी की पत्नी को प्रदान किया गया। जानकारी देते हुए झामुमो के युवा प्रखंड अध्यक्ष ज्ञान रंजन मिश्र ने बताया कि मंत्री ने अपने निजी कोष से मेराल पूर्वी के पूर्व पंचायत अध्यक्ष की पुत्री की शादी में सहयोग के रूप में एक लाख रुपए दिया है।

## एक नजर में

### लकड़ी से भरा ट्रक और 2 ट्रैक्टर जब्त, 5 तस्कर गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** जिले में सक्रिय लकड़ी और कोयला तस्करों के विरुद्ध वन विभाग लगातार एक्शन मुड में है। इसी कड़ी के तहत वन विभाग की टीम ने एक सप्ताह के भीतर कोयला व लकड़ी की तस्करी कर सरकार को राजस्व का चूना लगाने में जुटे तस्करों के विरुद्ध दूसरी बड़ी कार्रवाई की है।

उत्तरी और दक्षिणी डीएफओ को मिली गुप्त सूचना पर रेंजर सूर्यभूषन ने कार्रवाई करते हुए अवैध कोयला लदा दो ट्रक व एक अवैध लकड़ी लदा ट्रैक्टर जप्त किया है। साथ ही कालाबाजारी के कोयले व लकड़ी लदे वाहनों की रेकी कर रहे पांच तस्करों को भी धर दबोचा है। गिरफ्तार तस्करों में तीन चालक व दो रेकी करने वाले गिरोह के माफिया शामिल हैं। रेंजर सूर्यभूषन ने बताया कि डीएफओ को गुप्त सूचना मिली थी कि टंडवा से अवैध कोयला लदा ट्रक चतरा होते हुए बिहार जाने वाली है। सूचना पर टीम का गठन किया गया और चतरा-डोभी मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान चतरा और हंटरगंज से एक-एक ट्रक जब्त किया गया। इसी दौरान हंटरगंज से अवैध लकड़ी लदा एक ट्रैक्टर को भी जप्त किया गया है। इसके अलावा रेकी कर रहे तस्करों के बाईक को भी वन विभाग की टीम ने जप्त किया है। गिरफ्तार सभी तस्कर बिहार और झारखंड के अलग-अलग जिलों के रहने वाले हैं। रेंजर ने बताया कि जप्त ट्रक और ट्रैक्टर में लाखों रुपए का अवैध कोयला और लकड़ी लदा है। उन्होंने बताया कि वाहन मालिक को के साथ-साथ तस्करी के काले कारनामे में शामिल तस्करों की पहचान कर उनके विरुद्ध वन अधिनियम के तहत प्राथमिक की दर्ज करते हुए अग्रतार कार्रवाई की जा रही है। साथ ही सभी गिरफ्तार तस्करों को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है।

## रूट लाइन चयन को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डंडई।** झारखंड सरकार ने सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की शुरूआत की है। जिसे लेकर डंडई प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रभारी बीडीओ राहुल कुमार शानु ने अंचल के पदाधिकारियों और ग्रामपंचायत सचिवों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के लिए बस रूट लाइन का चयन किया। बीडीओ ने बताया कि यातायात के लिए रूट लाइन में बौलिया से सोनेहरा, करके, डंडई, बैरियादामार, रारो से लवाही, पचोर, बालेखांड़, महुदंड, तसरार, जरही, झोतर होते हुए जिला मुख्यालय के लिए रूट लाइन का चयन किया गया है। वहीं दूसरी रूट लाइन धुरकी से आने वाले वाहन अंबाखोरेया बरसोती, कदवा, भंडार, टाटीदीरी, पनघटवा होते हुए रारो, लवाही, डंडई होते हुए गढ़वा मुख्यालय को जोड़ेगी। उन्होंने बताया कि उक्त योजना के तहत यातायात की सुविधा हर पंचायत वासियों को मिलेगी। कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आवागमन से हो रही समस्याओं को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण गाड़ी योजना को शुरू करने की घोषणा की गई है। इस योजना के माध्यम से सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों के लिए वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। जहां से लोगों को वाहन न मिलने के कारण कई किलोमीटर पैदल चलकर गाड़ी पकड़नी पड़ती है। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के माध्यम से गांव और शहर की दूरी को कम किया जाएगा। मुख्यमंत्री ग्रामीण गाड़ी योजना के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा आम ग्रामीण जनता को सीधा लाभ मिलेगा। इसके लिए आज नजरी नक्शा तैयार करने एवं ग्रामीणों को इसका लाभ पहुंचाने के लिए वाहन को चलाने के लिए रूट लाइन का रूपरेखा तैयार किया गया है।



बैठक करते बीडीओ

### पुलिस ने देशी पिस्टल के साथ चार अपराधियों को किया गिरफ्तार

**चतरा।** चतरा पुलिस ने बुधवार को देशी पिस्टल के साथ चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी आदित्य यादव ग्राम सजना, बबलू यादव ग्राम छोटकी देवरिया, श्रवण प्रजापति उर्फ कारू प्रजापति ग्राम बरैनी और प्रदीप यादव ग्राम दुधौरी सभी सदर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक देशी पिस्तौल बरामद किया है। चतरा एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को 31 अक्टूबर को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि छोटकी देवरिया स्थित बबलू यादव के घर में कुछ लड़के पिस्टल के साथ अपराधिक घटना को अंजाम देने का प्लानिंग बना रहे है। सूचना के आलोक में मेरे निर्देश पर एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित दल द्वारा छोटकी देवरीया स्थित बबलू यादव के घर पर छापामारी किया गया और तीन अभियुक्तों को एक देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि इस मामले में अपराधियों के विरुद्ध सदर थाना में छापामारी दल सदर थाना प्रभारी शिवप्रकाश कुमार एसआई श्रीराम कुमार पंडित सहित थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

### जिला को बाल विवाह एवं महिला, बाल शोषण मुक्त बनाने को लेकर बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** विभागीय निर्देश के आलोक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में चतरा जिला को बाल विवाह एवं महिला बाल शोषण मुक्त जिला बनाने के लिए सुरक्षित बचपन,खुशहाल जीवन जागरूकता अभियान आयोजित करने के लिए आवश्यक बैठक की गयी। इस बैठक में बाल विवाह की रोकथाम एवं महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ होने वाले हिंसा को समाप्त करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम के दौरान चलाए जाने वाले विभिन्न महत्वपूर्ण गतिविधियों पर चर्चा की गयी। इस बैठक में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि महिला बाल विकास विभाग, झारखंड सरकार एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था, एक्स आई एस एस एवं जेएसएलपीएस के सहयोग से राज्य में चतरा जिला में बाल विवाह, महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने हेतु दिनांक 31-10-23 से 14 नवंबर 2023 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा । अभियान के सफल बनाने के लिए उप विकास आयुक्त के द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी, डी पी एम जेएसएलपीएस को प्रखंडवार किए जाने वाले गतिविधियों की सूची बनाने का निर्देश दिया गया तथा पंद्रह दिनों के अंदर वैसी बालिकाओं को चिन्हित करके पुरस्कृत करने का निर्देश दिया गया जिन्होंने अति विषम परिस्थितियों में भी रह कर अपनी पढ़ाई जारी रखी है और बाल विवाह का विरोध किया है। साथ ही उनके माता पिता को भी सम्मानित करने का निर्देश गया।साथ ही उप विकास आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वयं सेवी संस्था से आए प्रतिनिधियों को जेएसएलपीएस तथा पंचायती राज के जनप्रतिनिधियों के साथ मिल कर जिला में जागरूकता लाने का निदेश दिया।

## वन विभाग ने10 टन ढिबरा लदा शक्तिमान किया जब्त, चालक गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** वन विभाग की टीम ने डोमचांच रेंजर रविंद्र कुमार के नेतृत्व में बीती रात ढिबरा लदे एक शक्तिमान ट्रक को जब्त किया है। वन विभाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डोमचांच मसनोडीह जंगल से उक्त वाहन को जब्त किया गया है। इस मामले में वाहन चालक को गिरफ्तार किया गया है। वहीं रेंजर रविंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बंगाखलार जंगल से ढिबरा लोड कर शक्तिमान ट्रक कोडरमा की तरफ आ रही है। उक्त वाहन को आते देख वाहन को रुकने को कहा गया पर गश्ती दल को देखकर चालक ने वाहन भगाने लगा। जिसके बाद काफी दूर जाकर मसनोडीह जंगल के समीप गाड़ी सहित चालक अजय मेहता पिता अर्जुन मेहता ग्राम मसनोडीह निवासी को गिरफ्तार किया गया। वहीं जब्त वाहन को वन विभाग परिसर लाया गया। मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी में 10 टन ढिबरा लोड था, जिसकी कीमत दो लाख रुपया से ज्यादा बतायी जा रही है। मौके पर पीयूष प्रभाकर, रविकांत कुमार, अनिल कुमार साव आदि मौजूद थे।



## पावरग्रिड कोडरमा ने निकाला पदयात्रा




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** सतर्कता जागरुकता सप्ताह पदयात्रा अभियान कार्यक्रम के दौरान पावरग्रिड कोडरमा की ओर से पदयात्रा का शुभारम्भ कार्यालय परिसर से समाहरणालय तक निकाला गया। वहीं पावरग्रिड के प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि यात्रा में शामिल सभी कर्मचारी, अधिकारी, ठेका मजदुर एवं ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और एक ऑडियो सयंत्र के माध्यम से भ्रष्टाचार रोको पर अनेकानेक स्लोगन व संभाषण का श्रवण कराया गया, ताकि समाज, समूह और आमजन में भ्रष्टाचार रूपी दीमक की लंका का समूल नाश कर सरकारी तंत्र में संभव सुधार किया जा सके।

### कोल इंडिया स्थापना दिवस समारोह का हुआ आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा में संचालित मगध एवं आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र में '49वां कोल इंडिया स्थापना दिवस' उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। दोनों परियोजना में समारोह की शुरूवात ध्वजारोहण और कोल इंडिया के कॉर्पोरेट गीत के साथ हुई। वही मगध कोलपरियोजना में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खान प्रबंधक मोहम्मद अकरम ने उपस्थित सभी लोगों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को काफी हद तक केवल कोयले से ही पूरा किया जा सकता है क्योंकि यह किफायती लागत पर सुनिश्चित ऊर्जा प्रदान करती है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि उत्पादन लक्ष्य पूरा किया जाए। आगे कहा कि कोल इंडिया लिमिटेड अपनी सहायक कंपनियों के साथ देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। इधर आम्रपाली जीएम अमरेश कुमार सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुवे कहा कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है। जिसे समाधान हेतु प्रत्येक नागरिक को सतर्क होना चाहिए तथा सदेव ईमानदारी तथा सत्य निष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध होना चाहिए साथ में भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष में हमेशा साथ देने की आवश्यकता है, इसलिए आज से हम सभी प्रतिज्ञा करता हूं कि जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी तथा कानून के नियमों का पालन करेंगे। इस अवसर पर दोनों परियोजना के विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्ष ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधि जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में सीसीएल के कर्मचारी उपस्थित थें।

## रेलवे व बिजली निजीकरण के खिलाफ देशव्यापी सार्वजनिक क्षेत्र बचाओ दिवस के तहत

# सीटू एवं किसान सभा का विरोध सभा तीन को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** केंद्र सरकार के द्वारा रेलवे और बिजली क्षेत्र का निजीकरण तथा स्मार्ट मीटर लगाए जाने के खिलाफ देशव्यापी सार्वजनिक क्षेत्र बचाओ दिवस के तहत 3 नवम्बर को कोडरमा रेलवे स्टेशन के समक्ष सीटू और एआईकेएस के बैनर तले विरोध सभा का आयोजन किया जाएगा। यह निर्णय बुधवार को वीर कुंवर सिंह पार्क में सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) और झारखंड राज्य किसान सभा (एआईकेएस) के संयुक्त बैठक में लिया गया। जिसकी अध्यक्षता सीटू नेता प्रेम प्रकाश ने किया। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान और किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव असीम सरकार ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सार्वजनिक उपक्रमों का बहुत बड़ा योगदान है, लेकिन भाजपानीत मोदी सरकार के द्वारा इसे लगातार खत्म किया जा रहा है।

सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों को बचाने के लिए कर्मचारी यूनियन लगातार संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन केंद्र सरकार अपने चहेते पूंजीपति मित्रों के लिए निजीकरण के रास्ते देश को गिरवी रखने के लिए तेजी से आगे बढ़ रही है। वहीं दूसरी तरफ उर्जा क्षेत्र का निजीकरण करने के लिए पहले ही कोरोना काल में काले कृषि कानून के साथ-साथ बिजली कानून 2020 संसद से पास करा लिया है। 13 महीने के लंबे किसान आंदोलन के चलते कृषि कानून तो वापस ले लिया, लेकिन बिजली कानून वापस नहीं लिया। बिजली निजीकरण होने से बिजली मंहगी हो जाएगी और आम आदमी के पहुंच से बाहर हो जाएगी, किसानों की खेती भी महंगा हो जाएगा, क्योंकि कृषि क्षेत्र में बिजली की महत्वपूर्ण भूमिका है। वहीं स्मार्ट मीटर परियोजना भी बिजली वितरण के निजीकरण का आाार है। स्मार्ट मीटर किसानों, छोटे दूकानदारों समेत आमलोगों को अत्याािक महंगी बिजली खरीदने के लिए मजबूर करेगा। यह मोबाइल रिचार्ज सिस्टम जैसा हो जाएगा, यानी जिस समय रिचार्ज खत्म उसी समय अंधेरा हो जाएगा। बैठक में प्रेम प्रकाश, सुनील कुमार गुप्ता, दिलीप कुमार सिन्हा, मीरा देवी, वर्षा रानी व रीना देवी आदि मौजूद थे।



## स्पीड न्यूज

### कोल इंडिया ने मनाया 49 वां स्थापना दिवस


मौके पर मौजूद लोग।

**बालूमाथ।** मगध परियोजना के खान प्रबंधक मो. अकरम की अध्यक्षता में परियोजना कार्यालय में बुधवार को 49 वां कोल इंडिया स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के तहत खान प्रबंधक मो. अकरम द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मौके पर खान प्रबंधक ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को काफी हद तक केवल कोयले से ही पूरा किया जा सकता है। क्योंकि यह किफायती लागत पर सुनिश्चित ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि उत्पादन लक्ष्य पूरा किया जाए। उन्होंने सभी कर्मचारियों और हितधारकों से कंपनी के विकास और ऊर्जा सुरक्षित राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने और भाग लेने का आह्वान किया। आगे उन्होंने कहा कि कोल इंडिया लिमिटेड अपनी सहायक कंपनियों के साथ देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि मगध परियोजना वांछित उत्पादन एवं प्रेषण लक्ष्य हासिल कर लेगी। इस अवसर पर परियोजना के कर्मचारियों को पदोन्नति पत्र भी दिया गया। खान प्रबंधक ने सभी योग्य कर्मचारियों को पदोन्नति पर बधाई दी। कल्याण अधिकारी आकाश वरुण कुल्लू ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधि, बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

### 15 वे वित्त की राशि से बनाए गए कॉन्फ्रेंस हॉल का हुआ उद्घाटन


सभाकक्ष का उदघाटन करते जनप्रतिनिधि।

**बरवाडीह।** प्रखंड परिसर के निचले तल्ले में 15वें वित्त की राशि से निर्मित कॉन्फ्रेंस हॉल का बुधवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। जहां प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह और प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। वहीं इसके साथ-साथ 15वें वित्त की राशि से प्रखंड और आंचल कर्मियों के साथ-साथ आम जनों के पीने के लिए शुद्ध पानी का आरो लगाया गया। उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने कहा कि प्रखण्ड में संचालित होने वाली बैठकों को देखते हुए प्रखंड प्रमुख की अनुमति से एक नए बेहतर सभा कक्ष का निर्माण किया गया है। जिसका लाभ सभी को मिलेगा। इस दौरान मौके पर प्रखंड समन्वयक मनजीत कुमार सिंह, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाअधिकारी अनुज शरण, पंचायत सेवक विजय शंकर राम और सुजीत कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

### प्रखंड प्रमुख ने आंगनबाड़ी केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**चैनपुर पलामू ।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के अवसाने पंचायत के टोला छेच्छानी के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 15 का बुधवार को औचक निरीक्षण प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने किया। प्रखंड प्रमुख नें बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 15 समय 8:00 बजे तक खुला नहीं देखने पर उन्होंने ग्रामीणों से जानकारी लिया कि आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 15 का सेविका व सहायिका कौन है और 8:00 बजे तक आंगनवाड़ी केंद्र क्यों नहीं खुला है। इस पर ग्रामीण रंजन सिंह कलावती देवी तथा चंद्रावती देवी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र प्रतिदिन नहीं खुलता है। कभी-कभी आंगनबाड़ी केंद्र का सेविका सतिमा देवी का पुत्री सुजाता सिंह व सहायका मीला देवी आती है और वही लोग केंद्र को खोलने का काम करती है।

### छतरपुर अंचल में पत्थर माफिया, बालू माफिया और प्रशासनिक गठजोड़ चरम पर

**छतरपुर पलामू।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की छतरपुर अंचल की बैठक ग्राम चिरू में हुई। बैठक की अध्यक्षता सजीवन भूइंया ने किया। बैठक में भाकपा के वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि पालमू 2 साल से भीषण अकाल की चपेट में है लेकिन किसानों के खेत में पानी की स्थाई व्यवस्था करने का कोई उपाय सरकार के पास नहीं है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सा राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि छतरपुर इलाका भू माफिया पत्थर माफिया एवं बालू माफिया का अड्डा बन गया है।

## अधिकतम सुविधा वाले हॉस्पिटल के निर्माण से यहां के लोगों को इलाज के लिए होगा राहत : रामचंद्र सिंह

# मनिका विधायक ने हॉस्पिटल निर्माण का किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता


हॉस्पिटल निर्माण का शिलान्यास करते विधायक व अन्य।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के देवतवा टोंगरी के समीप दिन बुधवार को मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने करोड़ों रुपए की लागत से बन रहे हॉस्पिटल का वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ शिलापट अनावरण व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि मनिका प्रखंड में मरीजों के लिए अधिकतम सुविधा वाले हॉस्पिटल का बनना बहुत जरूरी था इस अस्पताल के निर्माण के बाद यहां के लोगों को इलाज के लिए काफी सहूलियत मिल सकेगा। बता दें कि इसी हॉस्पिटल के निर्माण का 2019 में पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने शिलान्यास किया था। लेकिन संवेदक के लापरवाही के कारण हॉस्पिटल का निर्माण कार्य बीच में ही रुका हुआ था। जिसके बाद मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह के प्रयास से दूसरे संवेदक को अस्पताल बनाने का कार्य दिया गया है। वहीं हॉस्पिटल के निर्माण कार्य फिर से शुरू होने की खबर से प्रखंड क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह है क्योंकि वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका का स्थिति काफी दयनीय है अस्पताल की बिल्डिंग की छत जहां तहां से पूरी तरह जर्जर हो चुकी है जिसके कारण चिकित्सकों को हमेशा बिल्डिंग गिरने का डर बना रहता है। वहीं राय एंड कुमार कंस्ट्रक्शन के संवेदक राजू राय, दिलीप चौधरी व कार्तिक तिवारी ने बताया की हम लोगों के द्वारा बहुत जल्द ही हॉस्पिटल के अधूरे पड़े कार्य को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर मनिका विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, सुरेंद्र भारती, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, युवा कांग्रेस मनिका विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, कामेश्वर प्रसाद यादव, वृंद बिहारी प्रसाद यादव, स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर दिव्य क्षितिज कुजुर, पूर्व मुखिया संजय सिंह, रामनंदन उरांव, तस्लीम अंसारी, नरेश राम, विश्वनाथ राय, प्रमोद भारती, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## प्रखण्ड में प्रमुख के बाद ही उप प्रमुख या जिला परिषद का होता है स्थान : बिरेंद्र जयासवाल

# पंचायत समिति की बैठक में प्रतिष्ठा को लेकर हंगामा

खबर मन्त्र संवाददाता


क्रमवार समीक्षा करती प्रमुख सुशीला देवी।

**बरवाडीह।** प्रखण्ड कार्यालय सभागार में बुधवार को पंचायत समिति की मासिक बैठक प्रखण्ड प्रमुख की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही संचालन कर रहे बीडीओ राकेश सहाय ने उपस्थित सभी पदाधिकारी, कर्मी और जनप्रतिनिधियों को बैठक में भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया। वहीं बैठक में उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल, बीडीओ राकेश सहाय, बीईईओ नागेंद्र प्रसाद, सीएचसी प्रभारी डॉ.आशीष रंजन, एमओ अनुज शरण सहित लगभग सभी विभागों के पधाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सबसे पहले पद और प्रतिष्ठा को लेकर बहस हुई। जहां उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल ने कहा कि जिस तरह राज्य के मंत्रिमंडल में राज्यपाल बड़ा होता है। उसी तरह किसी भी प्रखण्ड में सबसे पहले प्रमुख का स्थान बड़ा होता है, इसके बाद ही उप प्रमुख, जिला परिषद या अन्य आते है। बावजूद इसके प्रमुख की जगह कई कार्यों में जिला परिषद का नाम सबसे पहले प्रखंड स्तर पर दिया जाता है, जो की गलत है। इसपर बीडीओ ने प्रखण्ड प्रशासन की गलती स्वीकारते हुए आगे से ऐसी गलती न हो इसके लिए बैठक में उपस्थित संबधित कम्रियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिसके बाद सदन में आगे की कारवाई शुरू की गई। जहां स्वास्थ्य विभाग, बैंक, पीएचडी, मनरेगा, 15 वें वित्त, प्रधानमंत्री आवास, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, बाल विकास परियोजना, जेएसएलपीएस, वन विभाग और पशुपालन विभाग को बारी-बारी से क्रमवार समीक्षा की गई। पिछली बैठक में उठे कई मामलों का अनुपालन नहीं होने से प्रमुख और अन्य सदस्यों नाराजगी प्रकट की। सदस्यों के स्तर पर उठाए गए मुद्दों को पदाधिकारियों ने जवाब दिया एवं प्रस्ताव में लिया गया।

### उपायुक्त हिमांशु मोहन ने मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना


रवाना करते उपायुक्त।

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हिमांशु मोहन द्वारा आज मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मतदाता जागरूकता रथ के माध्यम से 09 दिसंबर तक चलने वाले मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रति आमजनों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। मतदाता जागरुकता रथ से मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के तहत किये जाने वाले कार्यों यथा नये वोटरों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, मतदाता सूची में सुधार, मृत मतदाता का नाम विलोपन इत्यादि के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। जिला अंतर्गत मतदाताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने, मतदान में भाग लेने, युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिये प्रेरित करने के लिए स्वीप अभियान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियो का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर निर्वाचन कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

### डिग्री कॉलेज उद्घाटन कर शुरू नही होने से क्षेत्र की जनता में है रोष : राजकुमार प्रसाद

**लातेहार।** लातेहार में डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरू कराने को लेकर सोमवार को आजसू कार्यालय लातेहार में लातेहार प्रखंड के उपप्रमुख सहित सभी पंचायत समिति सदस्यों ने जिलाध्यक्ष को अपना समर्थन देते हुए कहा कि हम सभी जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए कॉलेज के शुरू होने तक लड़ाई लड़ेंगे। जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने कहा कि डिग्री कॉलेज का शुरू नही होना लातेहार के आमजन के साथ धोखा है जनप्रतिनिधियों का समर्थन मिलने से लड़ाई में बल मिला है जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र कि जनता के दुख को देखते हुए अपना समर्थन देकर अपनी जवाबदेही सुनिश्चित कि है। कार्यक्रम दो नवम्बर को बाजारटांड़ से रैली के माध्यम से समाहरणालय परिसर पहुच कर जनसभा में तब्दील हो जाएगी। मौके पर संयुक्त रूप से आमजन को इस अभियान में भाग लेने की अपील की गई। मौके पे जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय जिला प्रवक्ता नितेश पाण्डेय उपप्रमुख राजकुमार प्रसाद पंचायत समिति सदस्य कर्मदेव सिंह पुनीत भुईया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## नए अंचलाधिकारी को गुलदस्ता देकर किया स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



स्वागत करते लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ के नए अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर का बालूमाथ जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव एवं महागटबंधन के कार्यकर्ता द्वारा गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। मौके पर जेएमएम प्रखंड सचिव परमेश्वर गझू,प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश यादव, धर्मजीत भुइयां, रामलाल उरांव, त्रिवेणी साव, वीरेंद्र मुंडा, लालदेव उरांव, राजू गंझु, वीरू उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे। वहीं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रखंड अध्यक्ष रवि रजक के नेतृत्व में संगठन के लोगों ने नवनियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराँव एवं अंचलाधिकारी तृप्ति विजय कुजूर से औपचारिक मुलाकात किया और दोनों पदाधिकारी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष ने दोनों पदाधिकारीयो से शोषित और वंचितों के हित में काम करने की बात कही। मौके पर वीरेंद्र गुप्ता, अर्जुन साव, कृष्णा प्रसाद साव, संतोष कुमार, तुलसी रामराजेंद्र चावल, ज्ञानी पांडे, लाल देव गंझु, राजेश साव, वीरू उराँव, गेंदा राम, पप्पू कुरैशी, संजय यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## चंदवा में आंगनबाड़ी सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रशिक्षण में शामिल लोग।

**चंदवा।** प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविकाओं को समुदाय आधारित गतिविधियों एवं गृह भ्रमण पर प्रशिक्षण बुधवार से शुरू हो गया। तीन दिनों तक चलने वाले प्रशिक्षण के पहले दिन माल्हन, लाधुप, बरवाटोली, डुमारो, चकला और बनहरदी की आंगनबाड़ी सेविकाओं को मास्टर ट्रेनर पर्यवेक्षिका ज्योति बाला के साथ मौजूद बीडीओ विजय कुमार ने प्रशिक्षण में मौजूद आंगनवाड़ी सेविकाओं को पोषण ट्रैकर की जानकारी देते बताया गया कि कैसे छूटे हुए आंकड़ों की प्रविष्टि करनी है। माह के अंत तक शत-प्रतिशत आंकड़ों की इंट्री सुनिश्चित करने की बात कही गई। इस दौरान पेट में होने वाले कीड़ों से बचाव के लिए समय-समय पर कृमिनाशक दवा का प्रयोग, आंगनबाड़ी केंद्र के साथ घर और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने की बात बताई गई। लाभार्थियों से गृह भेंट के दौरान गर्भवती और धातृ महिलाओं को उचित सलाह देना सुनिश्चित करने की बात भी कही गई। मौके पर मौजूद महिला पर्यवेक्षिका मीरू झा और रूबी रानी ने गर्भवती और धातृ महिला की सूची बनाने के साथ परिवार के अन्य सदस्यों की सूची बनाने की बात भी कही गई। बच्चों की शारीरिक वृद्धि की पहचान करने के तरीके, सुपोषण समेत अन्य जानकारियों दी गई। दो नवंबर को सेरक, बोदा, कामता, हुटाप, जमीरा और अलौदिया तथा तीन नवंबर को चंदवा पूर्वी, पश्चिमी, चेटर, बारी और सासंग की आंगनवाड़ी सेविकाओं को विभिन्न मुद्दों पर प्रशिक्षण दिया जाना है। मौके पर बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविकाएं मौजूद थीं।

### रेलवे ट्रेक से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद, मामले की तफ्तीश में जुटी पुलिस


विक्षिप्त अवस्था में शव।

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के उकामांड़ पंचायत अंतर्गत घोड़ाक्रम नामक टोला में रेलवे ट्रैक संख्या 254/6/8 से बरवाडीह पुलिस ने बुधवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने बताया कि मृतक व्यक्ति का गर्दन कटा है, और वह विक्षिप्त अवस्था में ट्रेक से मिला है। शव को देखकर प्रतीत है कि मृतक की उम्र 45 से 50 वर्ष के बीच होगी। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है, वह महरूम कलर का हाफ पैंट और वुलन शर्ट पहना हुआ है। जिसके पास से एक गमछी भी मिली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि व्यक्ति की मौत किसी ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इसकी गुत्थी सुलझ सकती है। पुलिस शव की पहचान के साथ-साथ मामले की तफ्तीश में जुटी हुई हैं।

## एक नजर में

### यादव महासभा ने की प्रद्युम्न यादव हत्याकांड व परमेश्वर यादव पर हुए जानलेवा हमले में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग

**चंदवा।** प्रद्युम्न यादव हत्याकांड व परमेश्वर यादव पर हुए जानलेवा हमले में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रांतीय यादव महासभा झारखंड का शिष्टमंडल ने बुधवार को चंदवा थाना प्रभारी शुभम कुमार ने नाम चंदवा थाना में ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने दोनों कांडों में संलिप्त अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। शिष्टमंडल ने कहा कि यादव समाज के लोगों को बार–बार निशाना बनाया जा रहा है। विगत 24 अगस्त की देर शाम चंदवा थाना क्षेत्र के बरवाटोली पंचायत अंतर्गत जमुआरी गांव में प्रद्युम्न यादव की हत्या अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर कर दी, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि घटना का उद्वेदन करने में लातेहार पुलिस अबतक असफल रही है। इस घटना से समाज अभी उबर भी नहीं पाया था कि बीते 27 अक्टूबर को बरवाटोली पंचायत के हीं हेसालोंग गांव में जतरा मेला से लौट रहे पंचायत के उप मुखिया परमेश्वर यादव पर अपराधियों ने जानलेवा हमला करते हुए उन्हें गोली मारी, ईश्वर की कृपा थी कि घटना में उनकी जान बाल बाल बच गई। शिष्टमंडल ने आगे कहा कि यादव समाज के लोगों पर लगातार हमले होने के बावजूद भी प्रशासन के द्वारा त्वरित कार्रवाई नही किये जाने से समाज में भय का माहौल बन रहा है। महासभा ने दोनों घटनाओं में संलिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है। शिष्टमंडल में रोहित यादव, बनेश्वर यादव, राजेंद्र यादव, रूपलाल यादव, भुनेश्वर यादव, दीपक यादव, राजेश यादव समेत यादव महासभा के कई लोग मौजूद थे।

### सब-जूनियर वॉलीबॉल टीम गठन हेतु चयन प्रतियोगिता चार नवंबर से


जानकारी देते प्रवीण मिश्रा।

**लातेहार।** लातेहार में आयोजित 23वीं सब–जूनियर झारखंड वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु मेजबान लातेहार बालक–बालिका टीम के गठन के लिए लातेहार जिला वॉलीबॉल संघ के द्वारा जिला स्टेडियम स्थित वॉलीबॉल मैदान में पूर्वाह्न 4 बजे से बालक एवं बालिका वर्ग के लिए 04 नवंबर को एक चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी की जन्मतिथि 01–01–2008 या उसके बाद जन्म लिये खिलाड़ी की भाग ले सकते है। इस चयन ट्रायल मे झारखंड में जन्म लिये खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। खिलाड़ियों के द्वारा चयन ट्रायल में अपना ओरिजनल आधार कार्ड, (छाया प्रति सहित) तथा सरकारी संस्थानों से निर्गत जन्म प्रमाण पत्र, यथा– मैट्रिक का मूल प्रमाण पत्र, अथवा नगर निगम द्वारा निर्गत जन्म प्रमाणपत्र (छाया प्रति सहित) साथ प्रस्तुत करने पर ही भाग ले सकेंगे। चयन ट्रायल में भाग लेने हेतु खिलाड़ी चयन समिति के कन्वेनर, शुभम कुमार साव से 7488212183 पर तथा कमलेश उरांव से 7903072052 पर संपर्क किया जा सकता है। वहीं प्रवीण मिश्रा सचिव लातेहार जिला वॉलीबॉल संघ ने लातेहार जिला अंतर्गत सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं तथा क्लब से अपने विद्यालय के प्रतिभावान वॉलीबॉल खिलाड़ियों को चयन प्रतियोगिता में भेजने का आग्रह किया है।

### प्रखंड प्रमुख ने पल्सर एन 150 का किया शुभारंभ


शुभारंभ करते अतिथि।

**लातेहार।** माको मोड़ स्थित रोयल बाजाज शोरूम में बुधवार को पल्सर एन 150 का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा, प्रखंड उपप्रमुख राजकुमार प्रसाद, राजद जिला सचिव सह पंचायत समिति नसबुलेन आलम, पंचायत समिति हेठपोचरा कर्मदेव सिंह, पूर्व उपमुखिया आवेश मियां, समाज सेवी संजय सिंह के द्वारा फीता काटकर व केक काटकर किया गया। वहीं प्रमुख श्री लोहरा ने बताया कि शहर में नये–नये बाईक का लॉन्च करना प्रगति को दर्शाता है। वहीं शोरूम के संचालक मो. आबिद ने कहा कि दीपावली का ऑफर चल रहा है। पल्सर 125 सीसी के खरीद पर 5000 का डिस्काउंट और पल्सर 150 सीसी पर 10 हजार का डिस्काउंट मिलेगा साथ ही स्क्रेच कूपन भी कस्टमर को वाहन खरीदने टाइम मिलेगा। जिसमे काफी ऑफर है जैसे एलईडी, टीवी, एंड्राइंड मोबाइल इत्यादि।

## 23वीं सब जूनियर झारखंड राज्य वॉलीबॉल प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर बैठक संपन्न

# वॉलीबॉल चैंपियनशिप का होगा भव्य आयोजन : डीएसओ

▸▸ लातेहार में अंतरराष्ट्रीय पदक विजेताओं को किया जाएगा आमंत्रित : प्रवीण मिश्रा

खबर मन्त्र संवाददाता


जानकारी देते जिला खेल पदाधिकारी।

**लातेहार।** जिला स्टेडियम स्थित वॉलीबॉल खेल मैदान में आयोजित 23 वीं सब जूनियर झारखंड राज्य बालक-बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता लातेहार के सफल आयोजन को लेकर जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। झारखंड वॉलीबॉल संघ द्वारा लातेहार वॉलीबॉल एसोसिएशन को उक्त चैम्पियनशिप की मेजबानी 2 से 5 नवंबर तक प्राप्त हुई थी। झारखंड महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी 2023 एवं पर्व त्योहारों के कारण आयोजन तिथि में संशोधन किया गया है। संशोधित तिथि की सूचना शीघ्र ही झारखंड वालीबाल संघ द्वारा निर्धारित की जाएगी। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया जिला खेल पदाधिकारी, लातेहार संजीत कुमार ने कहा कि लातेहार में आयोजित इस प्रतियोगिता को सभी की सहभागिता से भव्य व ऐतिहासिक बनाया जाएगा। साथ ही बैठक में कई उप समितियां का गठन किया गया। जिसमें खेल मैदान संयोजक सुमित उरांव व जीवन किशोर मिंज व सुधीर खाखा सदस्य, उपकरण संयोजक सुरेश उरांव व कमलेश उरांव सदस्य, पुरस्कार वितरण संयोजक सरिता एक्का व अमिता रंजना मिंज सदस्य, जलपान संयोजक तरसीयूश कुजूर व शंभू ठाकुर, आसिफ अली प्रिंस, मो० वाहिद अंसारी सदस्य, आवास संयोजक व सदस्यों में बालिका वर्ग में सरिता एक्का और अमित रंजन मिंज तथा बालक वर्ग में सचिन गुंदुआ, शुभम कुमार साव, सोमनाथ उरांव और आनंद उरांव को बनाया गया। बैठक में आयोजन सचिव प्रवीण मिश्रा के द्वारा चैंपियनशिप आयोजन के लिए खेल मैदान/कोर्ट/ट्रैक, साथ ही आवश्यक खेल उपकरण तैयार करना। सूचना को इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया में प्रसारित और अद्यतन करने समेत उद्घाटन एवं समापन समारोह हेतु मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथियों पर विचार विमर्श किया गया। इसके अलावा भारतीय पदक विजेताओं महिला पुरुष खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के दौरान बतौर अतिथि आमंत्रित करने पर विचार विमर्श किया गया।

# एसीबी की टीम ने जामा थाना के एएसआई को पांच हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** जिले के जामा थाना क्षेत्र के महारो में बुधवार को एसीबी दुमका की टीम ने 5 हजार रुपये घुस लेते एएसआई गोपाल प्रसाद साह को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो टीम ने बताया कि कुछ दिन पहले गादी कोरेया गांव निवासी उत्तम कुमार मुफस्सिल थाना दुमका में एक आवेदन देकर बताया था कि आवेदक के नाम से एक बैटरी संचालित ई रिक्शा निबंधित है। इलेक्ट्रॉनिक रिक्शा को इन्होंने भाड़ा पर चलाने हेतु एक एग्रीमेंट बनाकर नारायण भंडारी को दिया है। 28 जून को नारायण भंडारी के पुत्र भोला भंडारी से रिक्शा चलाते वक्त एक्सीडेंट हो गया था। जिसमें एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी। उक्त बात की खबर जब इनको हुई तो वह दुमका जिला अंतर्गत जामा थाना में रिक्शा के चालक के पुत्र भोला भंडारी के विरुद्ध एक जुलाई को जामा थाना कांड संख्या 61/23 धारा 279, 304 ए के तहत मामला दर्ज किया गया है। उक्त कांड में जप्ती सूची बनाकर ई रिक्सा को कांड के अनुसंधानकर्ता सहायक अवर निरीक्षक गोपाल प्रसाद साह के द्वारा जप्त कर थाना में सुरक्षित रखा गया है। अपने वाहन को मुक्त करवाने हेतु वो 17 अगस्त को संबंधित माननीय न्यायालय के न्यायाधीश दंडाधिकारी सार्थक शर्मा के समक्ष उपस्थित हुए थे। न्यायालय द्वारा वाहन का दुर्घटना रिपोर्ट संबंधित थाना से मांग किया गया। आवेदक ने जब उक्त रिपोर्ट से संबंध में एमभीआई कार्यालय दुमका से पता किया तो पता चला कि दुर्घटना रिपोर्ट जामा थाना को भेज दिया गया है। बताया कि पुनः आवेदक ने जामा थाना जाकर कांड संख्या 61/23 के अनुसंधान कर्ता गोपाल प्रसाद साह से मुलाकात की तो उन्होंने बोला कि 5000 दोगे तब तुम्हारी गाड़ी का दुर्घटना रिपोर्ट न्यायालय में भेजूंगा। उन्होंने काफी आरजू विनती की परंतु साह मानने को तैयार नहीं हुए। लेकिन आवेदक रिश्वत देना नहीं चाहते थे। तत्पश्चात मामले का सत्यापन कराया गया, सत्यापन के दौरान आरोपी गोपाल प्रसाद साह उम्र 52 वर्ष पिता श्रीराम प्रसाद साह सहायक अवर निरीक्षक जामा थाना जिला दुमका के द्वारा 5000 रु रिश्वत मांगने की बात सत्य पायी गयी। आवेदक के लिखित आवेदन एवं सत्यापन कर्ता के सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो दुमका द्वारा थाना कांड संख्या 4 / 2023 पंजीकृत कर प्राथमिक अभियुक्त को 5000 रु घूस लेते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो दुमका की टीम के द्वारा बुधवार को महारो के पास से रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के पश्चात अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## स्पीड न्यूज

### ग्राम संगठन की महिला सदस्यों की बैठक मिश्र गंगटी ग्राम में संपन्न हुई

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के मिश्र गंगटी ग्राम में बुधवार को ग्राम संगठन से जुड़ी महिला सदस्या की बैठक हुई। झारखंड स्टेट लाईलीहुड प्रमोशन सोसाइटी स्वयं सहायता समूह से जुड़ी सदस्या ने बैठक में भाग लेकर अपने-अपनी बातों को रखा। प्रत्येक समूह की मासिक बचत राशि, ऋण का लेनदेन, रिवाल्विंग फंड, भी आर एफ फंड,सीसीएल की राशि आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का समापन

**गोड्डा।** देश की राजधानी नई दिल्ली के इण्डिया गेट के पास कर्तव्य पथ पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का समापन किया गया। बहुत बड़े कलश में देश के विभिन्न राज्यों, प्रांतो से विभिन्न मंडल से लेकर सभी गांवों तक सभी घरों की मिट्टी को लेकर पहुंचे सभी मिट्टी को एक साथ जमा किया गया।

### सुहागन महिलाओं ने चलनी से चांद का किया दीदार

**मरकच्चो (कोडरमा)।** अखंड सुहाग की कामना का पर्व करवा चौथ व्रत मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय समेत विभिन्न ग्रामीण इलाकों में बुावार को मनाई गई। इस दौरान सुहागन महिलाओं ने निर्जला व निराहार रहकर करवा चौथ की व्रत रखी, शाम होते ही घरों में मंडप सजाई गई। शुभ मुहूर्त देखकर भगवान कार्तिकेय, भोले शंकर और माता पार्वती की भक्ति भाव से पूजा अर्चना की गई।

### गौशाला समिति के कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न

**कोडरमा।** झुमरी तिलैया स्थित शिव वाटिका में गौशाला समिति के कार्यकारिणि समिति की बैठक प्रदीप कुमार केडिया की अयक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कई निर्णय लिए गये। जिसमें गोपाष्टमी पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाने, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किये जाने, भाषण एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन करने पर विचार-विमर्श किया गया।

### तीन हाथियों को विचरण करते देख ग्रामीणों में दहशत

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के गोहाल जंगली क्षेत्र में मंगलवार को ग्रामीणों ने तीन हाथियों को विचरण करते देखा। इसकी जानकारी मिलने पर जन अधिकार संघर्ष मोर्चा के नेता राजकुमार पासवान ने वन विभाग व जिला प्रशासन को इसकी सूचना दी है। इार हाथियों को देखने के बाद ग्रामीणों में दहशत है।

### अवैध बालू लदा तीन ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

**चतरा।** सदर पुलिस ने चतरा-हंटरगंज मुख्य सड़क स्थित भुईयांडीह के पास से अवैध बालू लदा तीन ट्रैक्टर जब्त किया है। वही चालक भागने में सफल रहे। जब्त ट्रैक्टरों को सदर थाना परिसर लाया गया। इस संबंध में सदर थाना प्रभारी शिवप्रकाश कुमार ने बताया कि सिकिद गांव से अफीम के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाकर वापस लौट रहे थे। इस दौरान तीनों ट्रैक्टरों को जब्त किया गया। इसकी जानकारी जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास को दी गई है। खनन विभाग के आवेदन के आधार पर आगे की कारवाई की जाएगी। वहीं जब्त ट्रैक्टर मालिकों ने कहा कि चालान रहने के बाद भी पुलिस ट्रैक्टर को पकड़कर थाना ले आई है।

### लक्ष्मी पूजा कमेटी का हुआ पुनर्गठन

**टंडवा (चतरा)।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गाडीलौंग में युवा क्लब के सौजन्य से लक्ष्मी पूजा धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जिसे सफल बनाने को लेकर माँ लक्ष्मी पूजा समिति का हुआ पुनर्गठन जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष अमलेश यादव उपाध्यक्ष रमेश यादव कोषाध्यक्ष दीपक यादव सचिव मुकेश यादव उप सचिव दीपक कुमार संचालन इश्वर यादव एवं सदस्य में लालू यादव अरुण यादव मंटु राम छोटेलाल राणा समेत अन्य को सदस्य गण में चयनित किया गया।

# एएन कॉलेज के छात्रों ने मशरुम उत्पादन का लिया प्रशिक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** एएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार सिंह के निर्देश पर छात्र - छात्राओं ने बक्शीबांध, दुमका स्थित कापरी मशरुम उत्पादन एवं प्रशिक्षण केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण कर मशरुम उत्पादन की बारिकियों से रूबरू हुए। छात्र-छात्राओं के बीच कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कॉलेज के विभिन्न विभाग समय-समय पर इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं शैक्षणिक भ्रमण आयोजित करते रहते हैं। इसी क्रम में वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा विभागाध्यक्ष डॉ अमरनाथ सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 75 से ज्यादा प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण केंद्र की संचालिका सुचिता कापरी ने क्रमवार ओयस्टर मशरुम बनाने की विधि की जानकारी छात्र - छात्राओं को दी। मशरुम उत्पादन के क्रम में छोटी - छोटी बातों को ध्यान में रखकर कैसे कम से कम लागत में ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमा सकते हैं इसकी विस्तार से चर्चा की। सभी प्रशिक्षणर्थियों ने प्रश्नोत्तर सत्र में भाग लेकर अपनी-अपनी जिज्ञासा शांत किया। सभी छात्र - छात्राओं ने स्वयं मशरुम उत्पादन के लिए पॉलिथीन बैग को तैयार कर गेंहू की भूसी के साथ ओयस्टर मशरुम का बीज डालकर प्रारंभिक प्रायोगिक सत्र में भाग लिया। प्रशिक्षण केंद्र की सह संचालिका अंजनी कापरी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहयोग कर मशरुम से तैयार किये जाने वाले अन्य उत्पादों की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में स्नातक सेमेस्टर -1, 2, 3 एवं 6 के छात्र - छात्राओं ने भाग लिया। भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं में रितेश, सौम्या, प्रियंका, मेघा, सिमरन, एंजेलीना, अल्ताफ, मिन्हाज, मेरी मुर्मू मुख्य थे।

# जिला अधिवक्ता संघ चुनाव को लेकर नामांकन होगा 14 नवंबर से

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** झारखंड राज्य विधिज्ञ परिषद ने जिला अधिवक्ता संघ के 2023-2025 सत्र के कार्यसमिति का चुनाव सम्पन्न कराने के लिए चुनाव समिति के मनोनीत पदाधिकारियों की घोषणा कर दी है। राज्य विधिक परिषद के सदस्य अधिवक्ता बालेश्वर प्रसाद सिंह और धर्मेंद्र नारायण पर्यवेक्षक प्रतिनियुक्त किए गए हैं।

राज्य विधिज्ञ परिषद द्वारा प्रतिनियुक्त दोनों पर्यवेक्षक की देखरेख में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव सम्पन्न कराया जायेगा। इसके साथ ही जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव सम्पन्न कराने के लिए राज्य विधिक परिषद द्वारा दुमका के अधिवक्ता अमर जीवन निवार्ची पदाधिकारी एवं मो. राजा और शिव शंकर चौधरी को सहायक निवार्ची पदाधिकारी मनोनीत किया गया हैं। पर्यवेक्षक के निदेर्शानुसार निवार्ची पदाधिकारी अमर जीवन की अध्यक्षता में बुधवार को जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव समिति की बैठक आयोजित हुई।

जिसमें चुनाव की तैयारी के मद्देनजर विभिन्न बिंदुओं पर गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक दोनों सहायक निवार्ची पदाधिकारी भी मौजूद थे।

### भीम आर्मी ने निकाला प्रतिवाद मार्च

**कोडरमा।** भीम आर्मी के द्वारा बजरंग बली मंदिर से समाहरणालय तक प्रतिवाद मार्च निकाला गया। प्रतिवाद मार्च जिलाध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व में निकालकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान जय भीम, बाबा साहेब अमर रहे, एससी एसटी ओबीसी के साथ अत्याचार बंद करो, झारखंड सरकार छात्रों का स्कॉलरशिप अविलंब भुगतान करो आदि नारा लगाया गया।

## प्रतिबंधित मांस बेचने के आरोपी को ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा, गया जेल

**मसलिया।** जिले के मसलिया थाना क्षेत्र के बरमसिया गांव के ताला टोला में बुधवार दोपहर को प्रतिबंधित मांस विक्रय करते रंगे हाथ ग्रामीणों व बजरंग दल के सदस्यों ने एक व्यक्ति को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि धोबनाहरिनबहाल गांव के ही सुबोधन मुर्मू अपने पोता बीस वर्षीय सुजीत टुडु के साथ बाइक से प्रतिबंधित मांस विक्रय करने ताला टोला पहुंचा था। जिसे ग्रामीणों ने घात लगाकर पकड़ लिया। इसकी सूचना मसलिया थाना पुलिस को दी गई लेकिन घटनास्थल पर देर से पहुंचने के कारण इसका फायदा उठाकर सुजीत टुडू मौके से फरार हो गया। पुलिस घटनास्थल पर तीन घण्टे बाद पहुंची। मसलिया पुलिस ने प्रतिबंधित मांस का डब्बा बाइक के साथ सुबोधन मुर्मू एवं प्रतिबंधित मांस के ग्राहक नाइकी सोके हेम्ब्रम को हिरासत में लेकर थाना ले आई।

# उपायुक्त गोड्डा ने कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य एवं सहकारिता विभागों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। उपायुक्त ने विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उपायुक्त ने सर्वप्रथम रबी फसल व खरीफ फसल के तहत किसानों के बीच बीज वितरण की समीक्षा की एवं गेहूं, मस्टर्ड बीज का वितरण शत प्रतिशत ससमय ब्लॉक चैन के माध्यम से प्रखंड में बीज वितरण करने एवं वितरण करते हुए भौतिक जांच करने का भी निर्देश दिया। पशुपालन विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने पुराने योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 प्राप्त लक्ष्य की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 90 प्रतिशत सब्सिडी दिए जाने वाले पशुपालन का लाभ को शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बकरा वितरण, सुकर पालन, चूजा वितरण एवं गाय वितरण की विस्तृत समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने अन्य महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए है। बैठक के दौरान गोड्डा उपायुक्त जिशान कमर ने जिला कृषि पदाधिकारी से किसान क्रेडिट कार्ड के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी ली एवं उपायुक्त ने केसीसी से संबंधित लंबित आवेदन पर बैंकवार जानकारी प्राप्त की साथ ही उन्होंने पिछले चार वित्तीय वर्ष के केसीसी से आच्छादित लाभुकों एवं लंबित आवेदन की सूची दो दिनों में बनाकर मुख्यालय को सौंपने का निर्देश दिया। उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने अब तक किए गए कार्यों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अधिक से अधिक कृषकों को लाभ देने के उद्देश्य से योजना तैयार कर लाभुकों का चयन करते हुए उन्हें प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया।

## फुटबॉल टूनार्मेंट के लिए एसकेएमयू की टीम कोलकाता रवाना




खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** कोलकाता में आयोजित होने वाली ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी फुटबॉल टूनार्मेंट में भाग लेने के लिए सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय की 19 सदस्यीय छात्रों की टीम बुधवार को रवाना हो गई। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह, कुलसचिव डॉ संजय कुमार सिन्हा, डीएसडब्लू डॉ संजय कुमार सिंह, क्रीडा पदाधिकारी डॉ शम्श तबरेज खान, सीसीडीसी डॉ बिजय कुमार आदि ने टीम को विदा किया। टूनार्मेंट की शुरूआत एक नवंबर से हो रही है। एसकेएमयू का पहला मैच 2 नवम्बर को कोल्हान विश्वविद्यालय से होगी। एसकेएमयू के 19 सदस्य वाले टीम का नेतृत्व विरेंद टुडू कर रहे हैं और टीम में दिनेश टुडू, सुशील हांसदा, संतोष हांसदा, जेम्स मरांडी, रमेश टुडू, बंधू तिर्की, मंडल हेम्ब्रोम, प्रदीप लाकरा, पिंटू कुजूर, सानु कुमार हांसदा, सुशील टुडू, समीर बेसरा, लोरेन्स टुडू, लाइसें टुडू, अजय टुडू, बिनय सोरेन, आकाश सोरेन, जेठ टुडू और गिलेस्टन मुर्मू शामिल हैं।

# झामुमो का सम्मेलन पोडैयाहाट प्रखंड के सौंडिहा ग्राम में आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** आज पोड़ैयाहाट प्रखंड के सौंडीहा पंचायत के सौंडिहा गांव के काली मंदिर चौपाल पर एवं देर संध्या रात्रि में गोड्डा प्रखंड के अमलो पंचायत के चपौता टोली हनुमान मंदिर प्रांगण में पंचायत झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति सम्मेलने, पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया गया। सौंडिहा पंचायत पर्यवेक्षक के रूप में राजेश मंडल, घनश्याम यादव एवं सम्मेलन आयोजक प्रेम नंदन मंडल के साथ-साथ पोड़ैयाहाट प्रखंड अध्यक्ष अवध किशोर हांसदा, गोड्डा प्रखंड अध्यक्ष बालमुकुंद महतो, सचिव दीपक टुडू, बीस सूत्री अध्यक्ष शोम मरांडी, श्याम हेंब्रम उपस्थित हुए। सभा की अध्यक्षता सोंडीहा पंचायत के पूर्व सरपंच श्रीधर बाबू ने किया। उपस्थित सैकड़ों लोगों को वक्ताओं ने हेमन्त सरकार की उपलब्धियों को विस्तार पूर्वक बताया। साथ ही सर्वजन पेंशन योजना, खेल को प्रोत्साहन योजना, ग्रामीणों को हेमन्त सरकार के द्वारा 100 यूनिट फ्री बिजली, सरकारी कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ, पुलिस वर्ग को एक महीने का अतिरिक्त वेतन, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान ऋण माफी, पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, आबुआ आवास योजना, स्कूल/मदरसा को सुदृढ़ करने का प्रयास, पंचायतों के रेभेन्यु भिलेज में सिद्धू-कान्हु क्लब की स्थापना आदि दर्जनों योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ जनता को लाभ लेने के लिए प्रोत्साहन और संगठन से मदद करने का भरोसा दिलाया। अंत में सर्व सम्मति से सोंडिहा पंचायत अध्यक्ष उप मुखिया पवन कुमार यादव, सचिव मौसम कुमारी, कोषाध्यक्ष साहुल अंसारी, उपाध्यक्ष भगलू मांझी, कार्य समिति सदस्य विमल मंडल, जुगनू मंडल, सूरज मंडल, शंभु यादव प्रत्यक्ष मतदान के द्वारा चुना गया। वहीं देर संध्या रात्रि अम्लो पंचायत झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति का भी जिला पर्यवेक्षक राजेश मंडल व सदर प्रखंड अध्यक्ष बालमुकुंद महतो की उपस्थिति में गठन सर्व सम्मति से किया गया।

जिसमे पंचायत अध्यक्ष कपिल मांझी (वार्ड सदस्य), सचिव बजरंग राउत, कोषाध्यक्ष गौतम कुमार(वार्ड सदस्य), पंचायत मीडिया प्रभारी शिशु पाल कुमार को चुना गया। पंचायत कार्य समिति सदस्य सिलिप मांझी, दिलीप मांझी, हृदय साह, मानिजर लैया, महानंद साह, ब्रम्हदेव मांझी, हरिनारायण मांझी, दिनेश मंडल, बेचन रविदास को नियुक्त किया गया। अमलो पंचायत झामुमो सम्मेलन की अध्यक्षता उपेंद्र मांझी ने किया।

## एक नजर में

### जाति, आवासीय प्रमाण पत्र को ऑनलाइन से पूर्व सत्यापन आदेश के विरुद्ध उपायुक्त को सौंपा आवेदन

**कोडरमा।** जिले के डोमचांच अंचल सीओ द्वारा जाति, आवासीय, ओबीसी एवं आय प्रमाण पत्रों को ऑनलाइन करने से पूर्व राजस्व उपनिरीक्षक, अंचल निरीक्षक से जांच सत्यापन को अनिवार्य करने के आदेश के विरुद्ध सर्वदलिया संघर्ष समिति कोडरमा के अयक्ष अजय कृष्ण के द्वारा उपायुक्त को आवेदन सौंपा गया है। वहीं उन्होंने आदेश पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार के आदेश पर कार्य करवाने की बात कही है।

### समाज होगा सुदृढ़....मजलूमों को मिलेगा अधिकारः अध्यक्ष

**चतरा।** अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति चतरा जिला ईकाई का विस्तार किया गया है। नए विस्तार के तहत समाज के 22 सदस्यों को समिति में बड़ी दायित्व सौंपी गई है। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष दुलाल भुईयां के निर्देश पर जिला अध्यक्ष उमेश कुमार भारती ने कमेटी का विस्तार करते हुए इसकी घोषणा की है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सभी नवनियुक्त समिति के पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपना पदभार ग्रहण करने का निर्देश दिया है।

### गाडीलौंग में बनेगा भव्य शिव मंदिर, ग्रामीणों में उत्साह

**टंडवा (चतरा)।** गाडीलौंग में भव्य शिव मंदिर का नवनिर्मित कार्य को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी कौलेश्वर प्रसाद साहू ने किया। इस बैठक में अधूरा पड़े शिव मंदिर को पुनः नवनिर्माण का कार्य शुभारंभ करने की निर्णय लिया गया। जिसमें उपस्थित ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दिखाया।

### स्कूल की तरफ लौटो विषय पर सृजन कार्यक्रम आयोजित

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बुधवार को भारत सरकार एवं एनसीटीई के निर्देशानुसार स्कूल की तरफ लौटो विषय पर पोस्टर तैयार करना तथा किसी भी अभिनव विद्यालय के कार्यशील प्रतिरूप पर सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह, कुलपति प्रो.डा एमके सिंह व महाविद्यालय की प्राचार्या डा. सुनीता गुप्ता आदि ने दीप जलाकर किया।

### नामजद तीन आरोपियों पर प्राथमिकी दर्ज

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के गनियारी कला गांव निवासी हैदर अंसारी के 16 वर्षीय पुत्र गुलाम मुजतबा की मौत पर परिजनों ने डंडई थाना में नामजद तीन आरोपियों पर कार्रवाई के लिए आवेदन दिया। दिये आवेदन में परिजनों ने कहा है कि शुक्रवार 27 तारीख की रात गुलाम से बात किया था। उसने गर्म कपड़े लाने की बात कही थी। ज्ञात हो कि हैदर बाहर में मजदूरी का काम करता था। उसने दो-चार दिन में घर आने की बात कही थी। तभी शनिवार सुबह फोन आता है कि आपका पुत्र फांसी लगा लिया है। मृतक के परिजनों ने दोषी पर कठोर से कठोर सजा दिलाने की मांग की है। मृतक के पिता ने मुफ्ती अवसर आलम, मौलवी शरीफ अंसारी, मौलाना शहादत हुसैन पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया है।

## पेज 1 का शेष

### चुनाव से पहले विपक्षियों...

दरअसल दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को दिल्ली शराब घोटाले मामले में 2 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाने के बाद विपक्ष के नेता भाजपा पर हमलावर हो गये हैं। इनमें आप, झामुमो, कांग्रेस टीएमसी, राजद के नेता प्रमुख है। **झारखंड की 14 सीटों पर भी भाजपा की नजर :** आप सांसद ने आरोप लगाया कि भाजपा, अरविंद केजरीवाल को जेल में डालकर दिल्ली की 7 सीटें अपनी जेब में रखना चाहती है। 14 लोकसभा सीटों वाले राज्य झारखंड भाजपा की नजर है, क्योंकि झारखंड की इन सभी सीटों पर भाजपा हालत खराब है। ऐसे में वह हेमंत सोरेन को अरेस्ट करने की साजिश में है। यह कारण है कि हेमंत सोरेन को भी इडी एक के बाद लगातार नोटिस दे रहा है। हेमंत सोरेन की भी गिरफ्तारी की साजिश रची जा रही है। आप सांसद ने कहा कि भाजपा ने केजरीवाल और हेमंत के साथ-साथ बिहार में राजद नेता तेजस्वी यादव को भी चुनाव से पूर्व जेल भेजने की साजिश रही है। फिर ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी भी गिरफ्तारी की सूची में हैं। केरल में मुख्यमंत्री पिनरई, तमिलनाडु में स्टालिन, महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे और शरद पवार के दल के नेताओं को जे भेज कर भाजपा लोकसभा की अधिक सीटें जीतना चाहती है। हालांकि देश की जनता सब जानती है और भाजपा अपने साजिश में कभी सफल नहीं होगी। **लोकतंत्र की नींव हिल जायेगी :** आप नेता ने कहा कि अगर राजनीतिक दलों और विपक्षी नेताओं को इस तरह से गिरफ्तार किया गया तो इससे लोकतंत्र की नींव हिल जायेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा को हार का डर सता रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन के टॉप लीडर्स को जेल में डाल कर इसी तरह से राज्यों में लोकसभा की सीटें जीतना चाहती है। क्योंकि कोई नेता जेल में होगा तो वह चुनाव नहीं लड़ पाएगा और कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटता रह जायेगा।

### स्वास्थकर्मियों को बीमा योजना...

बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, सीएम के प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव वित्त विभाग सह निदेशक जियाडा अजय सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय चौबे, निदेशक जियाडा अमिताभ कौशल, निदेशक जियाडा जितेंद्र कुमार सिंह, निदेशक जियाडा भोर सिंह यादव, बोकारो एवं आदित्यपुर जियाडा प्रक्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक उपस्थित थे।

### योगेंद्र तिवारी और अभिषेक...

तिवारी पर प्रेम प्रकाश के सहयोग से 19 जिलों में शराब के थोक व्यापार, फर्जी दस्तावेज के आधार पर शराब के टेंडर लेने और करोड़ों रुपए अर्जित करने का आरोप है। कोयला व बालू से की गयी अवैध कमाई के पैसे को शराब के कारोबार में निवेश करने का भी आरोप है। देवघर में रायबंगला की जमीन की डील से जुड़े मामले में इडी ने पूर्व सीएम विनोदानंद झा के पोते अभिषेक झा का बयान पूर्व में दर्ज किया था। अभिषेक के साथ एक अन्य संदिग्ध का भी बयान इस मामले में दर्ज किया है। राय बंगला की जमीन के केस में भाजपा नेता अभिषेक झा के आवास पर 23 अप्रैल को छापेमारी हुई थी।

### बच्चों को मिलेगा मड़ुआ...

इससे संबंधित आदेश झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण की निदेशक किरण कुमारी पासी ने आदेश जारी कर दिया है। अनुपालन प्रतिवेदन 10 तक प्राधिकरण कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा गया है। इसकी जानकारी सभी जिला शिक्षा अधीक्षक को दी गयी है। **पोषण वाटिका के उत्पाद भी करें उपयोग :** आदेश में निदेशक ने लिखा है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत भारत सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में सभी विद्यालयों में पोषण वाटिका का निर्माण करते हुए उसके उत्पाद का उपयोग मध्याह्न भोजन में किया जाना है। राज्य के 35484 विद्यालयों के विरूद्ध 8954 विद्यालयों में मोरिंगा का पौधा लगाया गया है। वर्षा ऋतु में 21197 विद्यालयों में पौधा लगाया जाना था। सभी विद्यालयों में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मोरिंगा का पौधा रोपण किया जाना है। **पूरक आहार के रूप में दो मिलेगा अंडा :** राज्य योजना से सप्ताह में दो दिन अंडा/फल पूरक पोषाहार के रूप में बच्चों को उपलब्ध कराया जाता है। इसके लिए सोमवार एवं शुक्रवार का दिन निर्धारित है। साथ-ही-साथ सप्ताह में एक दिन रागी का हलवा / लड्डू उपलब्ध करने के लिए राशि जिलों को आवंटित कर दी गयी है। इसके तहत प्रति छात्र 4.15 की लागत पर बच्चों को रागी का हलवा/लड्डू उपलब्ध कराया जाना है।

# हमास का खूंखार कमांडर मारा गया

## गाजा पर इजराइली सेना की ताबड़तोड़ बमबारी, दर्जनों सुरंग ध्वस्त

▶▶ सात अक्टूबर को इजराइल में हुए नरसंहार में शामिल था आतंकवादी इब्राहिम बियारी

एजेंसी

**तेल अवीव।** इजराइली सेना ने गाजा पर की ताबड़तोड़ बमबारी। इजराइल की थलसेना और वायुसेना ने सात अक्टूबर के गुनहगारों में से एक और हमास के खूंखार कमांडर (सेंट्रल जबालिया बटालियन) इब्राहिम बियारी को सुरंग में ढेर कर दिया। इससे पहले इस बर्बर गुनाह में शामिल हमास कमांडर निजाम अबू अजीना को मार गिराया जा चुका है। इजराइल ने रातभर मिसाइल और रॉकेट दागकर हमास के दर्जनों मजबूत ठिकानों (सुरंगों) को ध्वस्त कर दिया। इस बीच गाजा में संचार व्यवस्था फिर ठप पड़ गई है। इजराइल के सैनिकों ने गाजा में हमास की प्रमुख चौकी पर कब्जा कर उसके कुछ कमांडरों समेत 50 आतंकियों को ढेर कर दिया है। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने बुधवार सुबह इसकी पुष्टि की है। आईडीएफ ने कहा कि इस जमीनी लड़ाई में उसके नौ सैनिकों का बलिदान हो



गया। वेस्ट बैंक के जेनिन में बुधवार सुबह इजराइली फौज और हमास आतंकियों के बीच झड़प हुई। इजराइल ने हमास के कई खूंखार आतंकियों के घरों को बमों से उड़ा दिया। यमन के हूथी विद्रोहियों को जवाब देते हुए इजराइली सेना ने उसकी सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल को मार गिराया। इजराइल की फौज ने हमास की कमान को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। इजराइल सात



अक्टूबर की बर्बरता में शामिल हमास के दहशतगर्दों को चुन-चुन कर मार रहा है। जिस स्थान पर कमांडर इब्राहिम बियारी को ढेर किया गया, वहां बड़ा गड्ढा हो गया और बड़े पैमाने पर क्षति हुई। इस बीच फिलिस्तीन की प्रमुख दूरसंचार कंपनी पलटेल ने कहा है कि पहले जो इंटरनेशनल एक्सेस मिला था उसे दोबारा रोक दिया गया है।

**गाजा में इंटरनेट ठप :** इस वजह से समूचे गाजा में इंटरनेट सेवा ठप हो गई है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मिस्र की सीमा पर स्थित राफा बॉर्डर को गंभीर रूप से घायल फिलिस्तीनी नागरिकों के लिए खोला जा सकता है। यह जानकारी ब्रिटेन के विदेश कार्यालय ने गाजा में फंसे ब्रिटिश नागरिकों को दी है। यमन की राजधानी साना से एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान समर्थक हूथी विद्रोहियों ने इजराइल को चेतावनी दी है कि अगर उसने हमास के खिलाफ जंग नहीं रोकी तो घातक परिणाम होंगे। उस पर ड्रोन और मिसाइल से हमले जारी रखेंगे। विद्रोहियों ने अल-मसीराह टीवी पर इस आशय का बयान जारी किया है। बयान में दावा किया गया है कि उसने मंगलवार को इजराइल पर सैकड़ों मिसाइल दागी हैं। इस पर इजराइल ने कहा है कि उसने हूथी की मिसाइलों को मार गिराया। अमेरिका ने हूथी विद्रोहियों की इस घोषणा पर प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने वाशिंगटन में कहा कि अगर कोई भी इस संघर्ष में शामिल होने की सोच रहा है तो उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए।

पेंटागन के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल पैट राइडर ने इसकी पुष्टि की है कि इजराइल ने हूथी विद्रोहियों की तरफ से दागी गई मिसाइलों को मार गिराया है। इजराइल के सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल जोनाथन कोनरिक्स ने कहा है कि गाजा के जबालिया हमले में हमास कमांडर इब्राहिम बियारी का मारा जाना हमारे लिए बड़ी कामयाबी है। यह भूमिगत सुरंग में छुपा हुआ था।

## भाजपा नहीं चाहती है सत्ता गरीबों के हाथ में जाये : खड़गे

▶▶ कहा- कांग्रेस ने आदिवासियों के हितों की लड़ाई में हमेशा उनका समर्थन किया

एजेंसी

**सुकमा (छत्तीसगढ़)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को आरोप लगाया कि भाजपा की अगुआई वाली केंद्र सरकार नहीं चाहती कि सत्ता गरीबों के हाथ में जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि आदिवासी होने के कारण द्रौपदी मुर्मू से नई संसद भवन का शुभारंभ नहीं कराया गया। खड़गे ने बुधवार को राज्य के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र के सुकमा जिले में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासियों की जल-जंगल-जमीन की रक्षा की लड़ाई में हमेशा उनका समर्थन किया है। खड़गे ने कहा, भाजपा हमेशा कहती है कि उन्होंने आदिवासी को राष्ट्रपति बनाया। लेकिन उन्हें कोई भी इमारत का शिलान्यास करने का मौका नहीं मिला। आदिवासी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नए संसद भवन के शुभारंभ में नहीं बुलाया। उसका शिलान्यास हुआ तब तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को नहीं बुलाया क्योंकि वह खास जाति से आते हैं। राष्ट्रपति मुर्मू को शुभारंभ के समय नहीं बुलाया,



क्योंकि वह आदिवासी हैं। वह उनके हाथ से उद्घाटन करना नहीं चाहते थे। कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश को आजाद कराया। बाबा साहेब आंबेडकर ने संविधान का निर्माण किया। उन्होंने देश के विकास में कांग्रेस के योगदान को याद करते हुए कहा, देश जब आजाद हुआ तब स्कूल-कॉलेज का निर्माण हुआ। बैंक नहीं थे, उद्योग नहीं था। आज जो भी है उसमें सबसे बड़ा योगदान कांग्रेस का है। इसके बावजूद भाजपा मोदी पूछते हैं कि कांग्रेस ने क्या किया। उन्होंने कहा, हमने देश के लिए कुछ किया है इसलिए हम वोट मांग रहे हैं। इस देश की आजादी के लिए पार्टी के लोग सूली पर चढ़े, इसलिए हम वोट मांग रहे हैं।

## युद्ध और साइबर सुरक्षा में सहयोग बढ़ायेंगे भारत और सिंगापुर

**नयी दिल्ली।** भारत और सिंगापुर ने सेनाओं के बीच परस्पर विचार विमर्श और द्विपक्षीय युद्ध अभ्यास तथा साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। दोनों देशों के बीच बुधवार को यहां हुई 15वीं भारत-सिंगापुर रक्षा नीति वार्ता के दौरान यह सहमति बनी। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और सिंगापुर के स्थायी सचिव (रक्षा) चान हेंग की ने इस सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की। बैठक के दौरान, दोनों वातार्कार पक्षों ने भारत और सिंगापुर के बीच मौजूदा रक्षा सहयोग की समीक्षा की और दोनों देशों की सेनाओं के बीच आपसी विचार-विमर्श तथा द्विपक्षीय युद्ध अभ्यास के लिए सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। दोनों पक्षों ने साइबर सुरक्षा जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग को और आगे ले जाने के लिए भी अपनी सहमति दी। दोनों देशों ने विशेष रूप से समुद्री सुरक्षा सहयोग के क्षेत्र में सहभागिता के मौजूदा विन्यास को विस्तार देने के माध्यमों को भी तय किया।

# तालिबानी सोच का इलाज बजरंगबली की गदा : योगी

▶▶ राजस्थान में कानून-व्यवस्था को लेकर कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

▶▶ कहा- तालिबानी मानसिकता को कैसे कुचल रहा इजराइल

एजेंसी

**जयपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि वह देश में समस्या का पर्याय बन चुकी है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि तालिबानी सोच का इलाज बजरंगबली की गदा ही है। आदित्यनाथ ने राजस्थान में कानून-व्यवस्था को लेकर भी राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। वह तिजारा में भाजपा के प्रत्याशी व सांसद बाबा बालकनाथ द्वारा नामांकन दाखिल किए जाने के अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। योगी ने आरोप लगाया कि राजस्थान की गौरवशाली परंपरा को कांग्रेस अपनी प्रकृति के अनुरूप कलंकित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। मुझे आश्चर्य होता है कि कांग्रेस देश के अंदर समस्या का नाम (पर्याय) बन चुकी है। कांग्रेस देश की हर समस्या का नाम



(पर्याय) है। उन्होंने कहा कि देश जिन समस्याओं का समाधान एक एक कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज कर रहा है वे सभी समस्याएं कांग्रेस की देन हैं। योगी ने कहा कि तालिबान का उपचार तो बजरंग बली की गदा ही है। देख रहे हैं न इस समय गजा में इजराइल, तालिबानी मानसिकता को कैसे कुचलने का काम कर रहा है? उन्होंने कहा कि अराजकता, आतंकवाद व गुंडागर्दी सभ्य समाज के लिए सबसे बड़ा कलंक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व गृहमंत्री अमित शाह ने आतंकवाद के ताबूत में अंतिम कील ठोक दी है। आदित्यनाथ ने कहा कि समस्या का समाधान करने का नाम ही डबल इंजन की सरकार है। उन्होंने कहा कि जहां जहां भाजपा की डबल इंजन की सरकार है वहां सुरक्षा, समृद्धि और विकास है तथा वहां बिना भेदभाव के शासन की योजनाओं का लाभ समाज के हर तबके को उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि यह तुष्टिकरण का खेल कब तक चलेगा? और मैं पूछना चाहता हूं एक तरफ आप गौ तस्करों को महिमा मंडित करते हैं और दूसरी तरफ पूज्य संतों के आश्रम पर बुलडोजर चलाते हैं। ये कैसे स्वीकार किया जा सकता है? यहां पर संतों की हत्या होती है, गोतस्करी व गोकशी होती है। मां बेटियां सुरक्षित नहीं हैं।

## जेट के संस्थापक गोयल की 538 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को कहा कि कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल, उनके परिवार के सदस्यों और कंपनियों की लंदन, दुबई और भारत में करीब 538 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क की गई हैं। कुर्क की गई संपत्तियों में 17 फ्लैट, बंगले और वाणिज्यिक परिसर शामिल हैं।संघीय एजेंसी ने बताया कि लंदन, दुबई और भारत के विभिन्न शहरों में स्थित ये संपत्तियां जेट एयर प्राइवेट लिमिटेड और जेट एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड जैसी विभिन्न कंपनियों, गोयल, उनकी पत्नी अनीता और बेटे निवान के नाम पर हैं। ईडी ने गोयल (74) को एक सितंबर को गिरफ्तार किया था और



एजेंसी ने मंगलवार को मुंबई में विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

## बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 284 अंक टूटा

**मुंबई।** विदेशी पूंजी की निकासी और फेडरल रिजर्व की बैठक के पहले निवेशकों के सतर्क रुख के बीच बुधवार को स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और दोनों मानक सूचकांक करीब आधा प्रतिशत तक गिर गए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 283.60 अंक यानी 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 63,591.33 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 324.47 अंक तक गिरकर 63,550.46 अंक पर आ गया था। निफ्टी भी 90.45 अंक यानी 0.47 प्रतिशत कमजोर होकर 19,000 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 18,989.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, नेस्ले, मारुति सुजुकी, जेएसडब्ल्यू स्टील, एनटीपीसी और लार्सन एंड टुब्रो में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ सन फार्मा, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक और भारती एयरटेल के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की एवं चीन का शंघाई कम्पोजिट चढ़कर बंद हुए जबकि हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट पर रहा।

## प्रधानमंत्री मोदी को मिले उपहारों की ई-नीलामी की अवधि 15 नवंबर तक बढ़ी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिले उपहारों की ई-नीलामी की अंतिम तिथि आगे बढ़ा दी गई है। अब लोग 15 नवंबर तक इन उपहारों की ई-नीलामी में हिस्सा ले सकते हैं और अपने मनपसंद स्मृति चिह्नों पर बोली लगाकर उसे अपना बना सकते हैं। पहले इसकी अंतिम तारीख 31 अक्टूबर रखी गई थी। संस्कृति मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि इस ई-नीलामी में हमारी समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करने वाली कलाकृतियों का एक अनूठा संग्रह है। ई-नीलामी 02 अक्टूबर से शुरू हुई थी, जिसकी अंतिम तारीख अब 15 नवंबर तक बढ़ा दी गई है। यह ई-नीलामी सफल नीलामियों की श्रृंखला का 5वां संस्करण है, जिनमें पहला




संस्करण जनवरी 2019 में आयोजित हुआ था। उल्लेखनीय है कि पिछले 4 संस्करणों में 7000 से ज्यादा वस्तुओं को ई-नीलामी के लिए रखा गया था और इस बार ई-नीलामी के लिए 912 वस्तुएं हैं। केंद्र सरकार की यह प्रमुख पहल राष्ट्रीय नदी गंगा को संरक्षित करने, बहाल करने और इसकी संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

## यूएइ में जल्द खुलेगा सीबीएसइ का दफ्तर

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को बताया कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) जल्द संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अपना कार्यालय खोलेगा। मंत्री ने यह घोषणा अबू धाबी की तीन-दिवसीय यात्रा के दौरान की।

प्रधान ने अबू धाबी में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि यूएई-भारत के रिश्ते आज बहुत अच्छी स्थिति में हैं। रणनीतिक साझेदारी में, विशेषकर शिक्षा और कौशल में, भारत और यूएई के बीच मजबूत संबंध हैं। यूएई में आईआईटी की शाखा भी खोल रहे हैं। भारत के कई प्रमुख विश्वविद्यालय पहले ही यहां कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में और भी विश्वविद्यालय आ सकते हैं।

## अक्षरा सिंह का गाना यूपी बिहार लूटने... रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के मशहूर गानायूपी बिहार लूटने... को भोजपुरी में रीक्रिएट किया गया है। यह गाना रिलीज होते ही वायरल हो रहा है। इस गाने को मशहूर बॉलीवुड कोरियोग्राफर मुद्दसर खां ने सुपर स्टार अक्षरा सिंह को लेकर रीक्रिएट किया है। गाने की मेकिंग बेहद अलग अंदाज में हुई है। इस डांसिंग गाने ने रिलीज होने के साथ ही धमाल मचा दिया है। अक्षरा सिंह पर फिल्माए इस गाने को टी-सीरिज हमार भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस गाने में मुद्दसर खां ने अक्षरा सिंह को धांसू लुक दिया है, जिसे खूब पसंद भी किया जा रहा है। दरअसल, साल 1999 में आई फिल्म शूल का चार्ट बस्टर गाना



यूपी बिहार लूटने... ने धूम मचा दी थी। इस गाने में तब शिल्पा शेट्टी का जादू खूब देखने को मिला था और अब शुरूआती रुझान में वही जादू अक्षरा सिंह से भी देखने को मिल रहा है। गाना यूपी बिहार लूटने... को लेकर अक्षरा सिंह ने कहा कि इस गाने को लेकर मैं बेहद खुश हूं। हमने एक सुपर हिट गाने को रीक्रिएट किया है, तो इसको लेकर एक चैलेंज भी था, लेकिन मुद्दसर खान की टीम के साथ मिलकर हमने अपना बेस्ट देने की कोशिश की है। उम्मीद है दर्शकों को पसंद आएगा। अक्षरा ने इस गाने को लेकर अपने इंस्टाग्राम पर लिखा कि अब इंतजार खत्म हुआ और अब यह आपकी डांसिंग स्पिरिट धुन को प्रज्ज्वलित करने के लिए तैयार हैं। अक्षरा सिंह ने इस गाने को लेकर एक और पोस्ट लिखा, जिसमें उन्होंने कहा कि गाना अब यूट्यूब पर आ गया है, अपना प्यार दें। आशा है कि आप सभी को ह्ययूपी बिहार लूटने... का नया अनुभव पसंद आएगा। गाने की पूरी टीम को धन्यवाद जिन्होंने मुझे बेहतर करने में मदद की।

## मप्र में मुख्यमंत्री का फैसला संसदीय बोर्ड करेगा : रविशंकर

**ग्वालियर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी का संसदीय बोर्ड इस बात पर फैसला करेगा कि 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद मध्य प्रदेश का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा।

भाजपा ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए तीन केंद्रीय मंत्रियों - नरेंद्र सिंह तोमर, फग्गन सिंह कुलस्ते और प्रहलाद पटेल और पार्टी के महासचिव कैलाश विजयवर्गीय सहित सात लोकसभा सदस्यों को मैदान में उतारने का कदम उठाया है। इससे संकेत मिलता है कि मुख्यमंत्री पद के लिए भाजपा ने विकल्प खुले रखे हैं।

## एक नजर में

### अमृतसर में पाकिस्तानी ड्रोन बरामद



**जालंधर ।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से पंजाब के जिला अमृतसर में एक पाकिस्तानी ड्रोन की बरामद किया गया। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि बीएसएफ और पंजाब पुलिस के जवानों ने एक सूचना के आधार पर अमृतसर के गांव महवा के बाहरी इलाके में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया था। उन्होने बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान सुबह करीब 10 :30 बजे ग्राम महवा से सटे खेत से एक ड्रोन बरामद किया गया। बरामद ड्रोन एक क्वाडकॉप्टर (मॉडल - डीजेआई माविक 3 क्लासिक, चीन में निर्मित) है।

### आतंकी हमले की आशंका, कश्मीर में हाई अलर्ट

**श्रीनगर।** घाटी में आतंकवादी हमले के हालिया मामलों के मद्देनजर पूरे कश्मीर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हालिया आतंकी हमलों में एक पुलिसकर्मी और एक प्रवासी मजदूर की मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक, सुरक्षाबलों ने घाटी के अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ यहां शहर के कई हिस्सों में वाहनों और आने-जाने वाले लोगों की जांच और तलाशी भी तेज कर दी है। उन्होंने बताया कि शहर के सभी मुख्य चौराहों, सभी प्रवेश व निकास स्थानों, जिला मुख्यालय जाने वाली प्रमुख सड़कों पर नाकाबंदी और जांच चौकियां स्थापित की गई हैं। अधिकारियों ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के कर्मियों को संवेदनशील स्थानों, विशेष रूप से अल्पसंख्यक आबादी वाले क्षेत्रों के आस-पास तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि सुरक्षाबल उन इलाकों में रात के वक्त भी कड़ी नजर रखे हुए हैं, जहां प्रवासी मजदूर रहते हैं।

### फिरोजपुर में गैंगस्टर की गोली मारकर हत्या

**फिरोजपुर।** पंजाब के फिरोजपुर जिले में कुछ अज्ञात हमलावरों ने एक गैंगस्टर की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि गुरप्रीत सिंह उर्फ लाडी नामक गैंगस्टर की हत्या मंगलवार को यहां एक रेलवे क्रॉसिंग के पास की गई। पुलिस ने बताया कि उसके सिर में गोली लगी थी।

### बरेली में गैस प्लांट में रिसाव से एक की मौत

**बरेली।** बरेली जिले के बिथरी चैनपुर क्षेत्र में एक निजी बायोगैस प्लांट में गैस का रिसाव होने के कारण एक मजदूर की मौत हो गयी तथा चार अन्य बेहोश हो गए। जिला प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दिये हैं। उपजिलाधिकारी (सदर) रतनिका श्रीवास्तव ने बुधवार को बताया कि बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के भोजपुर रामनाथ गांव में एक निजी बायोगैस प्लांट में मंगलवार देर रात अचानक गैस का रिसाव शुरू हो गया।

### लैपटॉप आयात को सरकार ने दी मंजूरी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने लैपटॉप, कंप्यूटर और अन्य आईटी हार्डवेयर उत्पादों के आयात की मंजूरी के लिए अबतक मिले 111 आवेदनों में से लगभग 110 को मंजूरी दे दी है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। आयात की मंजूरी पाने वाली कंपनियों में डेल इंटरनेशनल सर्विसेज इंडिया, एपीएल इंडिया, एचपी इंडिया सेल्स प्राइवेट लिमिटेड, लेनोवो (इंडिया), आसुस इंडिया, आईबीएम इंडिया, सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स, शाओमी टेक्नोलॉजी इंडिया, सिस्को कॉमर्स इंडिया, सीमेंस लिमिटेड और बॉश लिमिटेड शामिल हैं।

### अक्टूबर में जीएसटी कलेक्शन 13 % बढ़ा

**नयी दिल्ली।** जीएसटी संग्रह अक्टूबर में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह जीएसटी संग्रह का दूसरा सबसे ऊंचा मासिक आंकड़ा है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक साल पहले अक्टूबर, 2022 में जीएसटी संग्रह 1.52 लाख करोड़ रुपये रहा था। मंत्रालय ने बयान में कहा कि अक्टूबर, 2023 के लिए जीएसटी राजस्व अप्रैल, 2023 के बाद दूसरा सर्वाधिक आंकड़ा है। अप्रैल, 2023 में जीएसटी संग्रह 1.87 लाख करोड़ रुपये रहा था। वित्त वर्ष 2023-24 में औसत मासिक जीएसटी संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपये रहा है। यह पिछले साल की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है।

### बांग्लादेश ने लांच किया स्थानीय मुद्रा कार्ड

**ढाका।** बांग्लादेश ने कैशलेस सोसायटी के निर्माण के अपने प्रयासों के तहत बुधवार को देश में पहला स्थानीय मुद्रा कार्ड टका पे लांच किया। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बुधवार को ढाका में अपने आधिकारिक आवास गणभवन से 'टका पे' का उद्घाटन किया। यह कार्ड केंद्रीय बैंक के सहयोग से राज्य के मालिकाना हक वाले सोनाली बैंक, निजी मालिकाना हक वाले सिटी बैंक और ब्रैक बैंक द्वारा जारी किया जाएगा।

Rinku
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
DEALS IN
YAMAHA AHUJA BOSS CASIO KORG
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandir, Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Ph.: 72509-33033 | M.: 98351-64815

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# अमृतकाल और अखंड भारत का प्रतिबिंब



जी. किशन रेड्डी

**(लेखक, केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास, पर्यटन एवं संस्कृतिमंत्री हैं।)**

लाल किले की प्राचीर से 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था- 'यह देश प्राचीन सांस्कृतिक विरासत की ऐसी आधारशिला पर बना है, जहां वैदिक काल में हमें केवल एक ही मंत्र बताया जाता थाङ्गजिसे हमने सीखा है, जिसे हमने याद किया हैङ्ग'संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।' अर्थात हम साथ चलते हैं, हम साथ आगे बढ़ते हैं, हम साथ मिलकर सोचते हैं, हम मिलकर संकल्प लेते हैं और हम साथ मिलकर इस देश को आगे ले जाते हैं। प्रधानमंत्री ने तब एक ऐसे भारत के लिए अपना दृष्टिकोण अर्थपूर्ण तरीके से सामने रखा जिसमें प्रत्येक भारतीय का साझा लक्ष्य था। उन्होंने ऐसे भविष्य का संकेत दिया था, जहां जनभागीदारी सबसे मजबूत हथियार के रूप में और विश्व गुरु के रूप में सत्ता के शिखर पर उभरेगी।

इसके बाद प्रधानमंत्री ने कैलेंडर पर एक महत्वपूर्ण तिथि अंकित की 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में 31 अक्टूबर। यह भारत के लौह पुरुष और देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत के प्रति एक श्रद्धांजलि है। इसका मतलब सिर्फ एक तारीख से कहीं अधिक है। इसने सरदार पटेल परिकल्पित एकता और अखंडता के सार को फिर जागृत करने की पवित्र प्रतिबद्धता को मूर्त रूप दिया। यह उनके दिखाए रास्ते पर चलने का एक वादा था तथा एकजुटता और सामूहिक प्रयासों के शाश्वत मूल्यों पर आगे बढ़ने की प्रतिज्ञा थी। एक दशक बाद आज हमने फिर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया। इसी के साथ भारत ने एकता के स्थायी सिद्धांत और सहयोग की मजबूत ताकत से आलोकित पथ पर की गई उल्लेखनीय यात्रा को पुनर्जीवित किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोक-केंद्रित शासन के लोकाचार के तहत, भारत विश्व का एक अग्रणी देश बन गया है। आज का भारत 2023 में 3.75 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ,2004-2014 के ₹खोए हुए दशक₹ से उबरते हुए तेजी से चमक रहा है। यह जानना दिलचस्प है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, वार्षिक वित्तीय बजट मात्र एक वित्तीय रूपरेखा से परिवर्तित होकर एक गतिशील नीति दस्तावेज बन चुका है। यह लोगों की आकांक्षाओं पर आधारित है।




हमारी उल्लेखनीय वृद्धि ने राष्ट्रीय गौरव, नवीनीकृत गरिमा और साझा स्वामित्व की भावना को जागृत किया है। लोगों ने सरकार पर भरोसा जताते हुए व्यापक विकास को गति दी है। 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत लगभग 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं तथा खुले में शौच की प्रथा की समाप्त हुई है। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत लड़कियों के अधिकारों को प्रोत्साहन दिया गया है। और 'गिव इट अप' अभियान के अंतर्गत एक करोड़ से अधिक परिवारों ने कम विशेषाधिकार प्राप्त लोगों का समर्थन करने के लिए स्वेच्छा से एलपीजी सब्सिडी छोड़ दी है। यह 'जनभागीदारी' और 'राष्ट्रीय एकता' के कुछ शानदार उदाहरण हैं। 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' ने हमारी भारतीयता को पुनर्जीवित किया है। इससे एक राष्ट्रव्यापी लोकप्रिय भागीदारी-केन्द्रित अभियान की शुरूआत हुई है। हमने अपने एमएसएमई को बढ़ावा दिया, युवा उद्यमिता को प्रेरित किया और भारत के अद्वितीय कौशल और प्रचुर संसाधनों का लाभ उठाया। भारत ने 2014 के बाद से खुद को इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण में 300 प्रतिशत की वृद्धि के साथ एक शुद्ध आयातक से एक प्रमुख वैश्विक मोबाइल फोन निमार्ता के रूप में स्थापित किया है। भारत के पास अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको सिस्टम है। पेटेंट आवेदनों की संख्या में तेज वृद्धि दर्ज की गई है और वित्त वर्ष 2022-23 में 448 बिलियन डॉलर के मूल्य का रिकॉर्ड माल निर्यात हुआ है।

'डिजिटल इंडिया' कार्यक्रम डिजिटल क्रांति का प्रतिनिधित्व करता है, जो 'कैशलेस' अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ने का एक अभियान है। यह कार्यक्रम आम नागरिकों के साथ सरकार की सहयोग आधारित साझेदारी को रेखांकित करता है तथा डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देता है। फिनटेक को अपनाने की 87 प्रतिशत की दर के साथ भारत आज दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल बाजारों में से एक है, जो दुनिया के औसत 64 प्रतिशत से बहुत अधिक है।

2014 के बाद से, भ्रष्टाचार विरोधी अभियान एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में उभरा है। 2015 से 2022 तक, जेएएम (जन धन, आधार और मोबाइल फोन) के माध्यम से 2.73 लाख करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि अंतरित की गई, जिससे नकली लाभार्थी उजागर हुए और वितरण प्रणाली में लीकेज को रोका गया, जो 2014 से पहले बड़े पैमाने पर मौजूद थे। कोविड-19 महामारी के दौरान, भारत की एकजुटता और जनभागीदारी एक बार फिर उजागर हुई। प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता ने देश को निवारक उपायों को तेजी से लागू करने के लिए प्रेरित किया। सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए कोविड योद्धा उभरकर सामने आए और महामारी का मुकाबला करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बाद, वैक्सीन के तेजी से हुए टीकाकरण ने एक सशक्त भारत का प्रदर्शन किया, जो आत्मरक्षा में सक्षम है और विश्व को समर्थन भी प्रदान कर रहा है।

भारत की जी-20 अध्यक्षता ने अपने एक करोड़ से अधिक नागरिकों के समर्थन से आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से, ₹राष्ट्रीय एकता₹ का प्रदर्शन किया। शिखर सम्मेलन ने वैश्विक शासन को फिर से स्वरूप प्रदान करने तथा ₹लोगों की जी-20₹ में समावेश और जन-केंद्रित नेतृत्व को सुनिश्चित करने के लिए भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा और ₹वसुधैव कुटुंबकम की पुष्टि की।

राष्ट्रीय एकता दिवस₹ केवल एक स्मरणोत्सव नहीं है; यह लोगों को सशक्त बनाने और पुरानी प्रथाओं से मुक्ति दिलाने वाला एक गहन दर्शन है। यह व्यावहारिक लोकतंत्र है, जो मां भारती के विशाल भू-सांस्कृतिक-राजनीतिक परिदृश्य के भव्य एकीकरण से संबंधित सरदार पटेल के दृष्टिकोण के अनुरूप है। प्रत्येक आवाज को शासन में एकीकृत करने से जुड़ा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आह्वान इसी भावना को दशार्ता है। यह राष्ट्रीय गौरव और एक विविध राष्ट्र को एकजुट करने से संबंधित है। यह सरदार पटेल के अखंड भारत के सपने को प्रतिबिंबित करता है। प्रत्येक नागरिक की भागीदारी हमारे भाग्य को आकार देती है तथा समावेश, विविधता और सामूहिक शक्ति का पोषण करती है। इस राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सच्चे लोकतंत्र का आधार बनकर अमृतकाल के आशा से भरे युग में प्रवेश कर गया है।

## बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भारत की क्रांति

सुधांशु कुमार

**सड़क**, रेलवे, विमानन और जलमार्ग सहित भारत के परिवहन नेटवर्क में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और इसका देश के आर्थिक विकास पर व्यापक प्रभाव हो रहा है। मल्टी-मॉडल बुनियादी ढांचे के विकास हेतु महत्वाकांक्षी पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टरप्लान से प्रेरित, नई सड़कें व रेलवे भारत को वर्तमान में 3.74 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था (आईएमएफ, 2023) से आगे बढ़कर 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की अपनी महत्वाकांक्षा को साकार करने में मदद करेंगे।

**सड़कों के नेटवर्क में सुधार**

कुल 6.37 मिलियन किलोमीटर से अधिक लंबाई वाली सड़कों के साथ भारत में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क है। हाल के वर्षों में, राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण की गति में काफी तेजी



आई है और यह 2014-15 में औसतन 12 किलोमीटर प्रति दिन से बढ़कर 2021-22 में लगभग 29 किलोमीटर प्रति दिन हो गई है। राजमार्गों की कुल लंबाई 2014 में 97,830 किलोमीटर से बढ़कर आज 145,155 किलोमीटर हो गई है। यही नहीं, पिछले नौ वर्षों के दौरान, भारत के विभिन्न गांवों को हर मौसम में आवागमन लायक सड़कों से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 3.5 लाख किलोमीटर से अधिक लंबाई वाली ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया है। सड़कों से संबंधित बुनियादी ढांचे के लिए सरकार का बजटीय समर्थन तेजी से बढ़ा है, जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 1.4 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। अटल सुरंग, ढोला-सदिया पुल और चिनाब नदी पुल जैसी रणनीतिक परियोजनाओं, जिनमें से कुछ कई वर्षों से लंबित थीं, को युद्धस्तर पर पूरा करना सरकार के समावेशी शासन और देश के सबसे दूर-दराज व दुर्गम इलाकों में कनेक्टिविटी प्रदान करने के प्रति उसकी वचनबद्धता का प्रमाण है।

**रेलवे में क्रांतिकारी बदलाव**

भारतीय रेलवे का पर्याप्त आधुनिकीकरण और विस्तार हुआ है। पिछले चार वर्षों के दौरान रेलवे के बुनियादी ढांचे पर होने वाले पूंजीगत व्यय में लगातार वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 2.5 लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है, जोकि पिछले वर्ष की तुलना में 29 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। रेलवे की पटरियों के विद्युतीकरण में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जो पिछले नौ वर्षों में 37,011 रूट किलोमीटर तक पहुंच गई है। इसके अलावा, 4 मार्च 2022 को, भारतीय रेलवे को शून्य दुर्घटना का लक्ष्य हासिल करने में मदद करने के उद्देश्य से डिजाइन की गई एक अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली कवच ??का सफल परीक्षण किया गया। स्वदेशी तरीके से डिजाइन की गई वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत, जो अभी 25 मार्गों पर चल रही हैं, और इसके क्रमिक विस्तार से उच्च गति वाली रेल यात्रा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का पता चलता है। जापान के सहयोग से मुंबई और अहमदाबाद के बीच चल रहे हाई-स्पीड लाइन के निर्माण और माल ढुलाई हेतु नए गलियारों के विकास से कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा, यात्रा में लगने वाला समय कम होगा और कुशलता के साथ माल व यात्रियों की आवाजाही की सुविधा हासिल

## भारतीय कारीगरों द्वारा खादी के चरखे पर बुनी क्रांति

दिलीप कुमार

पिछले 9 सालों में, भारतीय कारीगरों द्वारा खादी के चरखे पर बुनी गई क्रांति को पूरी दुनिया देख रही है। 'आत्मनिर्भर भारत' नाम की यह क्रांति भारतीयों के भावनात्मक मूल्यों को दशार्ती है । यह स्वदेशी निर्मित वस्तुओं की आवश्यकता और महत्व का प्रतीक है। वर्तमान में ह्यखादीह्न हमारे राष्ट्र की प्रगति का अभिप्राय बन गई है।

खादी उद्योग, भारत के सबसे प्रमुख पारंपरिक उद्योगों में से एक है। यह उद्योग न केवल कारीगरों के लिए बिक्री और रोजगार के अवसरों को सृजित करता है, बल्कि निर्यात क्षमता, जीडीपी को भी मजबूत करता है। साथ ही ग्रामीण विकास और उद्यमिता को भी बढ़ावा देता है।

आर्थिक विकास

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने भारत में सर्वश्रेष्ठ एफएमसीजी कंपनियों के कारोबार को भी पार कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निरंतर समर्थन के कारण, केवीआईसी ने पहली बार 2022-23 में 1.34 लाख करोड़ रुपये का कारोबार किया है। देश में वर्ष 2013-14 में खादी और ग्रामोद्योग (केवीआई) उत्पादों का कारोबार 31,154 करोड़ रुपये था।

2013-14 से 2022-23 तक कारीगरों द्वारा निर्मित स्वदेशी खादी उत्पादों की बिक्री में 332% की अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। पिछले 9 वर्षों में खादी वस्त्रों के उत्पादन में ऐतिहासिक बढ़ोतरी देखने को मिली है। वर्ष 2013-14 में खादी का उत्पादन 811 करोड़ रुपये था, 260% की उछाल के साथ



2022-23 में 2916 करोड़ रुपये के आंकड़े को छू गया है। 2013-14 से 2022-23 के बीच खादी वस्त्रों की मांग भी तेजी से बढ़ी है। 2013-14 में जहां इसकी बिक्री महज 1081.04 करोड़ रुपये थी, वहीं वर्ष 2022-23 के दौरान यह 450% बढ़कर 5942.93 करोड़ रुपये के आंकड़े को छू गई है।

खादी वस्त्रों के उत्पादन और बिक्री में हो रही वृद्धि का लाभ इस क्षेत्र से जुड़े कामगारों को भी मिल रहा है। 2013-14 के बाद से उनके पारिश्रमिक में 150% से अधिक की वृद्धि हुई है। इन कामगारों व बुनकरों के निरंतर प्रयासों और कड़ी मेहनत के कारण खादी क्षेत्र में यह उल्लेखनीय प्रगति संभव हुई है ।

ग्रामीण उद्योगों और सामुदायिक विकास सशक्त बनाती खादी

देश को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य को पूरा करने में ग्रामीण पुनरोद्धार आवश्यक भूमिका निभाता है। बीते 9 वर्षों में इस क्षेत्र से जुड़े कारीगरों को डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई वित्तीय सहायता, चरखा और करघे जैसी मौजूदा बुनियादी सुविधाओं का आधुनिकीकरण, डिजिटलीकरण, अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के माध्यम से नई प्रौद्योगिकी और डिजाइनों के विकास में काफी वृद्धि हुई है। भारत सरकार के इन महत्वपूर्ण प्रयासों ने खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों के विकास में अहम योगदान दिया है। केवीआईसी ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए 2021 में एक सरकारी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ीड्ढँकिर्ल्र्ीट्ट्ठ्ठ का अनावरण किया, जो 50,000 से अधिक उत्पादों को प्रदर्शित करता है ।

देश में ग्रामीण पारंपरिक उद्योगों को बढ़ावा देने, विकसित करने और मजबूत करने के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने कई अन्य पहल की है, उदाहरणार्थ केवीआईसी अपने ग्रामोद्योग कार्यक्रम के माध्यम से शहद और मधुमक्खी पालन, ताड़ के गुड़, मिट्टी के बर्तन, हस्तनिर्मित कागज और चमड़ा उद्योग, ग्रामीण इंजीनियरिंग आदि जैसे विभिन्न ग्रामीण उद्योगों में प्रशिक्षण प्रदान करने, आय बढ़ाने और आजीविका के अवसरों में सुधार करने के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर रहा है। इसके अलावा ग्रामीण महिलाओं को कार्यक्षेत्र में अग्रणी बनाने हेतु सिलाई मशीन प्रदान करने के साथ-साथ सिलाई प्रशिक्षण की व्यवस्था भी करता है। वर्ष 2013-14 से अब तक देश भर में 7.43 लाख लोगों को प्रशिक्षित किया गया है और कारीगरों को जरूरत आधारित टूल किट उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा, ₹वोकल फॉर लोकल₹ की अपील ने खादी को देश और विदेश में लोकप्रियता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना

पिछले कुछ वर्षों में, केवीआईसी का मुख्य ध्येय कारीगरों और बेरोजगार युवाओं के लिए स्थायी रोजगार के अवसर सृजित करना रहा है । इसी प्रकार केवीआईसी ने वर्ष 2013-14 में सृजित 5 .6 लाख नये रोजगार अवसरों की तुलना में 2022-23 में कुल 9.5 लाख रोजगार के अवसर सृजित कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है ।

यही नहीं, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अंतर्गत, देश के युवाओं को स्वदेशी अभियान से जोड़कर राष्ट्र ने एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। पीएमईजीपी की 80% से अधिक इकाईयां ग्रामीण ईलाकों में स्थापित की जाती हैं, जिनमें से 50% से अधिक ईकाइयों का नेतृत्व अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों द्वारा किया जाता है। इससे देश में महिला सशक्तिकरण और महिला उद्यमियों को बल मिला है।

पीएमईजीपी के तहत, 2022-23 के दौरान 8.69 लाख नई परियोजनाओं की शुरूआत करके कुल 73.67 लाख लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं, जिसमे 2008-09 से 2022-23 तक 21870.18 करोड़ रुपये की कुल मार्जिन मनी सब्सिडी वितरित की गयी है। इसके अलावा, केवीआईसी अपने प्रशिक्षण केन्द्रों और अन्य संवर्धनात्मक स्कीमों के माध्यम से बेरोजगार युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम (एसडीपी) और उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम (ईएपी) आयोजित करता है ताकि पारंपरिक उद्योगों में स्व-रोजगार के अवसर तैयार किए जा सकें।

## भारत का यूपीआई :एक विश्वस्तरीय अग्रणी डिजिटल भुगतान प्रणाली

प्रशांत झा

**हाल** के वर्षों में यदि किसी भारतीय नवाचार ने वैश्विक स्तर पर सुर्खियां बटोरी हैं, तो वह निस्संदेह यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) भुगतान प्रणाली है। आज, भारत में किए जाने वाले कुल भुगतानों में से 40 प्रतिशत से अधिक भुगतान डिजिटल माध्यम से किए जाते हैं। इन डिजिटल भुगतानों में यूपीआई की हिस्सेदारी सबसे अधिक है, जिसका उपयोग 30 करोड़ से अधिक व्यक्ति और पांच करोड़ से अधिक व्यापारी करते हैं।




यूपीआई का उपयोग रेहड़ी-पटरी वालों से लेकर बड़े शॉपिंग मॉल तक सभी स्तरों पर किया जाता है। वर्ष 2022 के आंकड़ों के अनुसार, आज भारत दुनिया में सबसे अधिक डिजिटल लेनदेन करने वाला देश है। वैश्विक स्तर पर होने वाले डिजिटल लेन-देन में भारत की हिस्सेदारी लगभग 46 प्रतिशत है। भारत के बाद ब्राजील, चीन, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया जैसे देश आते हैं। वर्ष 2016 में मात्र दस लाख लेनदेन से आगे बढ़ते हुए यूपीआई ने अब तक 10 बिलियन (1,000 करोड़) लेनदेन का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है।

यूपीआई से जो सबसे बड़ा बदलाव आया है, वह भारतीयों के लेन-देन के तरीकों से संबंधित है। ग्लोबल डेटा रिसर्च के अनुसार, 2017 में लेनदेन की कुल मात्रा में नकद की हिस्सेदारी 90 प्रतिशत थी जो अब घटकर 60 प्रतिशत से भी कम रह गई है। वर्ष 2016 में 500 रुपये और 1000 रुपये के नोट बंद होने के छह महीने के भीतर, यूपीआई पर कुल लेन-देन की मात्रा 2.9 मिलियन से बढ़कर 72 मिलियन हो गई। वर्ष 2017 के अंत तक, यूपीआई लेनदेन पिछले वर्ष की तुलना में 900 प्रतिशत बढ़ गया और तब से इसने अपने विकास की गति जारी रखी हुई है।

यूपीआई अविश्वसनीय रूप से उपयोगकर्ता के अनुकूल है। यह उपयोगकताओं को वर्चुअल पेमेंट एड्रेस (वीपीए) का उपयोग कर-के सरल तरीके से भुगतान की सुविधा देता है, जिससे संवेदनशील बैंक विवरण साझा करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। यह प्रक्रिया उतनी ही सरल है जितना स्मार्टफोन पर टेक्स्ट मैसेज भेजना। इसका असर सुविधा मिलने के अलावा, वित्तीय समावेशन में योगदान, पारदर्शिता और अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में कमी तक हुआ है।

यूपीआई की वृद्धि ने न केवल भुगतान के लिए नकदी का बड़े पैमाने पर उपयोग कम कर दिया है, बल्कि डिजिटल भुगतान की अन्य विधियों का भी स्थान ले लिया है। उदाहरण के लिए, मर्चेंट भुगतान के लिए डेबिट कार्ड का उपयोग साल-दर-साल कम हो रहा है, और यूपीआई ने आज प्रीपेड वॉलेट तक पहुंच स्थापित करने का तरीका भी बदल दिया है। जैसे-जैसे यूपीआई का विस्तार और परिवर्तन जारी रहेगा, यह भारत के डिजिटल भविष्य को आकार देने में और भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

हालांकि, डिजिटल भुगतान प्रणाली की सफलता न केवल डिजिटल भुगतान बुनियादी ढांचे की मजबूती में निहित है, बल्कि व्यवहारिकता में भी है जिसने लोगों को नकदी से डिजिटल की ओर जाने के लिए प्रोत्साहित किया। किसी भी व्यवहारिक परिवर्तन की तरह, इसे ज्ञान आधारित नवाचारों के माध्यम से व्यवस्था की विश्वसनीयता और पहुंच पर आधारित होना चाहिए जो इसके मुख्य समूह की प्रासंगिकता सुनिश्चित करता है। इनमें भुगतान ऐप्स द्वारा प्रदान किए गए छोटे वॉयस बॉक्स और दिलचस्प नए नवाचार शामिल हैं, जहां सिरी जैसी आवाज बताती है कि क्यूआर कोड द्वारा प्रत्येक भुगतान के साथ तत?काल कितनी राशि प्राप्त हुई है। इससे छोटे व्यापारियों और रेहड़ी-पटरी वालों के बीच अविश्वास को पाटने में मदद मिली है, जो लंबे समय से नकद लेन-देन के आदी थे।

डिजाइन का एक अन्य प्रमुख कार्य ग्राहक को यूपीआई के लिए सेवा प्रदाता का विकल्प प्रदान करना है, भले ही ग्राहक का खाता किसी भी बैंक में हो। पसंद के अधिकार का अर्थ है कि ग्राहक भुगतान के लिए यूपीआई तक पहुंचने के लिए अपना पसंदीदा भुगतान ऐप चुन सकते हैं।

यूपीआई के साथ रुपे क्रेडिट कार्ड को जोड़ना डिजिटल भुगतान परिदृश्य में एक क्रांतिकारी कदम है, जो उपभोक्ताओं को क्रेडिट कार्ड और यूपीआई दोनों के लाभ देता है। यूपीआई लेनदेन के लिए क्रेडिट कार्ड द्वारा दी जाने वाली अल्पकालिक क्रेडिट सुविधा का लाभ उठाकर, कार्डधारक अब अपने बचत खातों से धनराशि निकालने के बजाय अपनी क्रेडिट लाइनों का उपयोग कर-के भुगतान शुरू कर सकते हैं।

भारत का सुदृढ़ डिजिटल भुगतान इकोसिस्टम दुनिया भर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। स्थानीय स?तर पर यूपीआई की सफलता के बाद, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने भुगतान प्रणाली को देश के बाहर ले जाने के लिए 2020 में एनआईपीएल (एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड) नामक शाखा की स्थापना की। उसके बाद से एनआईपीएल और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भारत की सीमाओं के पार यूपीआई-आधारित लेनदेन का विस्तार करने के लिए 30 से अधिक देशों में वित्तीय संस्थाओं के साथ समझौते किए हैं। हाल ही में, फ्रांस, संयुक्त अरब अमीरात और श्रीलंका भी यूपीआई गतिविधि में सम्मिलित हो गए। फ्रांस में यूपीआई का प्रवेश महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ है, जिसकी बदौलत उसको यूरोप में पहली बार पैर जमाने में मदद मिल रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ब्रिक्स समूह में यूपीआई के विस्तार की वकालत की है, जिसमें अब छह नए सदस्य देश हैं।

2016 में साधारण आरंभ के बाद, आज यूपीआई का अभूतपूर्व रूप से उपयोग करने और उसकी स्वीकार्यता अपने आप में एक अनूठी दास्तान बन चुकी है, जो अपने दायरे और प्रभाव के संदर्भ में बेजोड़ है।